

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी



आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 02, अंक : 46 | रांची, शनिवार, 25 जनवरी 2025 (माघ कृष्ण 12, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये | email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com


## दुमका के शुभम व रीना को पीएम मोदी करेंगे सम्मानित

- गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने के लिए दोनों दिल्ली रवाना

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**दुमका।** झारखंड के दुमका जिले के बांडपाड़ा निवासी शुभम गोराई और जरमुंडी प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविका रीना कुमारी देवी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्मानित करेंगे। उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए उन्हें सम्मानित करने के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय से बुलावा आया है। दोनों इस सम्मान से काफी उत्साहित दिखे और अपने पुरस्कार प्राप्त करने के लिए गणतंत्र दिवस अतिथि के रूप में दिल्ली रवाना हुए।

### क्या कहते हैं शुभम गोराई



दुमका जिले के शुभम गोराई को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उत्कृष्ट और सफल प्रशिक्षु के रूप में प्रधानमंत्री ने गणतंत्र दिवस दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय समारोह में बतौर अतिथि आमंत्रित किया है। शुभम ने प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अपना करियर शुरू किया है। वे दुमका के बांधपाड़ा मोहल्ले के रहने वाले हैं। वे 26 जनवरी के राष्ट्रीय समारोह में अतिथि के रूप में शामिल होने का अवसर पाकर बेहद खुश हैं। शुभम बताते हैं कि बीते साल अप्रैल में ही उन्होंने दुमका के आदित्य नारायण कॉलेज से स्नातक किया है। उसके बाद उन्होंने सौर ऊर्जा प्रणालियों की योजना बनाने, डिजाइन करने और विश्लेषण करने में 1 वर्ष का अनुभव प्राप्त किया है। सौर ऊर्जा परियोजना प्रबंधन में उन्होंने खुद को सिद्ध किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री सौर घर योजना के तहत कारोबार शुरू किया और आज वे अपनी अलग पहचान रखते हैं। उन्होंने इस सम्मान के लिए केंद्र सरकार के प्रति आभार जताया है।

### क्या कहती हैं रीना देवी



दुमका जिले के जरमुंडी प्रखंड के खरसुंडी आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका रीना देवी को महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए 26 जनवरी को राष्ट्रीय कार्यक्रम में बतौर अतिथि आमंत्रित किया गया है। रीना देवी बताती हैं कि मुझे मेरे अच्छे काम के लिए प्रधानमंत्री के यहां दिल्ली से बुलावा आया है। मैं 26 जनवरी के कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाग लेने दिल्ली जा रही हूं। यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है, मेरे काम को बड़ा सम्मान है और मेरे उस क्षेत्र का बड़ा सम्मान है, जहां मैं काम करती हूं। रीना देवी कहती हैं कि मैंने हमेशा यह कोशिश की है, कि आंगनबाड़ी सेविका के रूप में जो मेरा दायित्व है, उसको मैं ठीक-ठाक पूरा करूं। मैंने समर्पित भाव से काम किया है। उन्होंने कहा कि पोषक क्षेत्र में कोई बच्चा, कोई गर्भवती या कोई धात्री महिला टीकाकरण या पोषण से वंचित नहीं रहे। इसके लिए मैंने दिन रात मेहनत की है। उसी का परिणाम है कि आज मुझे यह बड़ा सम्मान मिला है। पुरस्कार प्राप्त करने के लिए दोनों दिल्ली रवाना हो गए हैं।

## सीएम हेमंत दुमका में करेंगे झंडोत्तोलन परेड का हुआ फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**दुमका।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की उपराजधानी दुमका के पुलिस लाइन मैदान में झंडोत्तलन करेंगे। इस अवसर पर आयोजित होने वाली परेड का शुक्रवार को फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया।

25 जनवरी को होगा सीएम का आगमन : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गणतंत्र दिवस के अवसर पर यहां आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने अच्छी तैयारी की है। अपने दो दिवसीय कार्यक्रम को लेकर 25 जनवरी की शाम वो दुमका पहुंचेंगे और उसी शाम वे दुमका की मयूराक्षी नदी पर अवस्थित मसानजोर डैम के समीप वन विभाग द्वारा बनाए गए गेस्ट हाउस का उद्घाटन करेंगे। दूसरे दिन गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा फहराएंगे। इस अवसर पर आयोजित परेड में 14 प्लाटूंस भाग लेंगे।

शेष पेज 08 पर

### संक्षिप्त खबरें

#### आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



**नई दिल्ली।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम सात बजे आकाशवाणी के पूरे राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। राष्ट्रपति का यह संबोधन हिंदी में होगा, जिसे बाद में अंग्रेजी में भी प्रसारित किया जाएगा। इसके बाद, दूरदर्शन के माध्यम से राष्ट्रपति मुर्मू के इस संबोधन का हिंदी और अंग्रेजी संस्करण प्रसारित किया जाएगा। डीडी के क्षेत्रीय चैनल्स पर स्थानीय भाषाओं में भी इस संबोधन का प्रसारण किया जाएगा।

#### महंगाई से राहत! अमूल ने घटाया दूध का दाम

**नई दिल्ली।** पिछले काफी समय से दूध के दाम बढ़ रहे थे, लेकिन अब उपभोक्ताओं को थोड़ी राहत मिली है। देश के सबसे बड़ा मिल्क ब्रांड अमूल ने दूध के दाम घटा दिए हैं। अमूल ने तीन दुग्ध उत्पादों की कीमत में 1 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। इसके मुताबिक, अमूल गोल्ड, ताजा और टी स्पेशल के दाम कम हुए हैं। यह कटौती 24 जनवरी से लागू हो गई है। गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर ने बताया कि अमूल ने अमूल गोल्ड, अमूल ताजा और अमूल टी स्पेशल 1 किलो पैक में दूध की कीमत 1 रुपये कम कर दी है।


ट्रम्प के जन्मजात नागरिकता खत्म करने के आदेश पर रोक — पेज 08

झारखंड के 4 पुलिस अफसरों को गृह मंत्री करेंगे सम्मानित — पेज 08

झारखंड में पैरा मेडिकल नियुक्ति के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य — पेज 08


# महाराष्ट्र में हादसा : सेना के आयुध कारखाने में ब्लास्ट, आठ की मौत

एजेंसियां



**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र में भंडारा के जवाहर नगर में एक ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में शुक्रवार को विस्फोट हो गया। हादसे में आठ कर्मचारियों की मौत हो गई और कई लोगों के घायल होने की खबर है। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। इसकी आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनी गई। हालांकि इस धमाके की वजह पता नहीं चल पाई है। आसमान में उठता धुआं भी कई किलोमीटर दूर से दिखाई दिया।

विस्फोट की सूचना पर तत्काल बचाव और चिकित्सा दल को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया है। जिला कलेक्टर संजय कोलटे ने बताया कि महाराष्ट्र के भंडारा जिले में स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में सुबह करीब 10.30 बजे विस्फोट हुआ। बचाव और चिकित्सा कर्मचारी विस्फोट स्थल पर जीवित बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं तथा दमकलकर्मी स्थिति पर काबू पाने में लगे हुए हैं। जिला कलेक्टर ने आगे बताया कि विस्फोट के कारण छत ढह गई और कम से कम 12 लोग उसके नीचे दब गए। उनमें से दो को लोगों बचा लिया गया है और मलबा हटाने के लिए खुदाई करने वाली मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, "शुक्रवार सुबह ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में विस्फोट की दुर्घटना हुई। बचे लोगों की तलाश के लिए बचाव और चिकित्सा दल तैनात हैं और बचाव कार्य जारी है।" मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, धमाका इतना जोरदार था कि इसकी आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनी गई। दूर से लिए गए वीडियो में फैक्ट्री से घना धुआं उठता हुआ देखा गया।

### चार मृत श्रमिकों की पहचान

चंद्रशेखर गोस्वामी (59), मनोज मेश्राम (55), अजय नागदेवे (51) और अंकित बरई (21) के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि घायलों में एन पी वंजारी (55), संजय राउत (51), राजेश बडवाइक (33), सुनील कुमार यादव (24) और जयदीप बनर्जी (42) शामिल हैं।

### सीएम फडणवीस ने जताया शोक

इस घटना पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा- "ऐसी खबरें हैं कि भंडारा जिले में एक आयुध कारखाने में विस्फोट के कारण छत गिरने से 13 से 14 श्रमिक फंस गए। उनमें से 5 को सुरक्षित निकाल लिया गया है। जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक घटनास्थल पर हैं और हर तरह की सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ और नागपुर नगर निगम की टीमों को भी बुलाया गया है और वे जल्द ही पहुंच जाएंगी। जिला प्रशासन रक्षा बलों के साथ समन्वय करके राहत कार्य में भाग ले रहा है। चिकित्सा सहायता के लिए भी टीमें तैयार रखी गई हैं।

### रक्षामंत्री ने घटना पर जताया दुख

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वह इस घटना से बहुत दुखी हैं। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, "प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।" सिंह ने कहा, "महाराष्ट्र के भंडारा स्थित आयुध निर्माणी में विस्फोट के बारे में जानकर अत्यंत दुख हुआ। शोकसंतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएँ। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।"

## मंईयां सम्मान योजना में फिर गड़बड़ी, सीएससी संचालक पर जालसाजी का आरोप




प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गढ़वा।** झारखंड के गढ़वा जिले में मंईयां सम्मान योजना में फर्जीवाड़ा थमने का नाम नहीं ले रहा है। सबसे पहले मामला खरौंधी प्रखंड में देखने को मिला था, जिसमें पुरुष मंईयां सम्मान योजना का लाभ ले रहे थे। अब फिर से इस योजना में अनियमितता का मामला सामने आया है। ताजा मामला धुरकी प्रखंड के खुटिया से आया है। इस मामले में सीएससी संचालक पर आरोप लगाया गया है कि उसने खुद मंईयां सम्मान योजना की राशि एक बार नहीं, बल्कि पांच बार अपने खाते में मंगा ली है। पीड़ित महिला ने लिखित रूप से अपने खाते में पैसे मंगाने की मांग की है।

शेष पेज 08 पर

### 28-29 को महिलाओं के खाते में जारी हो सकती है जनवरी माह की किस्त

**रांची।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए आधार अनिवार्य कर दिया गया है। इस योजना का लाभ लेनेवाली सभी लाभुकों को न केवल आधार उपलब्ध कराना होगा, बल्कि उन्हें आधार प्रमाणीकरण से भी गुजरना होगा। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत जिस महिला के पास आधार संख्या नहीं है, उसे पंजीकरण करने से पहले आधार नामांकन के लिए आवेदन करना होगा।

**सरकार ने यह व्यवस्था भी की** : यह भी व्यवस्था की गई है कि जबतक व्यक्ति को आधार सौंपा नहीं जाता है, तबतक 10 निर्धारित पहचान पत्रों में से किसी को अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।

शेष पेज 08 पर

## झारखंड हाई एग्रीकल्चर वैल्यू प्रोडक्ट पर करेगा फोकस: शिल्पी नेहा तिर्की

- कृषि मंत्री ने भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान बेंगलुरु का किया भ्रमण

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शुक्रवार बेंगलुरु स्थित भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान का भ्रमण किया और वहां हो रहे शोध कार्य देखने गयीं। बता दें कि, वो अपने विभागीय अधिकारियों के साथ कर्नाटक दौरे पर गयीं हैं। विभागीय सचिव अबु बकर सिद्दीकी और विशेष सचिव गोपालजी तिवारी और अन्य विभागीय पदाधिकारियों के साथ भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान देखने गयीं।

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड का कृषि विभाग, भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान के शोध का अनुसरण झारखंड के कृषि-बागवानी की बेहतरी के लिए करेगा। कृषि मंत्री संस्थान के द्वारा उन्नत कृषि के लिए किए जा रहे शोध कार्यों से प्रभावित भी हुईं।

शेष पेज 08 पर



### वक्फ बिल पर गठित जेपीसी की बैठक में हंगामा 10 विपक्षी सांसद सस्पेंड

- बैठक के माहौल को टीएमसी सांसद ने अघोषित आपातकाल बताया

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन विधेयक के मद्देनजर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की शुक्रवार को बैठक हुई। बैठक के दौरान जमकर हंगामा हुआ, जिसके बाद 10 विपक्षी सांसदों को केवल एक दिन के लिए सस्पेंड कर दिया गया।

शेष पेज 08 पर

## झारखंड में बनेंगे आठ वर्किंग वुमेन हॉस्टल, केंद्र ने दिए 163 करोड़ रुपये

- केंद्र को उपयोगिता प्रमाण पत्र ससमय कराएं उपलब्ध : अलका तिवारी

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड में वर्किंग वुमेन हॉस्टल निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने झारखंड को 163 करोड़ रुपये आवंटित किया है। इसके तहत झारखंड में कुल आठ हॉस्टल का निर्माण किया जाना है। भारत सरकार द्वारा दो हॉस्टल को लेकर कुछ जानकारी मांगी गयी है। जिसे उद्योग विभाग को उपलब्ध कराना है। केन्द्र सरकार द्वारा दी गई राशि की समीक्षा के दौरान विभागीय सचिवों ने मुख्य सचिव अलका तिवारी को इसकी जानकारी दी गई है। मुख्यसचिव शुक्रवार को स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉर कैपिटल इनवेस्टमेंट को लेकर संबंधित विभागों के सचिवों के साथ समीक्षा कर रही थीं।

इस अवसर पर मुख्यसचिव ने विभागीय सचिवों को पूंजी निवेश के लिए राज्यों को दी जानेवाली विशेष सहायता योजना के तहत झारखंड को मिली राशि का केंद्र सरकार को उपयोगिता प्रमाण पत्र ससमय देने का निर्देश दिया।

शेष पेज 08 पर

## झारखंड विस की नवगठित समितियों के सभापतियों ने संभाला कार्यभार



- स्पीकर रबीन्द्रनाथ ने कराया कर्तव्यबोध का आभास

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो ने अपने सभा स्थित कार्यालय कक्ष में विधानसभा की नवगठित सभी 25 समितियों के सभापतियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर समितियों की व्यवस्था व क्रियाकलापों तथा समितियों में और अधिक कैसे सुधार लाया जा सकता है, इस पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में समितियों में सत्तापक्ष व विपक्ष दोनों और के सदस्य शामिल होते हैं। जब समिति किसी जनकल्याण से जुड़े मुद्दे पर अपनी रिपोर्ट देती है।

शेष पेज 08 पर

## पीएम मोदी ने दिया 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का संदेश

### एनसीसी और एनएसएस स्वयंसेवकों से प्रधानमंत्री ने किया संवाद

एजेंसियां



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित लोक कल्याण मार्ग पर अपने आवास पर आगामी गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाले एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवकों, आदिवासी अतिथियों और झांकी कलाकारों से संवाद किया। इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन गणतंत्र दिवस की तैयारियों को प्रोत्साहन देने और भारत की सांस्कृतिक विविधता को उजागर करने के उद्देश्य से किया गया था।

**युवा शक्ति को संबोधित** : इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने पारंपरिक तरीकों से हटकर एक अभिनव तरीके से प्रतिभागियों से संवाद किया। उन्होंने एक स्वतंत्र और अनौपचारिक तरीके से एक-एक करके सभी से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देश की युवा शक्ति के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने एनसीसी और एनएसएस से जुड़े युवाओं को देश के भविष्य निर्माता बताया और उनकी कड़ी मेहनत व समर्पण की सराहना की। मोदी ने कहा कि युवा ही देश की प्रगति का आधार हैं, और उनके प्रयास भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

शेष पेज 08 पर

#### पीएम मोदी ने की अच्छी आदतों को अपनाने की बात

पीएम मोदी ने आगे कहा कि जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों को निभाना, विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने की कुंजी है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वह 'माई भारत पोर्टल' पर पंजीकरण कर राष्ट्र निर्माण के लिए सक्रिय रूप से कार्य करें। साथ ही उन्होंने अच्छी आदतों को अपनाने की बात की, जैसे कि अनुशासन, समय की पाबंदी, जल्दी उठना और डायरी लेखन।

## ममता कुलकर्णी ने लिया संन्यास, किन्नर अखाड़े में दीक्षा लेकर बनीं महामंडलेश्वर



एजेंसियां

- संगम तट पर ममता का किया गया पिंडदान
- कुंभनगरी में आकर संन्यास की ली दीक्षा

**प्रयागराज।** जानी मानी फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने कुंभनगरी में आकर संन्यास दीक्षा ली। दीक्षा के बाद उनका नाम बदलकर अब श्रीयामाई ममतानंद गिरि हो गया। संगम तट पर उनकी संन्यास दीक्षा हुई। शाम को किन्नर अखाड़ा आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में उनका पट्टाभिषेक हुआ। हर-हर महादेव के जयकारों के साथ उनको अखाड़े में धर्मध्वजा के नीचे पट्टाभिषेक कराया गया।

शेष पेज 08 पर

## डीसी ने सभी अंचल अधिकारियों और प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ की बैठक, कहा

# रामगढ़ वासियों को मिलेगी मल्टीपरपज स्टेडियम की सौगात

▸ सीओ को जमीन चिन्हित करने के दिए निर्देश

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला वासियों को मल्टीपरपज स्टेडियम की सौगात मिलने वाली है। यह केवल जिला स्तर पर ही नहीं बल्कि अनुमंडल और प्रखंड स्तर पर भी बनाया जाएगा। हर स्तर पर स्टेडियम बने इसके लिए शुक्रवार को डीसी चंदन कुमार ने सभी अंचल अधिकारियों और प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ अहम बैठक की।



इस दौरान उन्होंने अंचल अधिकारियों को सात से आठ एकड़ जमीन का भू-भाग चिन्हित करने का निर्देश दिया है। बैठक के दौरान जिला खेल पदाधिकारी मारकस हेम्ब्रम ने बताया कि पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड द्वारा रामगढ़ जिले में जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर स्टेडियम निर्मित किए जाने का निर्देश प्राप्त है। जिला स्तर पर सात से आठ एकड़ में मल्टीपरपज स्टेडियम, अनुमंडल स्तर पर 1 एकड़ में इनडोर स्टेडियम एवं प्रखंड स्तर पर लगभग 2.5 एकड़ में आउटडोर व 50 डिसमिल में इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाना है। बैठक के दौरान उपायुक्त के जरिये प्रखंड विकास पदाधिकारियों और अंचल अधिकारियों से स्टेडियम निर्माण के तहत जमीन चिन्हित करने को लेकर अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली गई। वहीं जिन प्रखंडों में अब तक जमीन की चिन्हित करने का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, उनमें जल्द से जल्द जमीन चिन्हित करते हुए प्रतिवेदन जिला खेल कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता कुमारी गितांजली, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस को लेकर हुआ अंतिम अभ्यास

# उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने तैयारियों का किया निरीक्षण



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** गणतंत्र दिवस पर सिद्धू कान्हू मैदान रामगढ़ में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को अंतिम अभ्यास किया गया। इस दौरान उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के साथ गणतंत्र दिवस के सफल आयोजन को लेकर की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने परेड का निरीक्षण किया जिसके उपरांत उपायुक्त ने झंडा फहराया। अंतिम अभ्यास के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा बैंड की प्रस्तुति दी गई।

मौके पर उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस के मद्देनजर अंतिम चरण की तैयारियों की जानकारी लेते हुए कार्यक्रम के भव्य व सफल आयोजन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह स्थानीय सिदो कान्हू मैदान में पूर्वाह्न 9:05 बजे से शुरू होगा। उपायुक्त कार्यालय में प्रातः 10:45 बजे, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रातः 10:50 बजे, उप विकास आयुक्त कार्यालय में प्रातः 10:55 बजे, अनुमंडल कार्यालय में प्रातः 11:10 बजे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में प्रातः 11:15 बजे एवं पुलिस लाईन रामगढ़ में प्रातः 11:30 बजे झंडा फहराया जाएगा। इस दौरान जिला स्तरीय पदाधिकारियों अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### ऋण मुक्ति शिविर का आयोजन 27 को

**सिल्ली।** बैंक ऑफ इंडिया के सिल्ली शाखा द्वारा लोटा पंचायत भवन में आगामी 27 जनवरी को एकमुश्त समझौता ऋण मुक्ति शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस समझौता शिविर में बैंक द्वारा एनपीए ऋण खाते जिनमें ऋणी की मृत्यु हो चुकी है एवं ऋण बकाया है, उनके परिजनों से एकमुश्त समझौता कर उन्हें ऋण से मुक्ति प्रदान की जाएगी। साथ ही ऐसे ऋणी जो बिलकुल भी ऋण चुकाने की स्थिति में नहीं है उनको भी इस योजना के माध्यम से लाभान्वित किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए शाखा प्रबंधक डेविड खलखो ने बताया कि इस समझौता शिविर का लाभ उठाने वाले इच्छुक ऋणियों जो एक मुश्त संपूर्ण राशि जमा कराएगा उसको अतिरिक्त छूट का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे इस अवसर का आधिकाधिक लाभ उठाएं एवं ऋण से मुक्ति पाएं।

### सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप के पुलिया के समीप एक बाइक सवार ओर साइकिल सवार में टक्कर हो गया है। घटना शुक्रवार शाम 6 बजे के आसपास की है। टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है। इसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। गलऊ पंचायत के मुखिया सावना महली ने अपने स्तर से तीनों घायल को सोनाहातू अस्पताल में इलाज करा कर परिजनों को सूचना दिया। बाइक सवार घायल व्यक्ति व्यक्ति तमाड़ थाना क्षेत्र के कामारापा गांव का साईनका मुंडा बताया जा रहा है। साइकिल सवार लोग मुरुतडीह के दिलखुश लोहरा तथा सा गांव का साधु मांझी है। इसकी स्थिति ठीक है।

### वन भोज कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ़।** विश्वकर्मा समाज (लोहार) का वन भोज कार्यक्रम शुक्रवार को कांकेबार स्थित हार्ट रेजिडेंसी के निकट आयोजन किया गया। वन भोज कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के अध्यक्ष सीताराम विश्वकर्मा, संयोजक बद्री विश्वकर्मा, नेपाल विश्वकर्मा, बसंत विश्वकर्मा सहित समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने संयुक्त रूप से भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस दौरान वन भोज में समाज के लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाया। वन भोज कार्यक्रम के उपरांत समाज के लोग बैठक कर समाजहित में कई निर्णय लिए।

# सिल्ली कॉलेज के छात्र छात्राएं किए गए सम्मानित




**सिल्ली।** सिल्ली कॉलेज सिल्ली में शुक्रवार को बॉटनी के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ अनंत कुमार महतो एवं बॉटनी के विभागाध्यक्ष सह माइक्रोबायोलॉजी सोसायटी ऑफ इंडिया के कॉडीनेटर डॉ सुचित्रा महतो ने छात्रों को माइक्रोबायोलॉजी सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा दिए गए प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले छात्रों में शरद कुमार भगत, सुनैना कुमारी, सुरज सेन एवं देवज्योति कुमार शामिल। डॉ सुचित्रा महतो ने बताया कि उपरोक्त छात्र छात्राओं ने माइक्रोबायोलॉजी के विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के देखते हुए उन्हें यह सम्मान दिया गया है। प्राचार्य ने कहा कि कॉलेज के बॉटनी और जियोलॉजी के विद्यार्थियों को सम्मान मिलना एक उत्कृष्ट कदम है जो उनकी मेहनत, लगन और विज्ञान के प्रति उनकी रुचि को प्रोत्साहित करता है। यह सम्मान न केवल छात्रों को बल्कि शिक्षकों और संस्थान को भी गर्व का अनुभव कराता है। इस मौके पर प्रो त्रिभुवन महतो, मंजुलता कुमारी, विश्वनाथ मुंडा, प्रभा महतो आदि उपस्थित थे।

### मंदिर का 14वां वार्षिक स्थापना महोत्सव संपन्न

**रामगढ़।** श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित श्री रानी सती दादी मंदिर का दो दिवसीय 14 वां वार्षिक स्थापना महोत्सव शुक्रवार को संपन्न हो गया। महोत्सव को लेकर दादी मंदिर परिसर एवं दादी जी के दरबार को फूलों से सजाया गया और सारे मंदिर को बहुत ही आकर्षक विद्युत सज्जा की गई थी। महोत्सव के दूसरे दिन गणेश पूजन के साथ बालाजी महाराज का सुंदरकांड प्रारंभ हुआ। सुंदरकांड के यजमान नरेश अग्रवाल सपत्नी मीना अग्रवाल को मंदिर के पुजारी विजेंद्र तिवारी एवं राधा रमन पांडे ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना करवाई। बालाजी महाराज का सुंदरकांड पाठ का आयोजन सुरेश बजाज के जरिये प्रारंभ हुआ। इनका साथ देने के लिए शारदा पोद्दार, सौरभ सरावगी एवं यशपी पांडे ने दिया। इनके द्वारा गाए गए भजनों पर सभी भक्ति भाव विभोर हो रहे थे।

# पीवीयूएनएल ने पुलिस को दिए 10 बाइक अपराधियों पर कसेगा शिकंजा : एसपी

## जनता के बीच बढ़ेगा भरोसा : आरके सिंह

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** पीवीयूएनएल के जरिये कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के अंतर्गत रामगढ़ पुलिस को 10 टीवीएस अपाचे आरटीआर बाइक प्रदान की गई है।




पीवीयूएनएल कि इस पहल के बाद आपराधिक गतिविधियों पर शिकंजा कसने में पुलिस को काफी मदद मिलेगी। एसपी कार्यालय में पीवीयूएनएल के सीईओ आर के सिंह ने एसपी अजय कुमार को बाइक की चाबी और दस्तावेज औपचारिक तौर पर सौंपा। इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और पीवीयूएनएल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही। इस मौके पर रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने कहा कि पीवीयूएनएल के सीईओ और पूरी टीम बधाई की पात्र हैं। उनकी इस पहल के बाद संगठित अपराधों को अंजाम देने वाले अपराधियों तक पहुंच पाना पुलिस के लिए और आसान हो गया है। उन्होंने कहा कि पतरातू क्षेत्र में हमेशा संगठित अपराध सक्रिय रहा है। वहां कई बार फोर व्हीलर से पेट्रोलिंग करना और अपराधियों के पकड़ने के लिए छापेमारी करना मुश्किल हो जाता है। बाइक हर गली में घुसकर अपराधियों पर नजर रख सकती है। एसपी अजय कुमार ने बताया कि पतरातू क्षेत्र में अभी विकास की गाड़ी काफी तेजी से आगे बढ़ रही है। लेकिन उसकी गति को रोकने के लिए अपराधी अपने हथकंडे अपनाते हैं। पीवीयूएनएल भी अपराधियों के इस तांडव का शिकार रहा है। लेकिन अब गिरोह के मुखिया और सूत्रधार माने जाने वाले लोगों को पुलिस ने इलाका छोड़ने का फरमान जारी कर दिया है। अगर वे नहीं सुधरेंगे तो अंजाम बुरा होगा।

पीवीयूएनएल के सीईओ आर.के. सिंह ने कहा कि पीवीयूएनएल समाज और समुदाय के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए इस तरह की पहल के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। यह योगदान पुलिस की कार्यक्षमता को बढ़ाने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बाइक से जनता के बीच पुलिस का क्विक प्रसेंस होगा। इससे पुलिस के प्रति जनता में और भरोसा बढ़ेगा।

# पूर्व विधायक स्व कॉ राजेन्द्र सिंह मुंडा स्मृति टुसू मेला में उमड़ी भीड़

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सोनाहातू।** थाना मैदान में शुक्रवार को स्व पूर्व विधायक कॉ राजेन्द्र सिंह मुंडा स्मृति टुसू मेला भव्य आयोजन मुखिया संघ सोनाहातू के द्वारा किया गया। मेले में चौड़ल प्रदर्शनी, फुटबॉल टूर्नामेंट, मुर्गा लड़ाई, आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये।



मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार महतो ने मेले में भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि कॉ राजेन्द्र सिंह मुंडा हमारे अभिभावक थे। हमें इनकी जुझारू, कर्मठशील, ओर संघर्षशील प्रवृत्ति से प्रेरणा लेने की जरूरत है। टुसू पर्व हमारी सभ्यता और सांस्कृति की पहचान है। फुटबॉल टूर्नामेंट हमें एकजुट होने की प्रेरणा देती है। इस दौरान आयोजित फुटबॉल खेल टूर्नामेंट प्रतियोगिता में खिताब आर आर स्पोटर्स बिरडी की टीम ने एक गोल से परदेशी एफसी स्पोर्टिंग टीम को पराजित किया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार महतो के द्वारा नगद 31 हजार व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं, उपविजेता परदेशी एफसी टीम को प्रमुख विक्टोरिया देवी, मुंडा कृष्ण कुमार सिंह मुण्डा, मुखिया संघ के विकास मुंडा, मनोज सिंह मुंडा आदि ने संयुक्त रूप से 21 हजार रुपए व ट्रॉफी दिए गए। मेले में चौड़ल दलों को क्रमशः 3100, 2100 और 1100 दिए गये। इस अवसर पर ,भोलेश्वर सिंह मुंडा, मुखिया प्रताप सिंह मुंडा ,फनिभूषण सिंह मुंडा, राजेन्द्र प्रसाद महतो, ठाकुर मनमोहन सिंह मुंडा, गोपाल सिंह मानकी, रोहित महतो, डोमन महतो, परदेशी महतो, सुधीर कुमार महतो, धरनी देवी, कृष्णा सिंह मुण्डा, आदि समेत मुखिया संघ, ग्राम प्रधान संघ मंच पर उपस्थित थे। टूनार्मेंट को सफल बनाने में आयोजन समिति के अनुप अधिकारी, रामनारायण जयसवाल, रवि सांडिल, अमूल्य सिंह मुण्डा, पंचानन स्वांसी, विदेशी, नेपाल नायक, मन्टू जयसवाल, हरिभंजन महतो, दीपक सिंह मुंडा आदि का योगदान रहा। कमेंट्री दिनेश प्रमाणिक ने किया।

### डीएवी विद्यालय को सीबीएससी मान्यता मिलने पर प्राचार्य ने सुदेश महतो से मुलाकात कर आभार किया व्यक्त



**सिल्ली।** डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल सिल्ली को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली (सीबीएसई) से प्लस टू तक के मान्यता मिलने पर प्राचार्या बुबुन शरण ने पुर्व उप उप मुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो से मुलाकात कर धन्यवाद व्यक्त करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। प्राचार्य ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सिल्ली को बेहतर बनाने के लिए उन्हीं के प्रयास से वर्ष 2012 में सिल्ली में डीएवी विद्यालय की शुरूआत की गई थी। आज 13 वर्ष के संघर्ष के बाद विद्यालय को 12 वीं तक की सीबीएससी मान्यता मिलने पर डीएवी प्रबंधन, विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र छात्राओं ने सुदेश कुमार महतो का आभार व्यक्त किया है। विधायक ने खुशी जाहिर करते हुए शुभकामनाएं दी एवं विद्यालय को बेहतर बनाने के लिए उनके एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की । इस मौके पर विद्यालय शिक्षक विकास कुमार दुबे, पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, संजय महतो, सिंटु आदि उपस्थित थे।

### राहे पीएचसी में स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन, 300 लोगों ने कराई जांच

**राहे।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड सरकार के द्वारा राहे पीएचसी में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया । स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन विधायक अमित महतो जिला परिषद सदस्य बादल महतो,प्रमुख लीलमनी देवी, उप प्रमुख उमेश महतो,बीडीओ अशोक कुमार,चिकित्सा प्रभारी डॉ जयराम शर्मा,मुखिया कृष्णा पातर,ने संयुक्त रूप में दीप प्रज्वलित कर किये। मेला में लोगों के लिए निशुल्क जांच सहित स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य मेला में दंत चिकित्सा, परिवार नियोजन परामर्श, त्वचा जांच, टीवी नियंत्रण,ओर कैंसर जागरूकता , मलेरिया ओर फाइलेरिया जांच ,वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य जांच व परामर्श, पोषण परामर्श, सहित आंख ओर मोतियाबिंद जांच, किशोर किशोरी स्वास्थ्य परामर्श का स्टॉल लगाया गया। 300 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराया। स्वास्थ्य मेला को डॉ कालाचंद सिंह मुंडा, डॉ पूनम मिंज ,डॉ बीना प्रसाद, डॉ अरुण कुमार, डॉ सौरभ डॉ पीयूष पाठक, विनोद कुमार राधेश सिंह, डॉ अरुण तिग्गा ,डॉ दिलीप कुमार वर्मा, डॉ विभा, ओर सीएचसी के स्वास्थ्य कर्मी का योगदान रहा। आवश्यकता अनुसार सभी को दवा भी दिया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रोहिताश चौधरी,, सहित काफी संख्या में लोग स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रखंड कर्मियों ने ली शपथ

**राहे।** 25 जनवरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के पूर्व संध्या पर प्रखंड परिसर में प्रखंडकर्मी ओर अंचल कर्मी ग्रामीणों के साथ के लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपना मताधिकार का प्रयोग करने का शपथ लिया। इस दौरान बीडीओ अशोक कुमार ने कहा कि 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। यह दिन हमारे लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य नागरिकों को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे सही प्रतिनिधियों का चयन करें और देश के विकास में योगदान दें।मतदान एक नागरिक का अधिकार और कर्तव्य दोनों है। हमें सभी को अधिकार और कर्तव्य की जानकारी देना है।मौके पर सीओ जया शंखी मुरमू, सभी पंचायत सचिव, सुपरवाइजर प्रखंड कर्मी और आंचल कर्मी मौजूद थे।

# समाज एकजुट हो, तभी होगा समुचित विकासः सीताराम विश्वकर्मा

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले का विश्वकर्मा समाज (लोहार) अपनी एकजुटता को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिबद्ध है। समाज का विकास तभी संभव है जब सभी एकत्रित रहेंगे। शुक्रवार को कांकेबार स्थित हार्ट रेजिडेंसी में आयोजित वन भोज कार्यक्रम के दौरान यह बातें समाज के अध्यक्ष सीताराम विश्वकर्मा ने कही। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के अध्यक्ष सीताराम विश्वकर्मा, संयोजक बद्री विश्वकर्मा, नेपाल विश्वकर्मा, बसंत विश्वकर्मा सहित समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने संयुक्त रूप से भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस दौरान वन भोज में समाज के लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाया। वन भोज कार्यक्रम के उपरांत समाज के लोग बैठक कर समाजहित में कई निर्णय लिए। जिसमे, जल्दी ही विश्वकर्मा धर्मशाला निर्माण, गरीब और जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण करने, स्वास्थ्य शिविर लगाने, समाज के वंचित लोगों से संपर्क कर उनके उत्थान करने, समाज के गरीब परिवारों की लड़कियों की शादी विवाह में बढ़-चढ़कर भाग लेने, विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाने आदि निर्णय लिए गए। मौके पर समाज के अध्यक्ष सीताराम विश्वकर्मा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से समाज के लोग एकजुट होते हैं। समाज को एकजुट करने के लिए समाज कई तरह के कार्यक्रम करेगी।



# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर माताओं के बीच बेबी किट का हुआ वितरण

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का "10 ईयर सेलिब्रेशन" कार्यक्रम लगातार जारी है। शुक्रवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस भी इसी कार्यक्रम के साथ मनाया गया।

सदर अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में सभी नवजात बच्चियों की माताओं को बेबी किट का वितरण किया गया। इस दिवस के अवसर पर केक काटकर एवं सभी माताओं को केक खिलाकर बालिका जन्म पर खुशी व्यक्त किया गया। साथ ही सदर अस्पताल के विभिन्न वार्डों एवं परिसर में ₹बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना का लोगो एवं बैज लगाकर आमजनों को जागरूक करने का कार्य किया गया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इन्दु प्रभा खलखो, जिला बाल संरक्षण कार्यालय के कर्मी आशा, पुष्पा, सोबन, दीपक, मुकेश, महिला पर्यवेक्षिका नसीमा खातून व कौशल्या, एएनएम एवं नवजात बच्चियों की माताऐं उपस्थित रहीं।

# पुस्तक छात्रों का है सबसे उपयोगी साथी : उपायुक्त

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान एवं नवाचार 2024-25 के तहत जिला स्तरीय पुस्तक मेला, क्विज प्रतियोगिता एवं विज्ञान प्रदर्शनी का गांधी स्मारक, जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, रामगढ़ में आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ, डीसी चंदन कुमार के जरिये किया गया।



कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार, अनुमण्डल जिला शिक्षा पदाधिकारी खुशबू कुमारी एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नलिनी रंजन, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी कुमार राज तथा विद्यालय के प्राचार्य डॉ संतोष कुमार अनल उपस्थित थे। इस दौरान उपायुक्त ने छात्रों को पुस्तकों का अध्ययन करने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि पुस्तक छात्रों का सबसे उपयोगी साथी है। इसी क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने भी पुस्तकों की महत्व एवं विशेषता पर प्रकाश डाला। गांधी स्मारक जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के परिसर में आयोजित इन तीनों कार्यक्रमों में सभी प्रखण्डों के छात्रों ने हिस्सा लिया। वर्ग 9 से 12 एवं वर्ग 6 से 8 के छात्रों के जरिये भाग लिया गया। कार्यक्रम में श्री गुरूनानक पब्लिक स्कूल, कैथोलिक आश्रम भुरकुण्डा के छात्रों ने भी भाग लिया। कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के बीच आयोजित क्विज प्रतियोगिता में चितरपुर प्रखंड के आरबी हाई स्कूल सांडी के छात्र सोनू कुमार प्रथम, उत्क्रमित उच्च विद्यालय दिग्वार के सत्यम कुमारी द्वितीय, सीएमएसओआई रामगढ़ की छात्रा रेशमी परवीन तृतीय स्थान पर रही। वर्ग 6 से 8 के छात्रों के बीच आयोजित क्विज प्रतियोगिता में पतरातू प्रखंड के कैथोलिक आश्रम स्कूल, भुरकुंडा की छात्रा कनक झा प्रथम, मांडू प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेसागढ़ा का छात्र राजहंस कुमार साहू द्वितीय, गोला प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय चौकाद की छात्रा मनीषा कुमारी तृतीय स्थान पर रही। वर्ग 9 से 12 के छात्रों के बीच आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में चितरपुर प्रखंड के आरबी हाई स्कूल सांडी की छात्रा कल्याणी कुमारी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय रजरप्पा प्रोजेक्ट की छात्रा पम्मी कुमारी और मांडू प्रखंड के पब्लिक उच्च विद्यालय कुजू की छात्रा आकांक्षा पटेल तृतीय स्थान पर रही। वर्ग 6 से 8 के छात्रों के बीच आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में पतरातू प्रखंड के कैथोलिक आश्रम स्कूल, भुरकुंडा की छात्रा अनुष्का सिंह, गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय का छात्र अमित कुमार, मध्य विद्यालय कोयरी टोला का छात्र देवांशु कुमार तृतीय स्थान पर रहा।

## संक्षिप्त

### सैमसंग का नया स्मार्टफोन लॉन्च

**रांची।** सैमसंग ने गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस25+ और गैलेक्सी एस25 स्मार्टफोन को लॉन्च कर दिया। गैलेक्सी एस25 सीरीज वन यूआई 7 के साथ आने वाला पहला स्मार्टफोन है, जो सैमसंग का एआई-फर्स्ट प्लेटफॉर्म है।

### भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर को दी गई श्रद्धांजलि

**रांची :** झारखण्ड मैथिली मंच, रांची के तत्वावधान में आज दिनांक 24 जनवरी 2025 को भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर के 101वीं जयन्ती के अवसर पर हिनू स्थित कपूरी चौक पर अवस्थित उनके मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की गई । इस अवसर पर महासचिव जयन्त कुमार झा, अरुण कुमार झा, सुकुमार नाथ झा, ब्रज किशोर झा, राज कुमार मिश्र ब्रज कुमार झा सहित अनेकों सदस्य उपस्थित हुए। उक्त कार्यक्रम में रांची नाइ समाज के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ठाकुर भी शामिल हुए। मिथिलांचल के विभूति, बिहार के गौरव, भारत के रत्न और गरीबों का हमदर्द कपूरी ठाकुर का समस्त जीवन जनकल्याण के लिए समर्पित था। बिहार के समस्तीपुर जिला के छोटे गाँव में जन्म लेकर इतनी उँचाई तक का मुकाम हासिल करने वाले इकलौते हस्ती थे । ऐसे सपूत को पाकर ग्रामिणों के अनुरोध पर सरकार ने इनके गाँव का नाम कपूरी ग्राम रख दिया। बिलकुल सामान्य परिवार में जन्मे इनके विचार इतने महान थे कि इन्होंने जिस क्षेत्र में भी अपना कदम रखा हर जगह सफलता की नयी ऊंचाई को छूते हुए अनेकों इतिहास गढ़ते चले गये।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पुलिस महानिदेशक ने दिलायी शपथ

**रांची :** शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.00 बजे पुलिस मुख्यालय झारखण्ड, रांची परिसर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) झारखण्ड आरके मलिक द्वारा उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियों / कर्मियों को भारत के लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुये, निम्न शपथ दिलायी गयी :-
हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए, यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड, राँची में पदस्थापित सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहें।

### श्री चैती दुर्गा मंदिर में भोग का वितरण आज

**रांची :** श्री चैती दुर्गा मंदिर भुताहा तालाब, रांची के प्रांगण में श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के मुख्य संरक्षक चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति एवं श्री श्री शिव बारात आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं जाने माने समाजसेवी श्री रमेश सिंह द्वारा भोग लगाया जाएगा और वितरण की जाएगी साथ ही वर्ष 2025 श्री चैती दुर्गा मंदिर का 9 वार्षिक उत्सव कैसे किया जाए उस पर विचार विमर्श किया जाएगा।

### 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

**रांची :** 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में आयुक्त श्री अंजनी कुमार मिश्र ने अधिकारियों व कर्मियों को मतदाता शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से प्रति वर्ष 25 जनवरी को मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके प्रत्येक व्यक्ति को मतदान का अधिकार प्राप्त है। निर्वाचन की गरिमा को अग्रणी रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा किसी भी अन्य प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मतदान करना चाहिए।

# कांग्रेस ने भारत में पूर्ण लोकतंत्र कभी लागू नहीं होने दिया : अर्जुन मुंडा




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**
**रांची।** भाजपा रांची महानगर की ओर से शुक्रवार को संविधान गौरव अभियान के तहत गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी में बतौर मुख्यातिथि पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने अभियान के उद्देश्यों एवं कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला।
उन्होंने कहा कि जनसंघ और भाजपा की स्थापना ही देश में संविधान को लागू करने के लिए हुई। एक विधान, एक निशान के नारों के साथ हमारे प्रेरणा पुरुष डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान हुआ। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने भारत में पूर्ण लोकतंत्र कभी लागू नहीं होने दिया है।
उन्होंने कहा कि राहुल गांधी विगत लोकसभा चुनाव के समय से संविधान की पुस्तक लेकर घूम रहे। उन्हें पता चल गया है कि भाजपा संविधान की धाराओं को उसकी मूल भावनाओं को तेजी से धरातल पर उतार रही है। कांग्रेस के मंसूबों को उजागर कर रही। इससे कांग्रेस का सफाया तय है।
उन्होंने कहा कि कांग्रेस को गैर कांग्रेसी सरकारों से चिढ़ है। आज वे देश की सत्ता से, विभिन्न राज्यों से हार रहे फिर भी, वे 1952 वाला अधिकार चाहते हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की सोच को ही 2019 में दोबारा सरकार बनते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 को समाप्त कर जमीन पर उतारा।
इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरुप्रकाश पासवान ने बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी आज अंबेडकर की विरासत की दावेदारी कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान 144 करोड़ देशवासियों की श्रद्धा है जिसे कांग्रेस ने लगातार अपमानित किया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने मंडल कमीशन का विरोध किया, आज राहुल गांधी विदेश की धरती पर आरक्षण का विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि जबतक भाजपा है आरक्षण को समाप्त करने की हिम्मत किसी में नहीं है। भाजपा सरकार दलित आदिवासी पिछड़े के विकास को समर्पित है। कई राज्यों में भाजपा ने आदिवासी दलित पिछड़े समाज को मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री बनाया है।

# गणतंत्र दिवस के पूर्व रांची में की गई फुल ड्रेस रिहर्सल, प्लाटूंस ने परेड से मोहा मन




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**
**रांची।** रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के राज्यस्तरीय समारोह का शुक्रवार को फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री एवं डीआईजी-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा की देखरेख में फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। फुल ड्रेस रिर्हसल के दौरान गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों को रियल टाइम बेसिस पर दुहराया गया। उपायुक्त और डीआईजी-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। परेड पार्टियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा आवश्यक सुधार के लिए कई निर्देश दिए गए।
फुल ड्रेस रिहर्सल के बाद प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों की ज्वाइंट ब्रीफिंग भी हुई। इस दौरान जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।
ब्रीफिंग के दौरान सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को अपर जिला दण्डाधिकारी, रांची द्वारा समारोह के लिए जारी संयुक्तादेश के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।
ज्वाइंट ब्रीफिंग के दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के जरिये सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को ससमय प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर कार्य एवं दायित्व का निर्वहन करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी उचित समन्वय के साथ अपनी-अपनी जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभाएं। उन्होंने निर्धारित समय-सीमा में झांकियों का प्रदर्शन एवं मेडिकल व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।
ज्वाइंट ब्रीफिंग में डीआईजी-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा द्वारा समारोह के दौरान सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बलों को निर्देशित किया गया। पुलिस उपाधीक्षक, यातायात द्वारा भी समारोह के दौरान सुदृढ़ यातायात व्यवस्था को लेकर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों जरूरी जानकारी दी गई।
गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड का समादेशन मेजर सुमन कुमार, भारतीय सेना, रांची करेंगे। सुशांत कुमार, परिचारी प्रवर-1, रांची परेड का द्वितीय समादेशन करेंगे।

### 15 प्लाटूंस लेंगे परेड में हिस्सा

गणतंत्र दिवस समारोह में सेना सहित 15 प्लाटूंस जवान हिस्सा लेंगे।
सेना, सीआईएसएफ,
सीआरपीएफ
आईटीबीपी, झारखंड जगुआर
जेएपी-1, जेएपी-2, डीएपी
(पुरुष),डीएपी (महिला),
एसएसबी ,पश्चिम बंगाल पुलिस
जेएपी-10 (महिला बटालियन)
होमगार्ड, एनसीसी (गर्ल्स)
एनसीसी (ब्वॉयज)

**ये बैंड पार्टी होंगे शामिल**
जे.ए.पी -1, होमगार्ड,
जे.ए.पी.-10 (महिला)।

# प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने किया सीएमपीडीआई का दौरा, जानी गतिविधि



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**
**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 2024 बैच के 16 प्रशिक्षु अधिकारियों ने अपने ह्यह्यपेशेवर/व्यावसायिक पाठ्यक्रमह्लह्ल के प्रथम चरण के हिस्से के रूप में 24 जनवरी, 2025 को सीएमपीडीआई के ह्यभूविज्ञान संग्रहालयह्ल का दौरा किया। मुख्यालय में सीएमपीडीआई टीम के साथ बातचीत भी की।
इंटरएक्टिव सत्र में प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने राष्ट्र के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में सीएमपीडीआई और कोल इंडिया द्वारा निभाई गई भूमिका के बारे में जाना। सतत् विकास गतिविधियों, अनुसंधान एवं विकास, स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरणीय गतिविधियां, सीएसआर एवं कोयला खनन से जुड़ी विभिन्न प्रौद्योगिकियों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सीएमपीडीआई द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं से भी स्वयं को परिचित किया।
भूविज्ञान संग्रहालय के माध्यम से प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने भूवैज्ञानिक संरचनाओं, भू-आकृतियों आदि, आभासी वास्तविकता (वर्चुअल रियलिटी) और संवर्द्धित वास्तविकता (ऑगमेंटेड रियलिटी) का अनुभव, भूमिगत एवं खुली खदान खनन संचालन, मूल डायनासॉर जीवाश्म, विभिन्न नमूनों की होलोग्राम छवि आदि का अवलोकन किया।
इस मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, वरीय सलाहकार (माइनिंग) एके राणा, महाप्रबंधक (टीएस/पीआर) संजय कुमार दुबे, संस्थान के अन्य महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष ने प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का समाधान किया।

# एसबीयू में एक्सपर्ट टॉक ग्रिड की दिक्कत



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**
**रांची।** 'भारतीय संविधान की आत्मा इसकी प्रस्तावना में बसती है। पूर्व में अनेकानेक उदाहरणों और न्यायिक फैसलों में इसकी महत्ता भी उजागर हुई है।' यह बातें झारखंड उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ. एस. एन. पाठक ने कहीं। वे 24 जनवरी को सरला बिरला विश्वविद्यालय में 'प्रस्तावना भारतीय संविधान का सार' विषय पर आयोजित एक्सपर्ट टॉक के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि अपने विचारों को रख रहे थे। उन्होंने प्रस्तावना को भारतीय लोकतंत्र के स्थायित्व एवं शासन एवं समानता आधारित समाज के लिए आवश्यक करार दिया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हमें इसका सदुपयोग महज कोर्ट रूम में ही नहीं, बल्कि दैनंदिन जीवन में भी करना चाहिए।
कार्यक्रम में विषय प्रवेश करते हुए एसबीयू के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के निखार में एक अच्छे वक्ता के योगदान की चर्चा की। उन्होंने न्यायाधीश का परिचय उपस्थित श्रोताओं से करवाते हुए न्यायिक क्षेत्र में उनके योगदान को सराहा। कुलपति प्रो सी. जगनाथन ने धन्यवाद देते हुए न्यायिक प्रक्रिया के शीघ्र निष्पादन में जस्टिस पाठक के योगदान की चर्चा की।
इस अवसर पर डॉ. सुभानी बाड़ा, डॉ. नीलिमा पाठक, एस. डांडीन, डीन इंचार्ज कोमल गुप्ता, डॉ. आर. के. सिंह, श्वेता सिन्हा, राजीव रंजन, डॉ. आलोक कुमार, डॉ. पूजा प्रेरणा, रश्मि सहाय एवं विवि के अन्यान्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# टीएसपीसी का एरिया कमांडर सहित दो गिरफ्तार



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**
**रांची।** राजधानी के ओरमांझी थानांतर्गत गुंजा स्थित क्रशर प्लांट में आगजनी और फायरिंग करने में शामिल तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) संगठन के दो नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में टीएसपीसी का एरिया कमांडर संजीत कुमार उर्फ संजीत गिरी उर्फ विक्रांत जी और मनी कुमार को गिरफ्तार किया है।
इनके पास से एक देशी पिस्टल, एक मैगजीन, चार गोली, एक स्कूटी, चार सिम कार्ड, एक डेल कंपनी का लैपटाप सहित अन्य सामान बरामद किया है। डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को बताया कि विक्रांत द्वारा ही सात जनवरी की रात आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस आगजनी में ओरमांझी थाना क्षेत्र के गुंजा में एक क्रशर प्लांट पर हमला कर दो वाहनों को जला दिया था। इसमें शामिल नक्सलियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी दौरान यह सूचना मिली कि गुंजा स्थित प्लांट में एक बार फिर से किसी वारदात को अंजाम देने के लिए कुछ अपराधी घूम रहे हैं।
सूचना मिलने पर सिल्ली डीएसपी और ओरमांझी थाने दार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया और गुंजा प्लांट के पास से एक बाइक सवार को संदिग्ध हालत में घूमते हुए देख उसे हिरासत में लिया। जब उस युवक से पूछताछ की गई तो पुलिस चौंक गई, क्योंकि वह युवक और कोई नहीं बल्कि टीएसपीसी का एरिया कमांडर विक्रांत जी था।
एसएसपी ने बताया कि पूछताछ में संजीत उर्फ विक्रांत ने यह स्वीकार किया है कि उसी ने गुंजा स्थित क्रशर प्लांट में आगजनी की वारदात को अंजाम दिया था। इसके अलावा उसके ऊपर हजारीबाग के केरेडारी थाने में भी दो मामले दर्ज हैं।
विक्रांत से पूछताछ के बाद यह जानकारी मिली कि संगठन के लिए पर्चा छापने का काम मनु कुमार नाम का एक जेरॉक्स दुकानदार करता है। जानकारी मिलने के बाद मनु कुमार को भी पुलिस के जरिये गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में संजीत उर्फ विक्रांत ने यह भी खुलासा किया है कि उनका गिरोह कारोबारी से रंगदारी मांगने के लिए इंटरनेट कॉल के साथ-साथ अवैध एप का प्रयोग करते हैं।

# अंतराष्ट्रीय व्यापार मेला में लगा झारखंड का स्टॉल



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**
**रांची।** बेंगलूरु में आयोजित अंतराष्ट्रीय व्यापार मेला जैविक और मिलेट-2025 में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने झारखंड में उत्पादित जैविक उत्पादों के साथ-साथ मिलेट के विभिन्न जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई। उक्त एक्सपो में विशेषकर राज्य में उत्पादित जैविक रागी के विभिन्न उत्पाद यथा कुकीज, लड्डू, मिक्सचर, भुजिया एवं खजुरिया की प्रदर्शनी लगाई गई।
कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के स्टॉल का उद्घाटन मंत्री श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। इस अवसर पर कृषि सचिव अबु बकर सिद्दीख पी, विशेष सचिव गोपालजी तिवारी, सलाहकार प्रदीप हजारी. निदेशक (समेति सह- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, ओफाज) विकास कुमार एवं अन्य विभागीय पदाधिकारियों भी मौजूद थे।
राज्य में जैविक विधि द्वारा उत्पादित प्रमाणित विभिन्न जैविक उत्पाद हल्दी, चना, गोविन्द भोग चावल, दाल, रागी, मटर, मक्का, बेसन, कुल्थी दाल, बादाम आदि विशेष रूप से प्रदर्शित की गई है। स्टॉल में आगंतुकों की उत्पादों में काफी रुचि दिखाई दे रही है।
स्टॉल में विभिन्न राज्यों के कई निवेशकर्ता ने उत्पादों का विपणन कराने के लिए स्टॉल से संपर्क किया। राज्य में आकर किसानों के उत्पादों को उत्तम मूल्य पर खरीद करने के लिए उत्पाद उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।

# सीसीएल ने 'डिजिटल विद्या' परियोजना के तहत बनाया स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब




केंद्रीय कोयला सचिव ने इसका वर्चुअल उद्घाटन किया

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**
**रांची।** कोयला मंत्रालय के तत्वावधान में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने झारखंड के 8 जिलों के 193 सरकारी स्कूलों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'डिजिटल विद्या' परियोजना अंतर्गत स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब का निर्माण कराया। इस महत्वाकांक्षी पहल का वर्चुअल उद्घाटन 24 जनवरी को भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के सचिव विक्रम देव दत्त ने किया।
कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) की इस परियोजना के तहत सीसीएल ने झारखंड के रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, चतरा, लातेहार, गिरिडीह और पाकुड़ जैसे जिलों में स्मार्ट क्लासरूम और आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) लैब की स्थापना की है। इसकी कुल लागत 26.13 करोड़ है। परियोजना का क्रियान्वयन एजुकेशनल कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (ईडीसीआईएल) द्वारा किया गया।
उद्घाटन समारोह झारखंड के चतरा जिले के टंडवा ब्लॉक के अपग्रेडेड मिडिल स्कूल, किशुनपुर में आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, शिक्षक, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, लोक प्रतिनिधि, अभिभावक, एवं कम्पनी के अधिकारी उपस्थित थे।
सीसीएल सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह एवं निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़े। छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों, एवं समस्त जन समुदाय को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों द्वारा डिजिटल शिक्षा के माध्यम से बच्चों का भविष्य उज्वल बनाने की दिशा में सीसीएल के योगदान की सराहना की।
सीसीएल ने अपने कमान क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न परियोजनाओं को लागू किया है। 'डिजिटल विद्या' परियोजना शिक्षा के क्षेत्र में सीसीएल की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। यह पहल बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और तकनीकी रूप से सक्षम शिक्षा प्रदान कर, उन्हें समाज में प्रभावशाली भूमिका निभाने के लिए तैयार करेगी।
यह परियोजना झारखंड के सरकारी स्कूलों के छात्रों के शैक्षिक विकास में एक नया आयाम जोड़ेगी। समाज को तकनीकी दृष्टि से समृद्ध बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

संक्षिप्त

### सरायकेला में नो एंट्री से संबंधित निर्देश जारी

**सरायकेला।** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के लिए सरायकेला में नो एंट्री से संबंधित निर्देश जारी कर दिया गया हैं। जिसमें सिनी मोर से चाईबासा रोड बीजेपी कार्यालय तक, सरायकेला राजनगर मार्ग से तितिरबिला पुलिया से सरायकेला तक एवं बड़बील चौक से बिरसा चौक सरायकेला तक सभी प्रकार के माल वाहक बड़ी वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। पूर्वाहन 6:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक समय दिया गया है। शहर में आने वाले भारी वाहन तय स्थान तक ही आ सकेंगे।

### नीलकंठवा टोला के निवासियों को पानी की समस्या से नहीं मिल रही राहत

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत मडमो पंचायत के वार्ड नंबर एक स्थित नीलकंठवा टोला के निवासियों को पानी की समस्या से नही मिल रही है राहत। विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत लगभग सभी पंचायतों में सौर ऊर्जा से संचालित होने वाले जलमीनार की स्थिति दयनीय है। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार गुहार लगाने एवं कई बार खबर प्रकाशन के बाद भी न तो ठेकेदारों की जमीर जागी और न ही विभाग की नींद खुली। लेकिन पानी के लिए हाहाकार के साथ बढ़ती लोगों की तकलीफें आये दिन चर्चा का विषय बनी हुई है। प्रखंड के मडमो के वार्ड संख्या एक में बीते एक वर्ष से निर्मित जलमीनार आज तक संचालित नहीं हो पाया। स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि उक्त मोहल्ले में तकरीबन 10 से 12 घर हैं, जिनकी आस हर घर जल नल योजना पर ही टिकी थी, लेकिन उक्त योजना केवल सिर्फ नाम मात्र ही रह गई है। इस संबंध में लोगों द्वारा कई बार शिकायत की गई परन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। इसी प्रकार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती जा रही विफल योजनाओं से जनता त्रस्त है। बड़ा सवाल यह कि इतनी शिकायतों के बाद भी न तो कोई जांच और न ही कोई सुधार, ऐसा क्यों।

### श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव पहुंचे चतरा

**चतरा।** राज्य के उद्योग और श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव का शुक्रवार को चतरा परिसदन आगमन हुआ। उनके आगमन पर उपायुक्त रमेश घोलप ने आभार व्यक्त करते हुए पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया। श्रम विभाग के तहत संचालित योजनाओं और प्रवासी श्रमिक पुनर्वास योजना 2021, बाल श्रमिक, झारखंड असंगठित सामाजिक सुरक्षा योजना, झारखंड भवन एवं कर्मकार योजना समेत अन्य योजनाओं के बारें में लाभुक जागरूक हों और योजनाओं का लाभ ले सके। इस उद्देश्य से मंत्री ने परिसदन भवन चतरा से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों मे घुम- घुम कर लाभुकों को योजनाओं के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगी। इस मौके पर पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता समेत संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### सड़क सुरक्षा को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**लातेहार।** जिले के मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर के तत्वावधान में गांधी इंटर कॉलेज के छात्रों के लिए सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, मोटरयान निरीक्षक सुनील कुमार, गांधी कॉलेज के प्राचार्य दशरथ साहू, मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर के रवि महलका, दिनेश केशरी और संतोष पांडेय समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक तनवीर हुसैन, आरईए ऋषि राज और आईटी असिस्टेंट राजेश प्रसाद गुप्ता ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान मोटर ट्रेनिंग सेंटर के कर्मचारियों और गांधी कॉलेज के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में गांधी इंटर कॉलेज के छात्रों को सड़क सुरक्षा और ड्राइविंग का विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

## उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने गणतंत्र दिवस परेड पूर्वाभ्यास का किया निरीक्षण

# आत्मविश्वास, उत्साह और देश प्रेम की ऊर्जा के साथ मनाएं गणतंत्र दिवस : उपायुक्त

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**देवघर।** शुक्रवार को स्थानीय के-केएन स्टेडियम में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री विशाल सागर व पुलिस अधीक्षक श्री अजीत पीटर डुंगडुंग की उपस्थिति में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। इसके अलावे पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में जिला पुलिस बल की टुकड़ी, जैप-5 के जवानों की टुकड़ी सहित महिला/पुरूष पुलिस जवान, गृह रक्षा वाहिनी कैडेरों, एनसीसी, स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। इस दौरान सार्जेन्ट मेजर शेरू रंजन द्वारा पूर्वाभ्यास करने वाले प्रतिभागियों का नियमानुसार नेतृत्व किया गया।

इसके अलावे गणतंत्र दिवस की तैयारियों के तहत परेड का पूर्वाभ्यास दिनांक-20.01.2025 से चल रहा था, जिसके तहत आज दिनांक- 24.01.2025 को अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान मौके पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री विशाल सागर ने सभी का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि चेहरे पर आत्मविश्वास, उत्साह और राष्ट्र प्रेम की ऊर्जा के साथ कार्यक्रम को भव्य बनाने में अपना शत प्रतिशत योगदान दे। इसके अलावे पुलिस अधीक्षक श्री अजीत पीटर डुंगडुंग ने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को परेड को लेकर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया।



गणतंत्र दिवस परेड का फाइनल रिहर्सल हुआ पूर्ण.....

इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए उपायुक्त श्री विशाल सागर ने जिलावासियों को मुख्य समारोह में शामिल होने का आग्रह करते हुए कहा कि हम सभी को चाहिये कि हम राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो शान्तिपूर्ण व सुरक्षित ढंग से इस राष्ट्रीय पर्व को मनायें एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने में जिला प्रशासन का सभी सहयोग करें। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि परेड में इस वर्ष सरकारी स्कूल के बच्चियों की टुकड़ी भी शामिल होगी। आगे उपायुक्त ने मुख्य अतिथि माननीय मंत्री जल संसाधन और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग श्री हफीजुल हसन द्वारा 9:05 मिनट पर झंडोतोलन किया जाएगा। साथ ही गणतंत्र दिवस के दिन मुख्य कार्यक्रम स्थल स्थानीय के0के0एन0 स्टेडियम में निर्धारित नियमानुसार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा संध्या 06 बजे से देश भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इस दौरान उपरोक्त के अलावे जिला नजारत उपसमाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला भूअर्जन पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, मुख्यालय पुलिस उपाधीक्षक, सार्जेन्ट मेजर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी कर्मी आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में कृषि यांत्रिकीकरण वितरण समिति की बैठक का आयोजन

# कृषक समूहों को अनुदान पर मिलेगा ट्रैक्टर : उपायुक्त

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**देवघर।** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी श्री विशाल सागर की अध्यक्षता में शुक्रवार को कृषि यांत्रिकीकरण वितरण समिति की बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कृषक समूहों, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य कृषक समूहों को प्रति पैकेज की कुल राशि-6,25,000/- (छः लाख पच्चीस हजार रुपए में अधिकतम अनुदान 5,00,000/- (पाँच लाख) रुपए अनुदान समूह को देय होगा।




अर्थात 1.25,000/- रुपए में समूह को 01 मिनी ट्रैक्टर एवं अन्य दो सहायक कृषि यंत्र यथा कल्टीवेटर केजविल आदि यंत्र दिया जाएगा। इसके अलावे 90 प्रतिशत अनुदानित दर अधिकतम 20,000/- रुपए पम्पसेट (1.5-3 एचपी) 200 फीट एचडीपीई पाईप (63-75 एमएम) एवं (3.5-5 एचपी ) वास्तविक लागत का 90 प्रतिशत अधिकतम 30,000/- रुपए पर तथा 01 एचपी का वास्तविक लागत का 90 प्रतिशत अधिकतम 90,000/- रुपए पर देने हेतु कुल-780 सुयोग्य लाभुकों को चयनित करने का निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। आगे उपायुक्त के निदेर्शानुसार राज्य योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री बड़े ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों/पानी पंचायत समिति/कृषक समूहों/लैम्पस/पैक्स एवं जलछाजन समितियों को बड़ा ट्रैक्टर एवं उसके सहायक कृषि यंत्रों के वितरण हेतु कुल-35 आवेदन को अनुमोदन समिति द्वारा दिया गया है। इस योजना के तहत कुल 10,00,000/- (दस लाख) रुपए में अधिकतम - 5,00,000/- (पाँच लाख) रुपए अनुदान देय होगा। इस योजना में देवघर जिला का कुल लक्ष्य-320 है, जिसमें मात्र 35 का आवेदन प्राप्त हुआ जिसका अनुमोदन दिया गया। साथ ही उपायुक्त ने भूमि संरक्षण सर्वेक्षण पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए आवेदन प्राप्त करें और व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करें, ताकि सुयोग्य लाभुकों को लाभान्वित किया जा सके।

वित्तीय वर्ष 2023-24 का 2024-25 में एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 का वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुदानित दर पर राज्य योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री बड़े ट्रैक्टर वितरण योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं....

राज्य सरकार के निदेर्शानुसार कृषक समूहों को अनुदान पर बड़े ट्रैक्टर का वितरण की योजना अन्तर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों/पानी पंचायतों/कृषक समूहों/लैम्पस/पैक्स एवं जलछाजन समितियों अनुदानित दर पर (बड़ा ट्रैक्टर, एवं उसके सहायक कृषि यंत्रों एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्रों की स्थापना हेतु प्रति पैकेज की कुल राशि-10,00,000/- रूपया (दस लाख रुपए) में बड़े ट्रैक्टर पर अधिकतम अनुदान 50 प्रतिशत एवं दो कृषि यंत्रों के क्रय करने पर अधिकतम अनुदान 80 प्रतिशत देय परन्तु कुल अधिकतम अनुदान 5,00,000/- (पाँच लाख रुपए) ही देय होगा। ऐसे में सुयोग्य लाभुक भूमि संरक्षण सर्वेक्षण कार्यालय, देवघर संयुक्त कृषि भवन, चाँदपुर, देवघर से आवेदन प्राप्त कर दिनांक 13.02.2025 तक पूर्ण रूपेण भरा हुआ आवेदन जमा कर सकते हैं। साथ ही वैसे कृषक समूह जिनके पास किसी एक सदस्य के पास क्तपअपदह लाईसेंस एवं सभी सदस्यों को मिलाकर 10 एकड़ जमीन है, वैसे समूहों को चयन प्रक्रिया के तहत प्राथमिकता दी जायेगी।

इस दौरान उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त श्री नवीन कुमार, भूमि संरक्षण पदाधिकारी श्री संजय कुमार चौधरी, जिला कल्याण पदाधिकरी श्री दयानन्द दूबे, जेएसएलपीएस के अधिकारी, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी श्री रोहित कुमार विद्यार्थी के साथ-साथ संबंधित अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की मनी जयंती



### चैनपुर में स्थित जननायक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**पलामू।** भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती नाई महासभा, अखिल भारतीय नाई महासंघ सहित अन्य संगठनों की ओर से आयोजित किया गया। इस अवसर पर चैनपुर के टेम्पो स्टैंड स्थित कपूर्री ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया किया गया।

नाई महासभा, अखिल भारतीय नाई महासंघ के सदस्यों के साथ-साथ संत मैरियम स्कूल के निदेशक एवं माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव, विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे अजय सिंह चेरो, रवि पाल, प्रदेश अध्यक्ष विजय ठाकुर, महानगर अध्यक्ष धनंजय ठाकुर, नगर कोषाध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, नगर उपाध्यक्ष मनजीत ठाकुर, पूर्व मुखिया प्रेम प्रकाश ठाकुर सहित शैलेश ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, अनुज कुमार ठाकुर, मनोज ठाकुर, प्रेम प्रकाश ठाकुर, नंदकिशोर ठाकुर, राजकिशोर ठाकुर, चंदन ठाकुर, आदित्य ठाकुर, अशोक ठाकुर, सुनील ठाकुर, सुरेश ठाकुर, सत्य प्रकाश ठाकुर, पप्पू ठाकुर, मनोज ठाकुर, अरविंद ठाकुर, हरि नारायण ठाकुर, गंगा ठाकुर, परमेंद्र ठाकुर के अलावा विभिन्न समाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### असम के किसान मेला में झारखंड का जलवा

**पलामू।** असम के गुवाहाटी में शुक्रवार को आयोजित राष्ट्रीय स्तर के किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी में झारखंड के पलामू जिले के हुसैनाबाद के लाल, प्रिय रंजन सिंह ने अपनी अनोखी ऑर्गेनिक कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी लगाकर राज्य का मान बढ़ाया। वी.के.एस. एग्रीफार्म प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा आयोजित इस मेले में झारखंड सरकार के कृषि निदेशालय की ओर से 25 प्रकार के कृषि उत्पादों का स्टॉल लगाया गया। इस मेले में काला आलू, चिया सीड, ब्लैक राइस, रेड राइस, ब्लैक हल्दी, रामदाना, काला नमक किरण राइस, शुगर फ्री राइस, सोनमती आटा, ब्लैक आटा, पिपरमिंट ऑयल और तुलसी ऑयल जैसे अनोखे और पोषक उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की गई।

## उत्पाद विभाग ने मारा छापा अवैध शराब की जब्त



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**सरायकेला।** जिले के उत्पाद अधीक्षक सौरभ तिवारी के निर्देश पर शुक्रवार को गम्हरिया थाना अंतर्गत ग्राम कमलपुर के एक कच्चे मकान में विभाग ने छापेमारी कर अवैध विदेशी शराब विभिन्न ब्रांडों का जप्त किया है।

जप्त किए गए अवैध विदेशी शराब में 'मैकडॉनल्ड' एस नंबर वन, रॉयल स्टैग व्हिस्की, मैजिक एक्स रम, रॉयल गोल्ड कप इंपीरियल गोल्ड एवं किंग गोल्ड की बोतल है। जिसमें 1138 अवैध विदेशी शराब बोतल को बरामद किया गया हैं जिसकी कुल मात्रा 606.09 लीटर हैं। वहीं अवैध विदेशी विनिर्माणशाला के संचालक के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में ओमप्रकाश, रामदेव पासवान, अखिलेश कुमार, सौदागर पंडित एवं गृह रक्षा बल मौजूद रहे।

## कटकमसांडी सीएचसी परिसर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**कटकमसांडी :** शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय अवस्थित सीएचसी परिसर में आयोजित प्रखंडस्तरीय स्वास्थ्य मेले में 325 मरीजों का स्वास्थ्य जांच किया गया। इस मेले का शुभारंभ उपप्रमुख ममता देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष सरयु यादव, मुखिया कुमारी श्रीति पांडेय, उपाध्यक्ष रामानंद सिंह, सीओ सह बीडीओ अनिल कुमार गुप्ता, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. भूषण राणा व डॉ. मुक्ता सोरेंग द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया।



मेले मे 20 स्टॉल लगाए गए। सभी स्टॉल मे स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य जांच के साथ काउंसलिंग भी किया गया। अतिथियों द्वारा स्वास्थ्य मेला का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। मेले में एमटीएस सुरेंद्र कुमार द्वारा वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के मलेरिया, फाईलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, जेई आदि रोगों के बारे मे विस्तृत जानकारी दिया गया व रोगों का लक्षण, बचाव एवं सम्पूर्ण उपचार के साथ साथ फॉलोअप करने के बारे मे बताया गया। मेले में कुल 25 फाईलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट का वितरण कर वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया, जिसमे मरीजों को एमएफडीपी किट का प्रयोग एवं एक्सरसाइज करके बताया गया। इस मेले मे कुल 325 रोगियों का स्वास्थ्य जांच एवं दवाओं के साथ 55 आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। 75 रोगियों का मलेरिया जांच स्लाइड व आरडीके से किया गया। 130 मरीजों का संचारी एवं गैर संचारी जांच किया गया। साथ ही सौ डेज टीबी कार्यक्रम के तहत 45 मरीजों का स्पुटम जांच हेतु सलावा लिया गया। 11 महिलाओं का बंध्याकरण आपरेशन किया गया।

### बोधीबागी में लगेगा 15 दिवसीय शहीद मेला

**ईचाक :** प्रखंड के बोधीबागी मैदान में बहुचर्चित 15 दिवसीय शहीद मेला का उद्घाटन रविवार को गणतंत्र दिवस के दिन अपराह्न 3:30 बजे होगा। सेवानिवृत सैनिक फीता काट कर मेले का शुभ उद्घाटन करेंगे। इससे पहले कारगिल शहीद रघुवीर प्रसाद मेहता के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण ओर पुष्प अर्पित किया जाएगा। शहीद मेला समिति के संयोजक सह निर्दलीय विधायक प्रत्याशी बटेश्वर मेहता शुक्रवार की शाम को शहीद मेले की तैयारी का जायजा लेने बोधीबागी मैदान पहुंचे। उन्होंने कहा कि 15 दिवसीय शहीद मेला शहीद सैनिकों के सम्मान में लगाया जा रहा है। यह मेला 26 जनवरी से 11 फरवरी तक चलेगा। उन्होंने कहा कि इचाक वीर योद्धाओं की धरती रही है।

# पाटन-पांकी में सड़क हादसे, महिला समेत दो की मौत

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**पलामू।** पलामू जिले के पाटन एवं पांकी थाना क्षेत्र में शुक्रवार को अलग अलग सड़क हादसे में एक महिला समेत दो की मौत हो गयी, जबकि दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

पहली घटना पाटन थाना क्षेत्र के कारीहार में हुई। यहां टेम्पो में बैठने के दौरान एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने महिला को टक्कर मार दी। इलाज के लिए ले जाने के क्रम में मौत हो गयी।

दूसरी घटना पांकी-बालूमाथ मुख्य पथ करामाटी में हुई। ऑल्टो कार और पिकअप में जोरदार टक्कर हो गयी, जिससे एक की मौत हो गयी, वहीं दो लोग जख्मी हो गए। सूचना मिलने के बाद पाटन एवं पांकी पुलिस छानबीन में जुटी है।






जिले के पाटन थाना क्षेत्र के कारीहार में टेम्पो पर बैठ रही महिला को बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिसे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे एमआरएमसीएच में लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गयी। महिला की पहचान रीता देवी (38), पति लक्ष्मण शर्मा के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रीता गुरूवार दोपहर वह अपने रिश्तेदार के यहां कारीहार गई हुई थी। वहां से वह वापस ससुराल कांकेकला आ रही थी। टेम्पो में बैठने जा रही थी। इस क्रम में तेज गति से आ रही मोटरसाइकिल ने उसे धक्का मार दिया। बाइक चालक मौके पर मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गया। रीता देवी को ग्रामीणों के जरिये एमआरएमसीएच में लाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पाटन थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। बाइक सवार व्यक्ति की पहचान की जा रही है। बाइक को कब्जे में ले लिया गया।

जिले के पांकी थाना क्षेत्र के पांकी-बालूमाथ मुख्य पथ में कारीमाटी में ऑल्टो कार और पिकअप में जोरदार टक्कर हो गयी, जिसमें ऑल्टो कार ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। मृतक की पहचान चतरा निवासी सुजीत पांडे, पिता मिथलेश पांडेय के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सुजीत फिलहाल कुछ दिनों से डालटनगंज में रहते थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में होगा गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह

▸ डीसी-एसपी ने किया परेड का निरीक्षण, तिरंगे को दी सलामी

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** 76वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य समारोह की तैयारी बोकारो में जोरशोर से चल रही है। शुक्रवार को सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास हुआ। निरीक्षण उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव एवं पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने किया। परेड के निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान उपायुक्त व एसपी ने मुख्य समारोह के कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए परेड से संबंधित कई दिशा-निर्देश दिए। मौके पर उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद, डीआरडीए निदेशक श्रीमती मेनका, अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास श्रीमती प्रांजल ढांडा, जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती वंदना शेजवलकर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रीमती शालिनी खालको, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।



### परेड में 12 प्लाटूंस हुए शामिल

परेड में सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स 26वीं बटालियन, सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स, झारखंड आर्म्ड पुलिस फोर्स (जैप - 4), जिला सशस्त्र बल पुरुष, जिला सशस्त्र बल महिला, गृह रक्षा बल, नेशनल कैडेट कॉर्प्स बीआइवी स्कूल सेक्टर टू डी, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चास, लकड़ाखंदा स्कूल सेक्टर -2, जीजीपीएस स्कूल सेक्टर 05, एमजीएम स्कूल सेक्टर 04 एफ. एवं दी पेंटाकोस्टल एसेंबली स्कूल का एक-एक प्लाटून शामिल हुआ। मौके पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कसमार, जरीडीह की छात्राओं द्वारा बैंड डिस्प्ले एवं जिला पुलिस द्वारा डाग शो को प्रदर्शित किया गया।

### सजधज कर तैयार हो रहा मैदान

इधर, गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर पुलिस लाइन मैदान की रंगाई-पुताई कर आकर्षक तरीके से सजाया जा रहा है। मौके पर उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने कहा कि पूरे हर्षोल्लास के साथ 76वें गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परेड के अंतिम पूर्वाभ्यास का आज जायजा लिया। सभी प्लाटूनों ने निर्धारित समय पर कार्यक्रम को पूरा किया। कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं द्वारा बैंड का डिस्पले भी किया गया। संबंधित पदाधिकारियों को कुछ जरूरी दिशा-निर्देश दिया है, जिसका अनुपालन करने को कहा गया है।

## संक्षिप्त

### चतुर्थवर्गीय सरकारी कर्मियों का धरना 9 को

**बोकारो।** झारखंड राज्य चतुर्थवर्गीय सरकारी कर्मचारी संघ की राज्य कार्यसमिति की ऑनलाइन बैठक, संघ के राज्याध्यक्ष सहदेव प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों से चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों के प्रतिनिधि सदस्य शामिल हुए। बैठक में संघ के प्रदेश महामंत्री सपन कुमार कर्मकार ने कहा कि झारखंड राज्य के गठन के बाद भी चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को पद प्रोन्नति का अधिकार नहीं मिला है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने यह भी बताया कि बिहार में यह सुविधा उपलब्ध थी, लेकिन झारखंड में अब तक किसी भी कर्मचारी को तृतीय वर्ग के पद पर प्रोन्नति नहीं दी गई। संघ ने मुख्यमंत्री और विधानसभा सदस्यों से मांग की है कि चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को उनके हक और अधिकार दिलवाए जाएं। इसके अलावा, प्रदेशभर में कर्मचारियों की दयनीय स्थिति को उजागर करते हुए, सरकार से उनकी लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करने की अपील की गई है।

### नक्सली को पुलिस ने लिया रिमांड पर

**बोकारो।** बेरमो अनुमंडल पुलिस ने 15 लाख रुपए के इनामी नक्सली रणविजय महतो को रिमांड पर लिया। रणविजय को मंगलवार को पुलिस ने चंद्रपुरा से गिरफ्तार किया था। बेरमो अनुमंडल पुलिस ने तेनुघाट स्थित न्यायालय से अनुरोध कर चार दिनों के लिए रिमांड पर लिया है। विदित हो कि उसे पुलिस ने दो दिनों पूर्व एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति के न्यायालय में पेश किया था, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। गौरतलब है कि रणविजय मंगलवार की शाम को पुलिस ने चंद्रपुरा से रणविजय महतो उर्फ रंजय उर्फ नेपाली महतो को गिरफ्तार किया था। वहीं उसकी निशानदेही पर उसी रात ऊपर घाट के पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बंसी-जरवा के जंगल में छापेमारी की गई, जहां नक्सलियों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। जिसमें रणविजय महतो की पत्नी सह गिरिडीह निवासी एरिया कमांडर शांति देवी एवं नक्सली मनोज टुडू मारे गए। जबकि कई नक्सली फरार हो गए थे।

### खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**चंद्रपुरा।** चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत घटियारी पंचायत की ओर से शुक्रवार को हाई स्कूल मैदान में अंतर विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें घटियारी उत्क्रमित प्लस टू हाई स्कूल, नव प्राथमिक विद्यालय भूरसाबाद, नव प्राथमिक स्कूल डाही- लतबेधी, नव प्राथमिक स्कूल मंगलडाडी, नव प्रारंभिक विद्यालय पिपराडीह एवं एनपीएस ललमटिया के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन चंद्रपुरा प्रमुख चांदनी परवीन, मुखिया रेखा देवी एवं विनोद कुमार दास ने किया। प्रमुख ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अनुशासन और पढाई के साथ खेलकूद भी जरूरी है। मुखिया ने कहा कि खेलकूद में करियर की असीम संभावनाएं हैं। स्वस्थ रहने के लिए भी खेलकूद आवश्यक है। तत्पश्चात संपन्न हुए एक सौ मीटर की दौड, चम्मच रेस बिस्कुट रेस, म्यूजिकल चेयर रेस एवं क्विज - कविता पाठ सहित विभिन्न इवेंट के अव्वल प्रतिभागियों के बीच पंचायत प्रतिनिधियों ने पुरस्कार वितरण किए।

### आकांक्षी जिला अंतर्गत जिले में कार्यों की प्रगति को लेकर डीसी ने की समीक्षा, कहा

# नीति आयोग के सभी आयामों के अनुरूप योजनाओं में लाएं सुधार

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त विजया जाधव ने आकांक्षी जिला अंतर्गत नीति आयोग की ओर से निर्धारित विभिन्न आयामों स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास एवं बुनियादी ढांचा के तहत जिले में किए गए कार्यों की समीक्षा की। इसके लिए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। प्रगति की जानकारी पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से ली। स्वास्थ्य एवं पोषण के तहत विभिन्न कार्यक्रमों में किए गए कार्यों की जानकारी ली।



उन्होंने समीक्षा क्रम में प्रखंडवार गंभीर तीव्र कुपोषण एवं मध्यम तीव्र कुपोषण के तहत चिह्वित बच्चों और उनको कुपोषण मुक्त बनाने को लेकर किए गए प्रयासों की जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से भी सैमझ्मैम बच्चों के परिजनों को जोड़ने की बात कही, ताकि उनके जीवन के स्तर में सुधार हो सके।

स्वास्थ्य एवं पोषण आयाम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, संस्थागत प्रसव, संपूर्णता अभियान, यक्ष्मा उपचार आदि की समीक्षा कर जरूरी दिशाझ्निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण को लेकर महिला पर्यवेक्षिकाओं को पोषक क्षेत्र में भूमि चिह्नित कर सीडीपीओ को बताने का निर्देश दिया। प्रदर्शन में सुधार का सक्सेस स्टोरी तैयार करने को कहा। उपायुक्त ने शिक्षा आयाम के तहत नामांकित बच्चों, अभिभावक, शिक्षक सम्मेलन में बताई जाने वाली बातों, प्राथमिक से उच्च विद्यालयों में बच्चों के बीच पुस्तक वितरण, बिजली-पानी, शौचालय आदि की सुविधाओं की समीक्षा कर खराब प्रदर्शन वाले इंडिकेटर में बेहतर करने का निर्देश दिया। जिन विद्यालयों में पेयजल की समस्या है, उनमें वैकल्पिक व्यवस्था की योजना तैयार कर प्रस्तुत करने को जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया। उपायुक्त ने कृषि-जल संसाधन आयाम के तहत जिले में लघु सिंचाई योजना के तहत किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने, कृषि उपज को बढ़ाने को लेकर संचालित योजनाओं से किसानों को आच्छादित करने, किसानों को बैंकों द्वारा ऋण उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा की। उपायुक्त ने शेष आयामों की भी समीक्षा कर जरूरी दिशा-निर्देश दिया। कहा कि सभी लक्ष्य के अनुरूप अपने प्रदर्शन में सुधार लाएं। मौके पर डीडीसी गिरजा शंकर प्रसाद, सीएस डॉ. एबी प्रसाद, डीपीआरओ मो. शफीक आलाम, डीपीओ राज शर्मा, डीईओ जगरनाथ लोहरा, डीआईओ धनंजय कुमार, एमओआइसी, सीडीपीओ, नोडल महिला पर्यवेक्षिका आदि मौजूद थे।

## आलू खाने आया झुंड से भटका हाथी लड़खड़ाकर औंधे मुंह कुएं में गिरा, मौत

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** जिले के बेरमो अनुमंडल अंतर्गत महुआटांड़ थाना क्षेत्र के गोपो गांव में रात के अंधेरे में एक जंगली हाथी की कुएं में औंधे मुंह गिरने से मौत हो गई। घटना गुरुवार-शुक्रवार की रात लगभग दो बजे की बताई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि हाथी रात के समय बाड़ी में लगी आलू की फसल खाने आया था।

इसी दौरान अंधेरे में उसे बिना दीवार वाली कुएं का आगे पता नहीं चला और मुंह के बल सीधे उसमें जा गिरा। इससे उसकी मौत हो गई। सुबह ग्रामीण जब बाड़ी तरफ गए तो आलू की फसल रौंदी हुई अवस्था में मिली। इसी बीच किसी ग्रामीण की नजर कुएं पर पड़ी तो एक बड़े हाथी को कुएं में गिरा हुआ पाया गया। कुएं में पानी कम था। हाथी मुंह के बल कुएं में गिरने के कारण पांच फीट की चौड़ाई वाले गहरे गड्ढे में पूरी तरह फंस गया। हिलडुल तक न सका। कम चौड़ा होने के कारण कुएं से वह सूंढ व सिर भी बाहर नहीं निकाल सका।



### क्रेन लगाकर निकाला जा सका बाहर, उमड़ी सैकड़ों लोगों की भीड़

शुक्रवार सुबह जिले के भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारी संदीप कुमार शिंदे के नेतृत्व में मृत हाथी को कुएं से बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। उन्होंने सीसीएल प्रबंधन रजरप्पा से सम्पर्क कर क्रेन मंगवाई। दोपहर 1:30 बजे क्रेन की मदद से मृत हाथी को कुएं से बाहर निकाला गया। इस दौरान हाथी देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। कुएं के चारों तरफ सैकड़ों लोगों की भीड़ लगी रही। मुखिया ने बताया कि जिस किसान का यह कुआं है, उसकी फसल नष्ट हुई है। उन्होंने वन विभाग से नुकसान की भरपाई किए जाने की मांग की है।

## महाकुंभ मेले में बोकारो की रंजना के सुरों की त्रिवेणी में आज गोते लगाएंगे लोग

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** बोकारो की लब्ध-प्रतिष्ठित राष्ट्रीय लोकगीत कलाकार रंजना राय अपनी गायकी का परचम एक बार फिर लहराने जा रही है। तीर्थनगरी प्रयागराज में चल रहे साधु-संतों और श्रद्धालुओं के आस्था के महोत्सव महाकुंभ में शनिवार को अपने गीतों से समां बांधेंगी।

महाकुंभ में आए लोग शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के कला संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित त्रिवेणी नामक मंच पर सुरों की त्रिवेणी में गोते लगाएंगे। उक्त जानकारी देते हुए श्रीमती राय ने कहा कि शनिवार शाम को उनका कार्यक्रम होगा और इसे लेकर वह काफी उत्साहित हैं। साधु-संतों, ऋषि-मुनियों के बीच यूपी-बिहार की लोक परंपरा और आंचलिकता को वह अपने गीतों के माध्यम से परोसेंगी। उल्लेखनीय है कि बीएसएल में मुख्य महाप्रबंधक दीपक राय की सहधर्मिणी रंजना राय लोक गायकी के क्षेत्र में लगातार अपनी प्रस्तुति से लोगों के बीच खास जगह बना रही हैं। उन्होंने कहा कि लोक गायिकी उन्हें बचपन से ही पसंद है। बता दें कि उत्तर प्रदेश, बिहार व झारखंड में अब तक सैकड़ों प्रोग्राम दे चुकी हैं। रंजना का गायन अब किसी परिचय का मोहताज नहीं रहा। अपनी मेहनत की बदौलत लोक कलाकार रंजना राय ने पारंपरिक गीतों के अलावा कजरी, ठुमरी, चौती, दादरा में अपनी गायकी से श्रोताओं व दर्शकों के बीच अपनी खास पहचान बनायी है।

## जेईई मेन के पहले सेशन में बोकारो के कुल 1986 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित देश की सबसे प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) के पहले सत्र का आयोजन शुक्रवार को बोकारो में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बोकारो में 22 से 24 जनवरी तक तीन दिनों की अवधि में कुल 2069 में से 1986 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

जबकि, 83 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए यहां दो केंद्र बनाए गए थे। पहला सेंटर चास में नवाडीह मूर्तिटांड़ स्थित आरआर टेक्नोलॉजी और दूसरा चिकसिया (चास) में डॉ. एस. राधाकृष्णन बीएड कॉलेज के समीप बोकारो एजुकेशन ट्रस्ट कैंपस स्थित अल्फा आईसीटी सेंटर को बनाया गया था। एनटीए के सिटी को-ऑर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने परीक्षा के सफल, सुचारू एवं कदाचार-मुक्त आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसके लिए सभी केंद्राधीक्षकों, पर्यवेक्षकों तथा जिला प्रशासन के सहयोग के प्रति विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि तीनों दिन की परीक्षाएं पूर्णयता शांतिपूर्ण माहौल में हुईं। कहीं से भी किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी की सूचना नहीं है। परीक्षा के पहले दिन 22 जनवरी को कुल 658 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 33 अनुपस्थित रहे। दूसरे दिन 23 जनवरी को 676 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, तो 25 अनुपस्थित रहे। वहीं, तीसरे दिन 652 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 25 अनुपस्थित रहे। शुक्रवार को आरआर टेक्नोलॉजी सेंटर पर पहली पाली में कुल 141 में 138 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 03 अनुपस्थित रहे। इसी केंद्र पर दूसरी पाली में कुल 96 में 94 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 02 अनुपस्थित रहे। वहीं, अल्फा आईसीटी सेंटर में बने केंद्र में पहली पाली में कुल 220 में 209 कैंडिडेट ने परीक्षा दी। जबकि, 11 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में कुल 220 में 211 ने परीक्षा दी और 09 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### दोनों सेशन का एग्जाम देना फायदेमंद : डॉ. गंगवार



सिटी को-ऑर्डिनेटर डॉ. गंगवार ने बताया कि इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपना करियर संवारने को इच्छुक विद्यार्थियों के लिए जेईई मेन मुख्य आधार है। जेईई मेन का एग्जाम दो सत्रों में इसलिए करवाया जाता है, ताकि स्टूडेंट्स अगर एक सेशन में अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाएं तो दूसरे सत्र में वे फिर से अच्छा परसेंटाइल पाने की कोशिश कर सकें। अभ्यर्थियों के लिए स्कोर बढ़ाने का यह एक अच्छा मौका होता है। एनटीए दोनों सत्रों में से उसी सत्र का स्कोर फाइनल रिजल्ट में शामिल करता है, जिसमें परीक्षार्थी को ज्यादा अंक मिले होते हैं। लिहाजा, दोनों सेशन में एग्जाम देने से फाइनल रैंक सुधारने का अवसर मिलता है, जिसका लाभ विद्यार्थियों को अवश्य लेना चाहिए।

**अप्रैल में होगा दूसरा सेशन**

सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. गंगवार ने बताया कि जेईई मेन का पहला सेशन 22 से 31 जनवरी 2025 तक हो रहा है, जिसमें बोकारो में 22, 23 और 24 जनवरी को परीक्षाएं हुईं। दूसरा सत्र आगामी 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 की अवधि में होगा।

## कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालयों में रंगोली व पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

▸ तीन-तीन बच्चियों को किया गया पुरस्कृत

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की दसवीं वर्षगांठ पूरे भारत वर्ष में मनाई जा रही है। यह कार्यक्रम 22 जनवरी से लेकर 08 मार्च, 2025 तक चलेगा।



इसके तहत जिले में अलग-अलग तिथियों को अलग-अलग कार्यक्रम किये जा रहे हैं। इसी के तहत शुक्रवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिले के सभी कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालयों में रंगोली प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई और उसमें प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही, जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा जंक फूड एवं सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से बचाव से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। रंगोली प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता में सभी कस्तूरबा विद्यालय की बालिकाओं ने भाग लिया एवं कई सुंदर-सुंदर रंगोली एवं पोस्टर बनाए गए। सभी कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता में से तीन-तीन बच्चियों को प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय बालिका दिवस हर साल 24 जनवरी को मनाया जाता है। 2009 को पहली बार राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया, ताकि लोगों की सोच में बदलाव लाया जा सके और बालिकाओं के प्रति भेदभाव को समाप्त किया जा सके। हर साल इस दिन के लिए एक खास थीम निर्धारित की जाती है, राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 की थीम है- सुनहरे भविष्य के लिए बच्चियों का सशक्तिकरण।

## सेल दिवस के साथ हैप्पी स्ट्रीट के कार्यक्रमों का हुआ समापन



▸ नृत्य-संगीत और खेलकूद की आकर्षक गतिविधियों से गुलजार रही सड़क

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** सेल दिवस (24 जनवरी) के कार्यक्रमों के साथ बोकारो में हैप्पी स्ट्रीट के कार्यक्रमों का शुक्रवार को समापन हो गया। इस वर्ष हैप्पी स्ट्रीट के अंतिम कार्यक्रमों की तैयारी गुरुवार से हो शुरू हो गई थी।

शुक्रवार सुबह नृत्य-संगीत, खेलकूद एवं अन्य स्वस्थ तथा मनोरंजक स्पधाओं की विभिन्न गतिविधियों से बोकारो मॉल से गांधी चौक तक की सड़क गुलजार रही। कहीं कोई नृत्य में झूमते दिखे तो कहीं कोई संगीत गाते भी दिखे। सामूहिक योगाभ्यास, नृत्य, संगीत, चित्रांकन जैसी कई स्पधाओं में लोगों ने खूब मजे किए। सुबह-सुबह काफी संख्या में युवा और स्कूली बच्चे पहुंचे, जहां गीत संगीत नृत्य के साथ-साथ खेल का भी प्रदर्शन किया। सामाजिक संगठनों की ओर से स्वास्थ्य और योग केंद्र लगाए गए थे। इसमें काफी बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान खाना बनाओ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें बोकारो महिला समिति की ओर से फूड स्टॉल पर लोगों ने कई तरह के व्यंजन बनाया। इसका लोगों ने भरपूर आनंद लिया।

हैप्पी स्ट्रीट एक बार फिर बोकारो में खुशहाली की एक नई राह बनकर सामने आई है। सेल दिवस पर सेहत और मनोरंजन को लेकर लोगों ने कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए। बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी सहित कई अधिकारियों ने नृत्य आदि में भाग लिया। कोई कसरत रहा था, कोई प्राणायाम में व्यस्त था, तो कोई गीत-संगीत में रमा था। वहीं, बच्चे नृत्य, चित्रकारी, एरोबिक्स, पेंटिंग आदि गतिविधियों में व्यस्त दिखे। बच्चों द्वारा प्रस्तुत आदिवासी नृत्य और अन्य तरह के नृत्यों ने लोगों को खूब लुभाया।

# बोकारो में संविधान गौरव दिवस अभियान के तहत भाजपा की संगोष्ठी

## भाजपा ने ही दिया बाबा साहब डॉ. अंबेडकर को सम्मान : अन्नपूर्णा देवी

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** बोकारो जिला भारतीय जनता पार्टी की ओर से शुक्रवार को बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर-2 स्थित मां अम्बे गार्डन में संविधान गौरव अभियान के तहत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने की तथा संचालन जिला महामंत्री संजय त्यागी ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पण और मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर किया गया। केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अपने संबोधन में विपक्ष पर बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान निर्माण में बाबा साहब का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। बाबा साहेब का कांग्रेस ने हमेशा अपमान किया, भाजपा ने बाबा साहेब का सदैव सम्मान किया है और हमेशा करते रहेंगे। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सम्मान में भाजपा समर्थित सरकार ने उनके मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने और 1990 में उनका चित्र संसद में स्थापित करने का महत्वपूर्ण कदम उठाया था। इतना ही नहीं, भाजपा सरकार ने 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाने की परम्परा शुरू की। भाजपा ने बाबा साहेब के सम्मान में पंच तीर्थ स्थल भी विकसित किया। कांग्रेस पार्टी ने सदैव अपनी निजी राजनीतिक स्वार्थ में संविधान का संशोधन किया, परंतु भाजपा ने देशहित में संविधान का संशोधन किया। कांग्रेस हमेशा से दलित विरोधी और संविधान विरोधी पार्टी रही है। यह कांग्रेस की दलित और पिछड़े वर्गों के प्रति नफरत को दशार्ता है। जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने संविधान का असली रक्षक और बाबा भीमराव आंबेडकर को सबसे अधिक सम्मान देने वाली पार्टी भाजपा को बताया। उन्होंने कहा कि संविधान निमार्ता भीमराव आंबेडकर जी का हमेशा अपमान कांग्रेस ने किया है। कांग्रेस ने संविधान में 75 संशोधन कर संविधान का अपमान किया, जबकि भाजपा सरकार ने राष्ट्रहित में कुछ संशोधन कर संविधान को सम्मान दिया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संसद भवन में बाबा साहब का चित्र लगाकर उन्हें सम्मान दिया। भाजपा सरकार ने उन्हें भारत रत्न दिया। कार्यक्रम में रोहित लाल सिंह, अम्बिका खवास, कुमार अमित, विनय सिंह, देवी लाल, परिंदा सिंह, शशिभूषण ओझा, आरती राणा, अनिल स्वर्णकार, मुकेश राय, लक्ष्मण नायक, कृष्ण कुमार मुन्ना, विक्रम पाण्डेय, अर्जुन सिंह, गोउर रजवार, विनोद गोराई, अर्चना सिंह, सुनीता दास, गिरिजा देवी, संजय सिंह, सुरेन्द्र राज, सुभाष महतो, इंद्र कुमार झा, अनिल सिंह, मंटू राय, ईश्वर महतो, कमलेश राय, संजय सिन्हा, दिलीप श्रीवास्तव, शंकर रजक, विक्की राय, अमर स्वर्णकार, अशोक शर्मा, ब्रज दुबे, भानु प्रताप सिंह सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाताओं को जागना होगा

राष्ट्रीय मतदाता दिवस



ललित गर्ग

**किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। इसलिये इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है और उन्नत राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी निभाता है।**

भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है। विश्व में भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान को लेकर कम होते रुझान को देखते हुए इस दिवस को मनाने की आवश्यकता महसूस हुई और पहली बार इसे वर्ष 2011 में मनाया गया। इसके मनाए जाने के पीछे निर्वाचन आयोग का उद्देश्य था कि देश अधिकतम मतदान को प्रोत्साहन दिया जाये। 'मतदाता बनने पर गर्व है, मतदान को तैयार हैं' जैसे नारों के साथ मतदान दिवस मनाने का मुख्य कारण है कि लोगों को मतदान का महत्व बताया जाए ताकि लोग इसके प्रति जागरूक हो और अपने मत का आवश्यकतरूप से उपयोग करते हुए सही उम्मीदवार को चुने। 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2025 की थीम है 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम।' ऐसा करके ही लोकतंत्र को मजबूती दी जा सकती है। पिछले कुछ वर्षों में इसने मतदान के अधिकार के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विशेषतः युवा मतदाताओं को पंजीकृत करने, उन्हें मताधिकार का उपयोग करने के लिये अग्रसर और प्रेरित करने में इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका बनी है। चुनाव आयोग इस मंच का उपयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों में योगदान देने वाले अधिकारियों, हितधारकों और संगठनों के प्रयासों को मान्यता देने के लिए भी करता है। यह लोकतांत्रिक मील का पत्थर बना है और भारत के लोकतंत्र के 78 वर्षों की यात्रा और चुनावी अखंडता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता के लिये इसे जश्न रूप में मनाया जाता है।

किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। इसलिये इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है और उन्नत राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी निभाता है। सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं बैठता अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाकर नायक चुनती है। लेकिन जनता तिलक किसको लगाये, इसके लिये सब तरह के साम-दाम-दंड अपनाये जा रहे हैं। हर राजनीतिक दल अपने लोकलुभावन वायदों एवं घोषणाओं को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बता रहे हैं, जो सब समस्याएं मिटा देगी तथा सब रोगों की दवा है। लेकिन ऐसा होता तो आजादी के अमृतकाल तक पहुंच



जाने के बाद भी देश गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अफसरशाही, बेरोजगारी, अशिक्षा, स्वास्थ्य समस्याओं से नहीं जुझता दिखाई देता। ऐसी स्थिति में मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि 'अगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे।' इसलिये यह दिवस मतदाता को जागरूक करने के साथ प्रशिक्षित भी करता है।

भारतीय लोकतंत्र दुनिया का विशालतम लोकतंत्र है और समय के साथ परिपक्व भी हुआ है। बावजूद इसके लोकतंत्र अनेक विसंगतियों एवं विषमताओं का भी शिकार है। मुख्यतः चुनाव प्रक्रिया में अनेक छिद्र हैं, सबसे बड़े लोकतंत्र का सबसे बड़ा छिद्र चुनावों की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को लेकर है। खरीद-फरोख्त, नशा एवं मतदाताओं को लुभाने एवं आकर्षित करने का आरोप भी लोकतंत्र पर बड़े दाग हैं। चुनाव सुधारों की तरफ हम चाह कर भी बहुत तेजी से नहीं चल पा रहे हैं। चुनाव आयोग जैसी बड़ी और मजबूत संस्था की उपस्थिति के बाद भी चुनाव में धनबल, बाहूबल एवं सत्ताबल का प्रभाव कम होने के बजाए बढ़ता ही जा रहा है। ये तीनों ही हमारे प्रजातंत्र के सामने सबसे बड़ा संकट है। इन सब संकटों से मुक्ति के लिये मतदाता की जागरूकता की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण पहलू चुनाव है, लोकतंत्र में स्वस्थ मूल्यों को बनाये रखने के साथ उसमें सभी मतदाताओं की सहभागिता को सुनिश्चित करना जरूरी है। इसके लिये चुनाव आयोग का आरईवीएम के प्रयोग का प्रस्ताव सैद्धांतिक तौर पर एक सराहनीय एवं जागरूक लोकतंत्र की निशानी है। क्योंकि आजादी के बाद से ही जितने भी चुनाव हुए है, उनमें लगभग आधे मतदाता अपने मत का उपयोग अनेक कारणों नहीं कर पा रहे हैं, ऐसा हर चुनाव में होता आया है। इसलिए लंबे समय से मांग उठती रही थी कि ऐसे लोगों के लिए मतदान का कोई व्यावहारिक एवं तकनीकी उपाय निकाला जाना चाहिए। उसी के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के द्वारा घरेलू प्रवासियों के लिए आरवीएम का प्रस्ताव एक सूझबूझभरा एवं दूरगामी सोच एवं विवेक से जुड़ा उपक्रम है। जरूरत है राजनीतिक दल ऐसे अभिनव उपक्रम का विरोध करने या अवरोध खड़ा करने की बजाय उसका अच्छाइयों को स्वीकार करते हुए स्वागत करें।

इनदिनों दिल्ली विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां उग्रता पर है और इसमें मुफ्त की रेवडियां बांटने की होड़-सी लगी है। लोकतन्त्र में यह मुफ्त बांटने की मानसिकता एक तरह का राजशाही का अन्दाज ही कहा जायेगा जो लोकतंत्र के मूल्यों के विपरीत है। लोकतंत्र में कोई भी सरकार आम जनता की सरकार ही होती है और सरकारी खजाने में जो भी धन जमा होता है वह जनता से वसूले गये शुल्क या टैक्स अथवा राजस्व का ही होता है। राजशाही के विपरीत लोकतन्त्र में जनता के पास ही उसके एक वोट की ताकत के भरोसे सरकार बनाने की चाबी रहती है। दरअसल, जनता के हाथ की इस चाबी को अपने पक्ष में घुमाने एवं जीत का ताला खोलने के लिये यह मुफ्त की संस्कृति एक राजनीतिक विकृति के रूप में विकसित हो रही है। वृद्धों को मुफ्त धार्मिक यात्रा-पेंशन, युवाओं को रोजगार देने का वायदा, महिलाओं को नगद राशि एवं मुफ्त बस सफर हो या बिजली-पानी या गैस सिलेंडर। हालात यह हो गए है कि इस मामले में लगभग सभी पार्टियों के बीच एक होड़ जैसी लग गई है कि मुफ्त के वादे पर कैसे मतदाताओं से अपने पक्ष में लुभा कर मतदान कराया जा सके। इससे राज्यों का आर्थिक संतुलन लड़खड़ाता है या वे कर्ज में डूबती है तो इसकी चिन्ता किसी भी दल की सरकार को नहीं है। इस बड़े संकट से उबारने का काम मतदाता ही कर सकता है, वह बिना प्रलोभन, लोभ एवं मुफ्त की सुविधाओं के निष्पक्ष मतदान के लिये आगे आये।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस से जुड़ा एक और महत्वपूर्ण विमर्शनीय विषय है लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का सुझाव, इसको लेकर एक सार्थक बहस छिड़ी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों चुनावों को एक साथ कराने का सुझाव दिया था। चुनाव एक साथ कराने का विचार बहुत नया हो, ऐसा भी नहीं है। पिछली सरकारों में भी समय-समय पर इस पर चचाएं होती रही हैं। लेकिन इस व्यवस्था को लागू करने को लेकर अनेक संवैधानिक समस्याएं भी और कुछ बुनियादी सवाल भी है। इन सबका समाधान करते हुए यदि हम यह व्यवस्था लागू कर सके तो यह सोने में सुहागा होगा। जनता की गाढी कमाई की बबार्दी को रोकने, बार-बार चुनाव प्रक्रिया के होने जनता को होने वाली परेशानी और प्रशासनिक कार्य में होने वाली असुविधाओं को रोकने के लिए चुनाव एक साथ कराने की व्यवस्था निश्चित रूप से लोकतंत्र को एक नई उष्मा एवं नया परिवेश देगी। यदि इसके लिये कोई सर्वमान्य रास्ता निकलता है तो सचमुच यह देश, समाज और लोकतंत्र के हित में होगा। जैसाकि हम जानते हैं कि लोग शीघ्र ही अच्छा देखने के लिए बेताब हैं, उनके सब्र का प्याला भर चुका है। लोकतंत्र को दागदार बनानेवाले अपराध और अपराधियों की संख्या बढ़ रही है। जो कोई सुधार की चुनौती स्वीकार कर सामने आता है, उसे रास्ते से हटा दिया जाता है। लेकिन इस बार राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर ऐसा एक नया रास्ता बने जो लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने एवं चुनाव की खामियों को दूर करने के लिये एक नया सूरज उदित करे और मतदाताओं को उनकी जिम्मेदारियों का अहसास कराये, तभी इस दिवस की सार्थकता एवं प्रासंगिकता है।

## संपादकीय

### अफवाह से पसरी मौत

उत्तर महाराष्ट्र के जलगांव में आग फैलने की अफवाह के चलते तेरह की ट्रेन से कट कर मौत वाकई दुखदाई है। लखनऊ से मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस में आग की अफवाह के कारण यात्रियों द्वारा चेन खींच कर कूदकर भागते हुए दूसरी पटरी पर आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस ने रौंद दिया। शुरूआती जानकारी के अनुसार जनरल बोगी में चिंगारी उठने और धुंआ फैलने से अफरा-तफरी हुई और आग की अफवाह तेजी फैल गई। रेलवे के अनुसार एक्सल के गरम होने या ब्रेक जाम होने के कारण ऐसा हो जाता है। चूंकि उस जगह ट्रैक घुमावदार था इसलिए दूसरी तरफ से आ रही तेज रफ्तार ट्रेन नजर नहीं आई। इस सेक्शन पर ट्रेनें सौ किलोमीटर की रफ्तार से दौड़ती हैं। रेल विभाग ने अपने चालकों का पक्ष रखते हुए बताया कि दोनों ने फ्लैशर ऑन कर नियमों का पालन किया था। सबसे बड़ा सवाल है, ट्रेन के पहियों से धुंआ क्यों और कितना निकला। दूसरे, यह रख-रखाव से जुड़ी लापरवाही तो नहीं है या उपकरणों में की गई कोताही। जिसे रेल विभाग छिपाने का प्रयास कर रहा है। रेल पटरियों में बैठने वालों को कुचलने के कई हादसे अपने यहां पहले भी हो चुके हैं। 2021 में बिल्कुल इसी तरह चिंगारी देख यात्रियों के भागने से गिर कर मौत हो गई थी। 2020 में लॉक ड़ाउन के समय औरंगाबाद में पटरियों पर सो रहे दस प्रवासी मजदूरों को माल गाड़ी ने रौंद ड़ाला था। 2018 में दशहरा पर्व में साठ से ज्यादा लोगों को तेज रफ्तार ट्रेन द्वारा रौंदा जाना शामिल है। अफवाह कैसे फैली या किसने फैलाई इसकी जांच की जा रही है। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि आग भड़क ने की बात चाय वाले द्वारा की गई। अन्य धुंआ फैलने की बात कर रहे हैं। इस तरह झूठी अफवाहों के प्रति जागरूकता लाना दुष्कर है। रेलवे अपनी गलती छिपाने की कोशिशें भी कर रहा हो तो यात्रियों को अपनी सुरक्षा के प्रति लापरवाहीपूर्ण रवैये से बाज आना चाहिए। तमाम हिदायतों व नियमों के बावजूद वे ज्वलनशील सामग्री लेकर यात्रा करते अकसर पकड़े.जाते हैं। झूठी अफवाहों को पूर्ण रूप से रोकना लगभग असंभव है। खासकर भीड़.में, वह भी जब जान-माल को क्षति पहुंचने का जोखिम हो। लिहाजा, रेल विभाग को तकनीक और आधुनिक व्यवस्था का बेहतर इस्तेमाल करने व यात्रियों को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने की जिम्मेदारी से हाथ नहीं झाड़ना चाहिए।

## चिंतन-मनन

### जीवन निर्भरता और आत्म -निर्भरता का संयोग है

जीवन में सम्पूर्ण आत्म निर्भरता जैसा कुछ नहीं है। इसे भूल जाओ। यदि आप सोचते हो कि मैं पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर हो जाऊं तो ऐसा नहीं होगा। 15, 16 या 17 साल की आयु तक आप आत्मनिर्भर नहीं थे। आप आश्रित ही पैदा हुए थे। आप अपने आप उठ भी नहीं सकते थे, और कोई और आपको उठाता था। कोई आपके डायपर बदलता था। कोई आपको नहलाता था। कोई खिलाता था। कोई सुलाता था। आप एक आश्रित ही पैदा हुए थे और अंत में भी आश्रित ही रहोगे। जब आपकी मृत्यु हो जाती है तो आप अपने शरीर को अपने आप नहीं जला या दफना सकते। जब आप बीमार होते हो किसी को आपका ध्यान रखना होता है। आप अपने डाक्टर नहीं बन सकते। 50-60 वर्ष की आयु के बाद यह बिलकुल स्पष्ट हो जाता है कि आप किसी पर निभर होते हो।

किसी हद तक आप नहीं कह सकते कि, मैं पूरी तरह से आत्म निर्भर हूँ। आपको किसी ना किसी की सहायता लेनी ही पड़ती है। अच्छा, फिर यह भी धारणा है कि आप पैसे से आत्मनिर्भर बनते हो। हमें अपनी जरुरत पूरा करने के लिए कुछ पैसा चाहिए, पर मान लो कोई भी आपके लिए कार्य करना न चाहे, तो आपका क्या होगा? आपकी धारणा गलत है कि पैसा आपको आत्मनिर्भर बनाता है। पर इसके साथ साथ आप अपने आप को आत्मनिर्भर मान सकते हो, आप अपने कार्यों के लिए स्वतंत्र हो, आप अपनी भावनायों को नियंत्रित करने के लिए मुक्त हो, यदि आप अच्छा महसूस करना चाहते हो तो यह आपके अपने हाथ में हैं। यदि आप अच्छा महसूस नहीं करना चाहते तो यह भी आपके अपने हाथों में हैं।

आपको अष्टवक्र गीता सुननी चाहिए। जीवन निर्भरता और आत्म -निर्भरता का संयोग है। यदि आप दयालु होना चाहते हो, तो आपको पूरी स्वतंत्रता है ऐसा बनने की। यदि आप चाहते हो आपका शिष्टाचार अच्छा हो,आप मीठे बोल बोलो तो यह पूर्ण रूप से आपके उपर निर्भर करता है। आप सोच सकते हो वित्तीय रूप से आप स्वतंत्र हो परन्तु मैं आपको बता देना चाहूँगा यदि आप अपने मित्रों, परिवारजनों यां और भी किसी के अपमानजनक शब्द सहन कर लेते हो तो आप स्वतंत्र हो। यदि आपको कोई दोष देता है और आपके लिए बुरा भला कहता है, आप इसे किस तरह से लेते हो यही निर्धारित करता है कि आप कितने स्वतंत्र हो।

# रेवड़ियों पर केंद्रित होता दिल्ली चुनाव



सुरेश हिंदुस्तानी

देश की राजधानी दिल्ली में चुनावी घमासान के बीच रेबड़ी बांटने की प्रतिस्पर्धा सी चलती दिखाई दे रही है। इससे ऐसा लगता है कि अब दिल्ली राज्य की सत्ता तक पहुँचने का मार्ग केवल रेबड़ी ही है। दिल्ली राज्य के लिए होने वाले चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दल मतदाताओं के लिए लोक लुभावन तरीके से अपने पिटारे से रेबड़ी बांटने की योजना जनता के बीच बता रहे हैं। इसके लिए आम आदमी पार्टी तो पहले से ही अपने पिटारे को खोलकर बैठी है। अब इसमें कांग्रेस और भाजपा भी अपने कदमों को उसी ओर बढ़ाने की ओर प्रवृत हुई है, जिस ओर आदमी पार्टी जाती रही है। लेकिन एक तथ्य ध्यान देने योग्य माना जा सकता है कि आम आदमी पार्टी के पास कुछ भी नया नहीं है, क्योंकि वह पिछले चार विधानसभा चुनावों से इस राह पर चल रही है। मुफ्त में देने के वादे करना एक प्रकार से आम आदमी पार्टी की फितरत ही बन गई है। इससे अलग अपेक्षा भी नहीं की जा सकती, क्योंकि यह मार्ग उसके लिए लाभकारी साबित रहा है। इसलिए आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल इस बार यह पूरा विश्वास है कि इस बार भी बाजी उन्हीं के हाथ लगेगी।

वर्तमान में दिल्ली राज्य के लिए हो रहे चुनाव प्रचार में राजनीतिक दलों के नेताओं की ओर से जो स्वर मुखरित हो रहे हैं, उन स्वरों में केवल रेबड़ी की ध्वनि ही गुंजायमान हो रही है। ऐसा लगता है कि अब दिल्ली की जनता रेबड़ी लूटने की आदी हो चुकी है। इसका राजनीतिक आशय यह भी निकाला जा सकता है कि अपना नायक चुनने के लिए किसकी रेबड़ी स्वार्थ की पूर्ति करने वाली है, यह ही देखा जाएगा। इस कवायद को लालच देकर वोट प्राप्त करने का एक माध्यम भी माना जा सकता है, क्योंकि जनता को मुफ्त में खजाना लुटाना किसी भी प्रकार से न्याय संगत नहीं माना जा सकता। क्योंकि इसका बोझ उस समाज पर आता है, जो योजना का लाभ लेने के पात्र नहीं होते। हालांकि सरकार द्वारा आम जनता का ध्यान रखना चाहिए, लेकिन इसके लिए मुफ्त की योजना के अलावा अन्य तरीके अपनाए जाएं तो बेहतर होगा। नहीं तो एक दिन ऐसा भी आ सकता है कि यही योजनाएं विकास की योजनाएं न होकर विनाशकारी मार्ग तैयार कर सकती हैं।

दिल्ली में एक दशक पहले भाजपा और कांग्रेस के बीच ही चुनावी लड़ाई होती रही थी, लेकिन कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार के विरोध में एक धूमकेतु की तरह अरविन्द केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी का गठन कर दिया और लोक लुभावने वादे करके आम जनता का छप्पर फाड़ समर्थन प्राप्त करके दिल्ली के सिंहासन को अपने कब्जे में ले लिया। इस चुनाव में बहुकोणीय मुकाबला होने की झलक दिखाई दे रही है। आम आदमी पार्टी ने गठबंधन को धता बताकर अपने आपको फिर से मैदान में उतारा है, लेकिन उसकी सबसे बड़ी परेशानी यह है कि उसके नेता अरविन्द केजरीवाल पर भ्रष्टाचार करने का आरोप है। साथ ही ऐसा कहना भी समुचित ही होगा कि केजरीवाल की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है। एक समय सुविधाओं को त्याग कर राजनीति करने की कसम खाने वाले केजरीवाल की जीवनशैली सुविधामय होती दिखाई दे रही है। शीशमहल के नाम से भाजपा द्वारा प्रचारित किए गए उनके आवास में लकजरी सुविधाएं हैं। जो उनके कथन से कतई सरोकार नहीं रखती। ऐसे में यह कहना तर्कसंगत ही होगा कि इस बार केजरीवाल की राह उतनी आसान नहीं कही जा सकती, जो पहले थी। दूसरी बड़ी बात यह भी है कि इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी के समक्ष गंभीर चुनौतियाँ भी हैं। केजरीवाल जमानत पर बाहर हैं। वे दोष मुक्त नहीं हुए। उनका मुख्यमंत्री कार्यालय जाने पर प्रतिबन्ध उसी समय लगा दिया है, जब वे मुख्यमंत्री थे, ऐसी स्थिति में केजरीवाल फिर से दिल्ली के मुख्यमंत्री बनेंगे, इसकी गुंजाइस भी नहीं है।

आम आदमी पार्टी के समक्ष एक बड़ी चुनौती यह भी है कि इस बार के चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के अलावा बहुजन समाज पार्टी और औवेसी की पार्टी भी मैदान में है। यह दोनों राजनीतिक दल जितने प्रभावी होंगे, उसका खामियाजा आप आदमी पार्टी को ही होगा। एक गणित यह भी है कि पिछले चुनाव में अंदरूनी तौर पर कांग्रेस पार्टी का समर्थन आम आदमी पार्टी को मिला था, लेकिन इस बार पूरी गंभीरता के साथ कांग्रेस चुनावी मैदान में है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने केजरीवाल के समक्ष वजनदार प्रत्याशी उतार कर यह संदेश तो दिया ही है कि इस बार केजरीवाल की पार्टी आसानी से विजय प्राप्त नहीं करेगी। क्योंकि बसपा और औवेसी के आने से केजरीवाल की पार्टी को मुस्लिम और दलित मतों की प्राप्ति में कमी हो सकती है और कांग्रेस का मूल वोटर इस बार कांग्रेस को ही वोट देगा।

आम आदमी पार्टी के साथ यह विसंगति जुड़ती जा रही है कि वह गठबंधन का हिस्सा केवल उन राज्यों में है, जहाँ आम आदमी पार्टी का अस्तित्व नहीं है।



जहाँ केजरीवाल की पार्टी का अस्तित्व है, वहां गठबंधन के मायने बदल जाते हैं। इसका तात्पर्य यही है कि केजरीवाल स्वार्थ सिद्धि के लिए ही गठबंधन करते हैं। यह बात सही है कि केजरीवाल को अब राजनीति की समझ आ गई है। वे एक चतुर राजनीतिक नेता की तरह चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन विपक्ष की एकता के सपने को चकनाचूर कर रहे हैं। हालांकि राजनीतिक विश्लेषक गठबंधन में दरार आने का ठीकरा कांग्रेस पर फोड़ रहे हैं। कुल मिलाकर यह कहना उचित होगा कि गठबंधन अब बिखरने की ओर है। खैरङ्ग मूल विषय रेबड़ी का है। मुफ्त की रेबड़ी बांटना निश्चित ही इस बात की ओर संकेत करता है कि आज राजनीतिक दलों ने आम जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता खोई है, इसीलिए चुनाव जीतने के जनता को प्रलोभन देकर वोट कबाड़ने की राजनीति की जा रही है। अब देखना यह है दिल्ली का सिंहासन किसका इंतजार कर रहा है। फिलहाल यही समझा जा रहा है कि मुख्य मुकाबला भाजपा और आदमी पार्टी के बीच है। प्रचार के लिए भाजपा के पास नेताओं की भारी भरकम फौज है तो आम आदमी पार्टी के पास केवल केजरीवाल ही हैं। चुनावी प्रचार के माध्यम से भाजपा अपनी बात को नीचे तक पहुंचाने का प्रयास करेगी और इसका प्रभाव भी हो सकता है। लेकिन फिर वही बातङ्ग क्या रेबड़ी के सहारे ही इस बार भी दिल्ली की सरकार बनेगी।

# फर्जी कॉलेज : कब तक फंसते रहेंगे छात्र-परिजन



रजनीश कपूर

देश में सूचना क्रांति, उदारीकरण और उपभोक्ता संस्कृति तीनों ने मिलकर गांव और कस्बों के नौजवानों के मन में कुछ नया सीखने और व्यावसायिक जगत में आगे बढ़ने की ललक पैदा कर दी है। उनकी इस ललक को बढ़ाने का काम कर रहे हैं देश भर में कुकुरमुत्ते की तरह उग आए हजारों देसी व विदेशी उच्च शिक्षा संस्थान। इनकी दुकान जितनी ऊंची है, उतनी फीकी भी। यह किसी से छिपा नहीं है कि देश के बहुसंख्यक विद्यार्थियों को शिक्षा का सही वातावरण तक नहीं मिलता। शिक्षा के नाम पर खानापूर्ति ही ज्यादा होती है। ऐसे में कमजोर नींव पर खड़े इन नौजवानों को यह शिक्षा संस्थान सपने दिखाकर, झूठे वायदे करके और भ्रामक सूचनाएं देकर आकर्षित कर लेते हैं।

इनके जाल में फंसने वाले नहीं जानते कि जिन फर्जी सर्टिफिकेट या डिग्रियों को बांटकर यह लोग सुनहरे भविष्य के सपने दिखा रहे हैं, उन्हें लेकर वे सिर्फ धक्के ही खाएंगे। इनकी बदौलत कोई ढंग की नौकरी मिलना मुश्किल नहीं तो आसान भी नहीं है। अगर एमबीए करके कपड़े की दुकान पर पंद्रह सौ रुपये महीने की सेल्समैनिशप मिली, तो कौन सा तीर मार लिया। इतना ही नहीं, प्रोफेशनल कोर्स की पढ़ाई से आने वाला आत्मविश्वास भी यह डिग्रियां नहीं दे पातीं। गौरतलब है कि गरीब घर से आए ये छात्र अपनी जमीन जायदाद को बेच कर या गिरवी रख कर इन संस्थानों में लाखों रुपये देकर पढ़ने आते हैं। इन छात्रों के मन में हमेशा एक डर सा बना रहता है कि कहीं ऐसा न हो कि पढ़कर भी नौकरी न मिले। यदि सर्वेक्षण किया जाए तो यह बात सिद्ध भी हो जाएगी कि लाखों रुपये लेकर दाखिला देने वाले इन इंजीनियरिंग, मेडिकल या मैनेजमेंट कॉलेजों के ज्यादातर छात्रों को बरसों तक माकूल रोजगार नहीं मिलता। यह तो उन लोगों की बात है जो जानते-बूझते हुए ऐसी डिग्रियां लेते हैं, लेकिन भारत में बहुत से ऐसे भी शिक्षण संस्थान भी हैं, जो असली होने का दावा करते हुए लाखों लोगों को सर्टिफिकेट और डिग्रियां बांट चुके हैं जबकि हैं ये पूरे फर्जी। इनके काम करने के तौर तरीके देखकर कोई भी इन्हें असली मान लेता है। पर वास्तव में यह असली नहीं होते। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 की धारा 22 के मुताबिक, डिग्री प्रदान करने का अधिकार केवल उन्हीं विश्वविद्यालयों को है जो केंद्र अथवा राज्य के कानूनों के तहत स्थापित किए गए हों या यूजीसी अधिनियम की धारा 3 के तहत यूनिवर्सिटी की मान्यता प्राप्त हो अथवा संसद द्वारा विशेष रूप से किसी संस्थान को डिग्री प्रदान करने की अनुमति दी गई हो। इसके अलावा अन्य कोई भी विश्वविद्यालय डिग्री प्रदान नहीं कर सकता। यदि वह ऐसा करता है तो कानूनन गलत है। यूजीसी एक्ट की धारा 23 के मुताबिक केंद्र, राज्य अथवा प्रांतीय अधिनियम के अंतर्गत गठित विश्वविद्यालयों को छोड़कर किसी भी अन्य संस्थान को अपने नाम के साथ यूनिवर्सिटी या विश्वविद्यालय शब्द प्रयोग करने की अनुमति नहीं है। स्थानीय सरकारें सब जानते हुए भी खामोश बैठी रहती हैं। कारण साफ है। प्रायः इन कॉलेजों के संस्थापक या प्रबंधक क्षेत्र या प्रांत के प्रतिष्ठित राजनेता होते हैं, जिनकी रुचि शिक्षा के प्रसार में नहीं बल्कि बेरोजगारों की मजबूरी का फायदा उठाकर मोटी कमाई करने में होती है। प्रायः फर्जी विश्वविद्यालयों तथा जाली डिग्रियों को बांटने से रोकने के लिए संसदीय समिति द्वारा कुछ सुझाव जाते हैं, जैसे यूजीसी या शिक्षा विभाग जाली विश्वविद्यालयों व संस्थानों की एक सूची बनाए, यूजीसी तथा शिक्षा विभाग अखबारों में छपने वाले फर्जी विश्वविद्यालयों के विज्ञापनों के बारे में प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया तथा एडीटर्स गिल्स को अवगत कराकर अखबारों में ऐसे विज्ञापनों को प्रतिबंधित करवाए, यूजीसी को दोषी संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई करने के ज्यादा अधिकार दिए जाएं आदि-आदि। पर ऐसी कितनी सूचनाएं हैं जो हम तक पहुंचती हैं? कई बार तो बहुत से विश्वविद्यालय, कॉलेज अथवा स्कूल अखबारों में बड़े-बड़े विज्ञापन देकर कहते हैं कि उनकी डिग्रियां फलाने संस्थान से मान्यता प्राप्त हैं, फलाने संस्थान से संबद्ध है। कई तो कुछ कदम आगे बढ़कर जाली नाम वाली विदेशी संस्थाओं से भी अपनी संबद्धता दिखा देते हैं।

यह सही है कि इन निजी संस्थाओं में छात्रों को



सुविधाएं अधिक दी जाती हैं, परंतु सही और वैधानिक संस्थाओं की आड़ में कुछ नकली संस्थाएं भी छात्रों का शोषण करती हैं, इससे इनकार नहीं किया जा सकता। कुछ मामलों में तो देश के नामी विश्वविद्यालयों के उच्च पदस्थ अधिकारी भी इन संस्थाओं के कामकाज में शामिल पाए गए। यूजीसी और अन्य रेग्यूलेटरी अथारिटी, एडवर्टाइजमेंट स्टेंडर्डस काउंसिल ऑफ इंडिया (एएससीआई), इंडियन न्यूजपेपर्स सोसायटी तथा मोनोपोलीज एंड रेस्ट्रिरक्टिव ट्रेड प्रेक्टिसेज कमीशन को एकसाथ मिलकर एक ऐसी प्रक्रिया तैयार करनी चाहिए, जिनसे ऐसे धोखेबाज विज्ञापनों पर रोक लग सके।



## दुनिया में कहां है अमीरों का शहर? यहां हर 24वां आदमी है करोड़पति


क्या आप उस शहर के बारे में जानते हैं, जहां दुनिया के सबसे ज्यादा अमीर लोग रहते हैं. जी हां, यहां का हर दूसरा शख्स आम लोगों से ज्यादा अमीर है. हम आपको बताते हैं कि इस शहर में लोग इतने अमीर कैसे हैं और यहां करोड़पतियों की संख्या कितनी तेजी से बढ़ रही है. दुनिया का हर इंसान पैसा चाहता है. शायद ही आप किसी ऐसे शहर के बारे में जानते हों, जहां सिर्फ और सिर्फ अमीर लोग रहते हैं. यहां का हर 24वां आदमी करोड़पति है और इनकी संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है. आप सोच रहे होंगे कि ये शहर कहां हो सकता है, तो आपको बता दें कि ये अमेरिका की एक ड्रीम सिटी न्यूयॉर्क है.

### यहां रहते हैं सबसे अमीर लोग

अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में हर 24वां व्यक्ति करोड़पति है. हेनले एंड पार्टनर्स की ओर से जारी सबसे अमीर शहरों की इस सूची के मुताबिक न्यूयॉर्क में लगभग 3,49,500 करोड़पति रहते हैं. पिछले 10 वर्षों में ये संख्या लगभग 48 प्रतिशत बढ़ी है. न्यूयॉर्क की कुल जनसंख्या लगभग 82 लाख है, ऐसे में वहां रहने वाला हर 24वां शख्स करोड़पति है. रिपोर्ट के मुताबिक, न्यूयॉर्क में 60 सुपर रिच लोग भी रहते हैं, जबकि 744 लोगों के पास 100 मिलियन डॉलर से ज्यादा की संपत्ति है.

भारत का एक भी शहर नहीं टॉप 10 में

इस सूची में हेनले एंड पार्टनर्स ऐसे लोगों को शामिल करते हैं जिनके पास कम से कम 1 मिलियन डॉलर का निवेश है. दूसरे स्थान पर सैन फ्रांसिस्को खाड़ी क्षेत्र है, जिसमें 3,05,700 करोड़पति रहते हैं. सूची में तीसरे स्थान पर मौजूद टोक्यो में 2,98,300 करोड़पति हैं. हालांकि, एक दशक में इस शहर में करोड़पतियों की संख्या में 5 प्रतिशत की कमी आई है. सूची में चौथे स्थान पर मौजूद सिंगापुर में 2,44,800 करोड़पति हैं. भारत का कोई शहर इसमें टॉप 10 का हिस्सा नहीं है लेकिन पिछले एक दशक में यहां अमीर लोगों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है. वहीं, लंदन में करोड़पतियों की संख्या में एक दशक में 10 फीसदी की गिरावट आई है.



# ये है दुनिया की आखिरी सड़क, यहां अकेले जाना है माना

ई-69 हाइवे 14 किलोमीटर लंबा है, जो पृथ्वी के छोर और नॉर्वे को जोड़ता है। इस हाइवे पर कई ऐसी जगहें हैं, जहां गाड़ी चलाना और अकेले पैदल चलना मना है।

दुनिया की कई जगहों पर आप गए होंगे। क्या आपके मन में कभी यह सवाल आया कि आखिर दुनिया कहां पर खत्म होती है? दुनिया की आखिरी छोर क्या है? हो सकता है कि आपके मन में यह सवाल नहीं आया हो। हालांकि, एक जगह ऐसी है, जहां माना जाता है कि दुनिया खत्म हो जाती है। यह एक सड़क है, जो दुनिया की आखिर सड़क मानी जाती है। माना जाता है कि इस सड़क के बाद दुनिया खत्म हो जाती है।

इस सड़क का नाम ई-69 हाइवे है। माना जाता है कि यह दुनिया की आखिरी सड़क है। यूरोपियन देश नॉर्वे में ई-69 हाइवे स्थित है। उत्तरी ध्रुव पृथ्वी का सबसे सुदूर उत्तरी बिंदु है। यहां पर पृथ्वी की धुरी घूमती है। यह नॉर्वे का आखिरी छोर है। यहां से आगे जाने वाले रास्ते को दुनिया की आखिरी सड़क माना जाता है। बताया जाता है कि हाइवे के खत्म होने के बाद सिर्फ ग्लेशियर और समुद्र नजर आता है और इसके सिवाय कुछ नहीं दिखाई देता है।

ई-69 हाइवे 14 किलोमीटर लंबा है, जो पृथ्वी के छोर और नॉर्वे को जोड़ता है। इस हाइवे पर कई ऐसी जगहें हैं, जहां गाड़ी चलाना और अकेले पैदल चलना मना है। आइए जानते हैं आखिरी क्या है दुनिया के आखिर सड़क की कहानी?

14 किमी ई-69 हाइवे पर कई लोग एक साथ हों, तभी आप यहां से गुजर सकते हैं। इसके पीछे वजह यह है कि हर तरफ बर्फ की मोटी चादर बिछी है। इसकी वजह से यहां खो जाने का खतरा हमेशा बना रहता है।

उत्तरी ध्रुव के पास होने की वजह से यहां यहां सर्दियों के मौसम में न तो रातें खत्म होती हैं और न ही गर्मियों में सूरज डूबता है। कभी-कभी तो यहां लगभग छह महीने तक सूरज चमकता ही नहीं है। सर्दियों में यहां का तापमान माइनस 43 डिग्री से माइनस 26 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहता है, तो वहीं गर्मियों में तापमान का औसत जमाव बिंदु जीरो डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है।

सबसे हैरानी वाल बात यह है कि इतनी भीषण ठंड पड़ने के बावजूद यहां लोग रहते हैं। पहले यहां सिर्फ मछली का कारोबार होता था। 1930 से इस जगह का विकास होना शुरू हुआ। करीब चार साल बाद यानी 1934 में यहां के लोगों ने मिलकर फैसला किया कि यहां सैलानियों का भी स्वागत किया जाना चाहिए, ताकि उनकी कमाई का एक अलग जरिया बने।

अब दुनियाभर से लोग उत्तरी ध्रुव घूमने के लिए आते हैं। यहां उन्हें एक अलग दुनिया में होने का अहसास होता है। यहां डूबता हुआ सूरज और पोलर लाइट्स तो देखते ही बनता है। गहरे नीले आसमान में कभी हरी तो कभी गुलाबी रोशनी देखने को मिलती है। पोलर लाइट्स को ऑरोरा भी कहा जाता है। यह रात के समय दिखाई देता है, जब आसमान में घुप्प अंधेरा छाया रहता है।





## इस देश की है सबसे कम आबादी, रहते हैं सिर्फ इतने लोग

दुनिया में सबसे अधिक आबादी भारत की है, जिसके बाद चीन का नंबर है लेकिन क्या आप जानते हैं दुनिया में एक ऐसे देश है जिसकी जनसंख्या 500 से भी कम है। इस देश का नाम वैटिकन सिटी है, जहां की आबादी 500 भी नहीं है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यहां पर सिर्फ 498 लोग रहते हैं। इस देश की सेना में सिर्फ 135 जवान है। यहां की आर्मी का नाम स्विस गार्ड है, जो पोप की रक्षा करती है। यह देश पहले रोम का हिस्सा था, लेकिन 1929 में अलग हो गया था।



## साथी के साथ उड़ते हुए एक सा गाना गाते हैं ये पंछी!

पक्षियो में येलो फिंच कुछ अलग तरह के होते हैं. आकार में छोटे और अपने खास पीले रंग के लिए पहचाने जाने वाले ये पक्षी जोड़े में मिल कर एक सा ही गाना गाने के लिए मशहूर हैं. इनमें नर और मादा के रंगों में भी थोड़ा से अंतर है.

पक्षियों का संसार अपने आप में बहुत ही अनूठा है और दिल को सुकून पहुंचाने वाला होते है. इनके रंगों की विविधता और संयोजन कहीं और देखने को नहीं मिलती है. इनमें से ही एक अनूठा पंछी येलो फिंच है. अपने चमकीले पीले पंखों और खुशनुमा गीतों के लिए मशहूर पक्षी किसी भी नजारे की सुंदरता बढ़ा देते हैं. येलो फिंच को गोल्डफिंच के नाम से भी जाना जाता है. दुनिया में इनकी सिर्फ तीन प्रजातियां हैं. एक हैं यूरोपीय गोल्फिंच, इसके अलावा अटलांटिक के पार दो प्रजातियां हैं. एक व्यापक रूप से पाया जाने वाला अमेरिकी गोल्डफिंच और दूसरा दक्षिण-पश्चिम अमेरिका में पाया जाने वाला लॉरेंस गोल्डफिंच. अमूमन गोल्फिंच या येलो फिंच की बात हो तो अमेरिकी गोल्फिंच की ही बात होती है.

पीले रंग के फिंच के उनके चमकीले पीले रंग के पंख उन्हें पहचानना आसान बनाते हैं और पक्षी देखने वालों के बीच पसंदीदा हैं. लेकिन नर और मादाओं के रंगों में कुछ फर्क होता है. प्रजनन के मौसम के दौरान नर पीले रंग के फिंच का रंग चमकीला पीला होता है, मादा पीले रंग के फिंच का रंग हल्का होता है, आमतौर पर जैतून या भूरे रंग का होता है. पीले रंग के फिंच अपने हंसमुख, मधुर गीतों के लिए जाने जाते हैं, जिन्हें अक्सर वसंत और गर्मियों के दौरान सुना जाता है. वे अपने साथी को कई तरह से बुलाते हैं और गाना गाते है, जो उनके बीच मजबूत संचार का जरिया होता है. यहां तक कि एक जोड़ा एक ही तरह का गाना गाते हुए उड़ता देखा जाता है.

पीले रंग के फिंच का एक खास तरह आहार होता है. वे आमतौर पर शाकाहारी होते हैं और मुख्य रूप से बीज खाते हैं, उनमें भी वे खासकर सिंहपर्णी, सूरजमुखी और थीस्ल जैसे पौधों के बीज खाते हैं. उनके पास भोजन करने का एक अनूठा तरीका है, वे अक्सर बीज तक पहुंचने के लिए उल्टा लटकते हैं.

पीले फिंच के लिए घोंसला बहुत खास होता है. मादाएं आमतौर पर पौधे के रेशों और मकड़ी के जाले का उपयोग करके एक झाड़ी या पेड़ में घोंसला बनाने के लिए जिम्मेदार होती हैं. नर गोल्डफिंच हमेशा घोंसले में रहने वाले बच्चों को पालने में भूमिका निभाता है. नर गोल्डफिंच घोंसले में भोजन लाता है जहां मां बच्चों को खिलाती है, फिर बाद में वे दोनों घोंसले में रहने वाले बच्चों को खिलाते हैं.

पीले फिंच सामाजिक तौर पर भी बहुत सक्रिय रहते हैं. उन्हें अक्सर प्रजनन के मौसम के बाहर झुंड में देखा जाता है. पीले रंग के पंख अपने कलाबाज उड़ान पैटर्न के लिए जाने जाते हैं, जिसमें लहराती उड़ान और तेज़ पंख फड़फड़ाना शामिल है. सर्दियों के दौरान, वे बड़े झुंड बनाते हैं जिसमें सैकड़ों फिंच शामिल हो सकते हैं, जो संख्या में सुरक्षा प्रदान करते हैं.



# धरती का इकलौता देश, जहां 1 साल में होते हैं 13 महीने, पूरी दुनिया से 7 साल पीछे!

**पूरी दुनिया में 1 साल में 12 महीने होते हैं, लेकिन इस धरती पर एक ऐसा देश भी है, जहां साल में 12 नहीं, बल्कि 13 महीने होते हैं. इस वजह से ये समय के मामले में पूरी दुनिया से 7 साल पीछे चल रही है.**

दुनियाभर के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग मान्यताएं हैं, परंपराएं हैं, जाति और धर्म हैं. लेकिन इन तमाम जगहों पर अगर कोई एक बात सामान्य है, तो वो है साल और महीने. लेकिन दुनिया में कई ऐसी भी संस्कृतियां मौजूद हैं जो साल और तारीख जानने के लिए अलग-अलग तरह के कैलेंडरों का प्रयोग करती हैं. ये सारे कैलेंडर पश्चिमी ग्रेगोरियन कैलेंडर जैसे नहीं है. पर वो सभी साल में 12 महीने ही मानते हैं. लेकिन इस धरती पर एक देश ऐसा है, जहां पर साल में 12 नहीं, बल्कि कुल 13 महीने होते हैं. आपको जानकर हैरानी हो रही होगी, लेकिन ये सच है. इतना ही नहीं, 13 महीनों की वजह से ये देश पूरी दुनिया से 7 साल पीछे चल रहा है. इस अफ्रीकी देश का नाम इथियोपिया है. इथियोपिया में 1 साल में कुल 13 महीने होते हैं, जिसमें 13वें महीने में कुल 5 दिन होते हैं, जबकि सप्ताह में कुल 5 दिन. लेकिन जिस साल लीप ईयर होता है, उस साल इथियोपिया के कैलेंडर में 6 दिन होते हैं.आपको जानकर हैरानी होगी, लेकिन बता दें कि 2024 का नया साल पूरी दुनिया मना चुकी है, लेकिन इथियोपिया में इसे 11 सितंबर 2024 को मनाया जाएगा. बता दें कि दुनिया के ज्यादातर देशों में पश्चिमी ग्रेगोरियन कैलेंडर को ही मान्यता दी गई है. लेकिन कुछ ऐसे देश हैं, जो अपने प्राचीन कैलेंडर को मानते हैं. हालांकि, इसके बावजूद सभी कैलेंडरों में 12 महीने ही होते हैं, लेकिन इथियोपिया में आज भी उसी कैलेंडर को फॉलो किया जाता है जो रोमन चर्च ने 525 एडी में अमेंड किया था. इस वजह से इथियोपिया में नई सदी की शुरुआत 11 सितंबर 2007 से हुई थी. इथियोपिया इकलौता ऐसा अफ्रीकी देश है, जो कभी ब्रिटेन का गुलाम नहीं हुआ. इस पर कभी इटली का कब्जा हुआ करता था, लेकिन 6 साल बाद ही वो भी चले गए. इतना ही नहीं, उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, इथियोपिया में ही कॉफी की उत्पत्ति हुई थी.

जनवरी-फरवरी नहीं, ये हैं महीनों का नाम!

ग्रेगोरियन कैलेंडर के मुताबिक, महीनों के नाम जनवरी, फरवरी, मार्च आदि हैं, लेकिन इथोपियन यानी गीज कैलेंडर के महीनों के नाम भी अलग-अलग हैं. पहला महीना मेस्केरम है, जो नए साल का महीना है. इस महीने की शुरुआत 11 सितंबर से होती है. इसके बाद दूसरा महीना है टिकिम्त, फिर हिदार, तहसास, तिर, याकातित, मग्गाबित, मियाजिया, गिनबोत, सेंसे, हामले, नेहासा और पागुमे हैं.



## संक्षिप्त खबरें

### मढ़ौरा में मनी जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती

**मढ़ौरा(सारण)** । मढ़ौरा स्थितअम्बेडकर पार्क में जन नायक कर्पूरी ठाकुर की 101 वीं जयंती मनाई गई । सर्व प्रथम जननायक के तैल चित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो भूपेश भीम ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर स्वतंत्रता संग्राम के दौर में अपनी गिरफ्तारी से राजनीति में प्रवेश किए और आचार्य नरेंद्र देव और जयप्रकाश नारायण के साथ समाजवादी विचारों से जुड़ कर सोशलिस्ट पार्टी की राजनीति शुरू किया। उनका प्रसिद्ध नारा था सौ में नब्बे शोषित है, शोषितो ने ललकारा है , धन, धरती और राजपाट में नब्बे भाग हमारा है। आज उनकी जयंती पर हमें उनके विचारों पर मनन करना चाहिए। इस अवसर पर शिव कुमार गुप्ता ने कर्पूरी ठाकुर के संघर्ष और उपलब्धियों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि कर्पूरी जी अपने विचारों के प्रति अडिग थे। जीते जी अपने पुत्र को राजनीति से दूर रखा। उन्होंने हिंदी और उर्दू के साथ सरकारी काम काज को प्रोत्साहन दिया । मैट्रिक तक निशुल्क शिक्षा घोषित किया । संजय कुमार सिंह ने कहा कि कर्पूरी जी सादा जीवन उच्च विचार वाले व्यक्ति थे। इन्हीं विचारों को लेकर भारत सरकार ने उन्हें मरणोपरांत भारतरत्न से विभूषित किया । वीर आदित्य ने उन्हें जननायक की सही उपाधिधारक कहते हुए कहा कि ऐसे लोग सदियों में एक आध पैदा होते हैं । जयंती समारोह की अध्यक्षता विष्णु गुप्ता ने किया और धन्यवाद ज्ञापन में कहा कि कर्पूरी ठाकुर के जीवन से हमें उनकी सादगी और विचारो की दृढ़ता का संकल्प लेना चाहिए।

### पिता की हत्या के मामले में पुत्र को उम्रकैद

**लखीसराय।** जिला व्यवहार न्यायालय स्थित जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम शुभनंदन झा के न्यायालय द्वारा हत्या के मामले में शुक्रवार को पारित एक आदेश में मृतक के पुत्र को ही दोषी करार करते हुए दस हजार अर्थदंड के साथ आजीवन सश्रम कारावास का सजा सुनायी गयी है। प्राथमिकी मृतक की पत्नी द्वारा अज्ञात के विरूद्ध स्थानीय थाना में मामला दर्ज कराया गया था। पुलिस द्वारा गहन छानबीन के उपरांत मृतक के पुत्र अनिल यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी। मृतक द्वारा पुलिस के समक्ष अपने स्वीकारोक्ति ब्यान में हत्या की बात क़बूल की गयी। जिसमें कारण आपसी भूमि विवाद बताया गया।

### पंचायती के दौरान चले लाठी-डंडे, सात घायल

**गोपालगंज।** रास्ते से चापाकल और मिट्टी हटाने के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर से एक-दूसरे पर हमला किया गया। झड़प और मारपीट में महिला समेत सात लोग घायल हो गये। घटना मांझा थाना क्षेत्र के बरगछिया गांव की है। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि मांझा थाने के बरगछिया गांव के निवासी रामप्रवेश राम और मनोज राम के बीच चापाकल और मिट्टी हटाने को लेकर गांव में पंचायती रखी गयी थी।

# सामाजिक न्याय के मसीहा थे कर्पूरी ठाकुर: उपराष्ट्रपति

**पटना/समस्तीपुर।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती के मौके पर आज उनके पैतृक गांव पितोझिया (कर्पूरी ग्राम) में राजकीय कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर 'सामाजिक न्याय के मसीहा' थे। उन्होंने अपना सारा जीवन गरीबों और वंचितों की मदद के लिए किया। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर एक सच्चे राजनेता थे और उन्होंने बिहार के राजनीतिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी। कर्पूरी ठाकुर हमेशा समानता, बंधुत्व और सभी के लिए न्याय में विश्वास की वकालत करते थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने सुनिश्चित किया कि शिक्षा उन लोगों के लिए सुलभ हो जो ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर हैं।



उपराष्ट्रपति ने पहले की सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जैसे राजनेताओं को उनका हक देने में विफल रही। मुझे याद है कि जब कर्पूरी ठाकुर और चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा की गई थी, तब राज्यसभा में कितना उत्साह था। मेरे मन में एक विचार आया, यह सम्मान ठाकुर की मृत्यु के 36 साल बाद मिला, ऐसा पहले क्यों नहीं हुआ ? अब निश्चित रूप से बदलाव आया है। हमारे नायकों (आदर्श) को गुमनामी से बाहर निकाला जा रहा है और उन्हें उनका हक दिया जा रहा है।

**प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल में विकास के साथ लोगों की आकांक्षा भी बढ़ी** : उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि बीते एक दशक में केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के नेतृत्व में देश में 'अद्वितीय' विकास हुआ है। इसकी वजह से देश की जनता की आंकक्षा भी बढ़ी है। धनखड़ ने कहा कि बीते 10 वर्षों में देश पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया हैं। अब आगामी पांच वर्षों में हम देश की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेंगे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत कोई सपना नहीं है, देश की स्वतंत्रता की 100 वीं वर्षगांठ यानी-2047 तक यह साकार होकर रहेगा। भारत विश्व गुरु बनेगा। धनखड़ ने प्रधानमंत्री मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने ऐसी योजनाएं शुरू कीं, जिनसे आम लोगों को गैस कनेक्शन, बिजली और शौचालय उपलब्ध कराकर उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है जो आज तक इससे वचिंत थे। लोगों ने अब विकास का स्वाद चख लिया है। उनकी आकांक्षाएं आसमान छू रही हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया, ₹सरकारी नौकरियों के बारे में सोचकर खुद को सीमित न रखें। आज की सरकार की नीतियां आपकी असीमित क्षमता का दोहन करने के लिए हैं। ऐसे अवसरों का पूरा लाभ उठाएं।

# पूर्व विधायक अनंत सिंह ने किया सरेंडर, दो गिरफ्तार



**पटना/ मोकामा।** मोकामा गोलाबारी मामले में शुक्रवार को पूर्व विधायक अनंत सिंह ने बाढ़ कोर्ट में सरेंडर कर दिया। यहां कोर्ट ने उनको 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में पटना के बेऊर जेल में भेज दिया। वहीं, इसी मामले में पुलिस ने सोनू और अनंत सिंह के समर्थक रौशन को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दोनों की गिरफ्तारी उनके घर से ही हुई है। हालांकि सोनू के समर्थकों ने बताया कि उन्होंने भी कोर्ट में सरेंडर किया है। दरअसल, पटना पुलिस लगातार गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही थी। इसके बाद अभियुक्तों को सरेंडर करना पड़ा। सोनू को फुलवारी जेल भेजा गया है। इधर, शुक्रवार सुबह मोकामा में फिर फायरिंग हुई। इस बार फायरिंग मुंशी मुकेश के घर पर हुई। इसके बाद मुकेश के घर पर गार्ड की तैनाती कर दी गयी है। बाढ़ एसडीपीओ ने बताया कि यहां से तीन खोखा मिला है।

सुबह ही पुलिस अनंत सिंह के घर लदमा गांव में रेड मारने की तैयारी कर चुकी थी। बाढ़ में कई थानों की पुलिस पहुंची थीं। पटना से भी फोर्स गांव में भेजी गयी थी। नौरंगा गांव में भी भारी संख्या में पुलिस बल सोनू-मोनू को गिरफ्तार करने पहुंची थी। इससे पहले सभी ने सरेंडर कर दिया। शुक्रवार को सरेंडर के दौरान कोर्ट के बाहर अनंत सिंह के भारी संख्या में समर्थक भी पहुंच गये। मोकामा गोलीबारी में पुलिस ने अनंत सिंह पर आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया था। इसमें अनंत सिंह पर पुलिस कर्मियों से धक्का मुक्की करने, गाली गलौज करने, सरकारी काम में बाधा पहुंचाने जैसे आरोप लगाये गये हैं।

### जीएमसीएच : छात्रों को हॉस्टल खाली करने का निर्देश

**पूर्णिया।** राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के प्राचार्य प्रो डॉ गौरी कान्त मिश्रा ने मेडिकल कॉलेज छात्रावास में रह रहे छात्रों को हॉस्टल खाली करने का निर्देश दिया है। प्राचार्य ने यह आदेश गुरुवार को जीएमसीएच कैम्पस में मेडिकल के छात्रों एवं कॉलेज में इंटर्नशिप कर रहे चिकित्सकों के बीच हुई झड़प के बाद दिया है। मामले के बारे में प्राचार्य ने बताया कि विभागीय नियम के अनुसार इंटर्नशिप कर रहे लोगों के लिए कॉलेज हॉस्टल में आवासन की अनुमति नहीं है लेकिन मानवता के नाते कुछ इंटर्नशिप के लिए आये लोगों को स्टूडेंट्स हॉस्टल में जगह दी गयी थी। अब जबकि वहां इस तरह का मामला बन गया है तो सभी को हॉस्टल खाली करने के निर्देश दिए गये हैं। जानकारी के अनुसार इस घटना को लेकर कॉलेज प्रशासन द्वारा एक जांच कमेटी भी गठित की गयी है जो बारीकी से मामले की जांच करेगी।बुधवार की देर रात जीएमसीएच में इंटर्नशिप कर रहे चिकित्सकों और वहां पढ़ रहे एमबीबीएस छात्रों के बीच कथित झड़प के बाद अगले दिन इंटर्नशिप कर रहे चिकित्सकों द्वारा एकेडमिक ब्लॉक और स्टूडेंट्स हॉस्टल के समीप में हो हल्ला किया गया था।

# भाई को पोल में बांध जिंदा जलाया, आरोपी फरार, भाभी गिरफ्तार

**मुरौल (मुजफ्फरपुर)।** सकरा थाना क्षेत्र की पिलखीगजपती पंचायत के कोरिगामा गांव में भूमि विवाद को लेकर एक युवक को पोल से बांधकर जिंदा जला दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी भाभी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं भाई फरार है। फोरेंसिक टीम घटनास्थल से जांच के लिए नमूने ले गयी है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि गुरुवार की रात कोरिगामा गांव निवासी 35 वर्षीय सुधीर कुमार दूबे को उसके भाई संजीव कुमार दूबे एवं उसकी पत्नी नीतू देवी ने तीन-चार लोगों के साथ मिलकर बिजली के पोल में बांध दिया और आग लगा दी। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। बताया गया कि सुधीर कुमार दूबे की शादी पांच-छह वर्ष पहले हुई थी। इस बीच उसे कोई बच्चा नहीं हुआ। करीब दो वर्ष पहले उसकी पत्नी की भी मौत हो गयी। इसके बाद युवक जैसे-तैसे रह रहा था। जीवन यापन के लिए वह अपनी जमीन बेच दे रहा था। इसको लेकर आपस में विवाद होता रहता था। देर रात्रि सुधीर कहीं से घर आया। उसके बाद दोनों भाइयों एवं भाभी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद उसे मारपीट कर पोल में बांध दिया गया। आग लगा दी गयी। घटना की सूचना पर सकरा पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसके घर से आरोपी भाभी नीतू देवी को पुलिस गिरफ्तार कर ले गयी। फोरेंसिक



टीम भी घटनास्थल पर पहुंच कर अपने स्तर से जांच की। सकरा थानाध्यक्ष राजू कुमार पाल ने बताया कि दो-तीन लोगों के साथ मिलकर युवक के शरीर में आग लगा दी गयी, जिससे उसकी मौत हो गयी।

## पेज एक का शेष

### झारखंड हाई एग्रीकल्चर...

उन्नत कृषि के साथ-साथ किसानों की बढ़ेगी आय : संस्थान का दौरा करने के बाद मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि अब झारखंड में कृषि विभाग हाई एग्रीकल्चर वैल्यू प्रोडक्ट पर ध्यान केंद्रित करेगा। इसका उद्देश्य उन्नत कृषि के साथ-साथ किसानों की आय को भी बढ़ाना है। इसके लिए विभाग कर्नाटक के बेंगलुरु में स्थित भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान के शोध का अनुसरण करेगा। बेंगलुरु में भारतीय बागवानी अनुसंधान केंद्र का भ्रमण के दौरान मंत्री ने कृषि के क्षेत्र में समय के साथ आए बदलाव और बदलते फसल की जानकारी ली।

इसके साथ ही संस्थान के द्वारा कृषि के क्षेत्र में किए जा रहे शोध से भी मंत्री अवगत हुईं। उन्होंने कहा कि संस्थान बागवानी के क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है। इसके साथ ही किसानों के उत्पाद के सही बाजार पर भी संस्थान का नजरिया काफी बेहतर है। किसानों को बाजार से जोड़ना उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य उपलब्ध कराना आज सबसे ज्यादा जरूरी है। संस्थान की अच्छाइयों को राज्य के किसानों के हित में अपनाया जाएगा। हाई एग्रीकल्चर वैल्यू प्रोडक्ट अपनाना समय की मांग : मंत्री ने कहा कि झारखंड हमेशा से ही पारंपरिक खेती करने वाला राज्य रहा है। लेकिन अब जरूरत हाई एग्रीकल्चर वैल्यू प्रोडक्ट को अपनाने का है, ताकि किसानों के जीवन में भी बड़ा बदलाव लाया जा सके। संस्थान परिसर में मंत्री ने उन्नत कृषि के लिए अपनाई जा रही नई तकनीक, क्षेत्रीय शहद परीक्षण प्रयोगशाला, हाई एग्रीकल्चर वैल्यू प्रोडक्ट की खेती से संबंधित जानकारी भी ली।

### सीएम हेमंत दुमका...

जिसमें झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप), आईआरबी के साथ प्रमंडल के सभी जिलों के पुलिस बल के अलावा एनसीसी कैडट शामिल होंगे। परेड को प्रशिक्षु आईपीएस डॉ. सैयद मुस्तफा हाशमी कमांड करेंगे। सेकेंड इन कमांड में प्रशिक्षु डीएसपी आकाश भारद्वाज होंगे। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा बनाई गई झांकियां भी प्रदर्शित की जाएंगी।

उपायुक्त और एसपी ने दी जानकारी : दुमका एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था की बेहतर व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए पुलिस मुख्यालय से अतिरिक्त फोर्स उपलब्ध कराए गए हैं। इधर उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री 25 जनवरी की शाम दुमका आ जाएंगे और 26 जनवरी को झंडोत्तोलन करेंगे।

### 28-29 को महिलाओं...

यह भी प्रविधान किया गया है कि ऐसे सभी मामलों में जहां लाभार्थियों के खराब बायोमेट्रिक्स या किसी अन्य कारण से आधार प्रमाणीकरण विफल हो जाता है, वहां अन्य उपाय किए जाएंगे। जैसे, खराब फिंगरप्रिंट गुणवत्ता के मामले में प्रमाणीकरण के लिए आइरिस स्कैन या चेहरे की प्रमाणीकरण सुविधा अपनाई जाएगी।

इस दिन आ सकती है राशि : इधर, इस योजना के तहत जनवरी माह की किस्त 28 या 29 जनवरी को महिलाओं के खाते में हस्तांतरित हो सकती है। जिलों में लाभुकों के सत्यापन तथा डाटा अपडेट करने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है।

### मंईयां सम्मान योजना...

धुरकी प्रखंड क्षेत्र के खुटिया पंचायत अंतर्गत भुमफोर गांव की एक महिला ने बीडीओ को आवेदन देकर सीएससी संचालक पर धोखाधड़ी कर मंईयां सम्मान की राशि अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करने का आरोप लगाया है। लाभुक अनिता देवी ने धुरकी प्रखंड कार्यालय में बीडीओ जुल्फिकार अंसारी को लिखित आवेदन देकर सीएससी संचालक पर कार्रवाई करने और मंईयां सम्मान से मिलने वाली पांच किस्त की राशि को सही कराकर उसके बैंक खाते में भेजने की मांग की है।

**सीएससी संचालक देता रहा आश्वासन** : मंईयां सम्मान योजना की लाभार्थी ने बताया कि उसने छह माह पूर्व मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए अपने आधार कार्ड, राशन कार्ड और बैंक डिटेल के साथ खुटिया पंचायत सचिवालय में कार्यरत सीएससी संचालक पिंटू कुमार गुप्ता के पास आवेदन दिया था। पीड़ित महिला ने बताया कि जब भी मंईयां सम्मान योजना की किस्त किसी अन्य लाभार्थी के खाते में आती थी और उसका खाता शून्य रहता था, तब वह सीएससी केंद्र के संचालक से पूछती थी, लेकिन सीएससी संचालक उससे बार-बार झूठ बोलता था और सिर्फ आश्वासन देता रहता था।

**लाभार्थी ने बीडीओ से की शिकायत** : महिला ने बताया कि उसने बीडीओ को आवेदन देकर धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप में सीएससी संचालक पिंटू गुप्ता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मंईयां सम्मान योजना में उसका खाता दर्ज करने की मांग की है।

**कार्रवाई की मांग** : इस मामले की जानकारी मिलने पर उप प्रमुख धर्मेंद्र यादव ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इस तरह का मामला प्रकाश में आने के बाद सभी सीएससी केंद्र संदेह के घेरे में आ गए हैं, इसलिए इन सभी सीएससी संचालकों की गहन जांच की जाए और सरकार की महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना में पात्र लाभुकों को लाभान्वित किया जाए।

वहीं पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव ने कहा कि यह मामला बहुत बड़ा है, इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि सीएससी संचालक ने जानबूझ कर यह फर्जीवाड़ा किया है और लाभुक को ठगा है, इसलिए ऐसे जालसाज पर कानूनी कार्रवाई की जाए और तत्काल प्रभाव से खुटिया पंचायत सचिवालय से हटाया जाए, ताकि पंचायत की बदनामी ना हो और लोगों का काम ईमानदारी से हो।

**दोषी पाए जाने पर की जाएगी कार्रवाई-डीसी:** मामले में डीसी शेखर जमुआर ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना में अनियमितता की बात सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि जहां भी ऐसी अनियमितता हुई है, उसकी जांच की जा रही है। जांच में दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई भी की जाएगी।

### पीएम मोदी ने...

प्रधानमंत्री ने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा, "आप सभी भारत की विविधता और संस्कृति के जीवंत प्रतीक हैं। जब आप गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेते हैं, तो यह केवल एक प्रदर्शन नहीं होता; यह देश की परंपराओं और मूल्यों का प्रतिबिंब होता है।"

पीएम मोदी का राष्ट्रीय एकता और विविधता के महत्व पर जोर : इस संवाद में पीएम मोदी ने राष्ट्रीय एकता और विविधता के महत्व पर जोर दिया और सभी प्रतिभागियों से अपील की कि वह विभिन्न राज्यों के लोगों से बातचीत करें, ताकि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को सुदृढ़ किया जा सके। उन्होंने बताया कि ऐसे संवादों से आपसी समझ और एकता बढ़ती है, जो राष्ट्र की प्रगति के लिए आवश्यक है।

युवा शक्ति और राष्ट्र निर्माण : प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर युवाओं को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को शिक्षा, नवाचार और सेवा के क्षेत्र में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। मोदी ने कहा कि भारत के 140 करोड़ नागरिकों की ऊर्जा और इच्छाशक्ति ही देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

### झारखंड में बनेंगे...

उन्होंने कहा कि खर्च की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण ससमय देने से उस मद में बची राशि पर दावा मजबूत होगा तथा वित्तीय अनुशासन के साथ ससमय योजना पूरी करने वाले राज्य के रूप में भी हमारी पहचान बनेगी।

बता दें कि, केंद्र सरकार द्वारा पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता योजना के तहत राज्यों को 50 वर्षों के लिए ब्याज मुक्त कर्ज दिया जाता है। समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव को बताया गया कि वित्तीय बर्षए 2023-24 में झारखंड को केंद्र सरकार द्वारा 5255.14 करोड़ रुपये आवंटित किया गया है। जिसमें से अभी तक 4580.62 करोड़ रुपये मिल चुका है। वित्तीय बर्ष 2024-25 के लिए राज्य द्वारा 4302 करोड़ रुपये का प्रस्ताव केंद्र सरकार को समर्पित किया गया है। जिसके विरुद्ध 2763 करोड़ रुपये के प्रस्ताव की स्वीकृति केंद्र सरकार ने दे दी है।

वहीं प्रस्ताव के तहत 1233 करोड़ रुपये की राशि झारखंड को मिल भी चुकी है। इसके अतिरिक्त भी राज्य सरकार द्वारा लगभग 1250 करोड़ रुपये का दावा एसएएससीआई के विभिन्न हिस्सों के लिए किया जा सकता है। एसएएससीआई के तहत वित्तीय बर्ष 2024-25 के लिए 4600 करोड़ रुपये की अधिप्राप्ति केंद्र सरकार से संभावित है। झारखंड में यूनिटी मॉल के निर्माण के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में 162.94 करोड़ की स्वीकृति दी गयी है। उसके प्रथम किश्त के रूप में राज्य को 81.47 करोड़ रुपये प्राप्त हुआ है। अब उद्योग विभाग को प्राप्त राशि का 75 प्रतिशत खर्च करने का उपयोगिता प्रमाण पत्र देना है। उसके बाद ही इस मद की शेष राशि केंद्र सरकार से मिलेगी। एसएनए स्पर्श के तहत राज्य सरकार केंद्र सरकार से 31 जनवरी 2025 तक 250 करोड़ रुपये का क्लेम कर सकती है। अर्बन प्लानिंग रिफार्म के तहत भवन निर्माण नियम को युक्तिसंगत करने के लिए 30 करोड़ रुपये का दावा केंद्र सरकार से किया गया है।

### वक्फ बिल पर गठित...

ये बैठक शुक्रवार सुबह शुरू हुई थी और हंगामे के बाद इसे रोक दिया गया। वक्फ बिल पर आज जेपीसी बैठक में खूब हंगामा देखने को मिला है। जेपीसी की बैठक में इस कदर दोनों पक्षों में हंगामा बढ़ गया कि मार्शल को बुलाना पड़ा। इस दौरान सांसदों की ओर से खूब नारेबाजी की गई।

दरअसल, जेपीसी की बैठक में दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद एक दिन के लिए विपक्ष के कई सांसदों को सस्पेंड कर दिया गया है। इन सांसदों में टीएमसी के कल्याण बनर्जी, टीएमसी के नदीम उल हक, एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी, समाजवादी पार्टी के मोबीबुल्लाह, कांग्रेस के नासिर हुसैन, कांग्रेस के इमरान मसूद, मोहम्मद जावेद, शिवसेना यूबीटी के अरविंद सावंत, डीएमके के ए राजा और अब्दुल्ला शामिल हैं। बता दें कि इन सांसदों को समिति से नहीं, बल्कि केवल आज की बैठक से निलंबित किया गया है।

### ममता कुलकर्णी ने...

फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी बृहस्पतिवार को ही महाकुंभ नगरी पहुंच गई थीं। शुक्रवार सुबह सेक्टर-16 संगम लोवर मार्ग स्थित किन्नर अखाड़ा शिविर पहुंची। इसके बाद उनकी संन्यास दीक्षा क्रियाएं आरंभ हुईं। आचार्य पुरोहित की मौजूदगी में करीब दो घंटे तक संन्यास दीक्षा हुई।

श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर गर्गाचार्य मुचकुंद, पीठाधीश्वर स्वामी महेंद्रानंद गिरि समेत अन्य संतों की मौजूदगी में धार्मिक क्रियाएं हुईं। इसके बाद शाम को संगम तट पर पिंडदान हुआ।

किन्नर अखाड़े में पट्टाभिषेक कार्यक्रम के दौरान आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में पूजन के बाद उनका पट्टाभिषेक किया गया। आचार्य महामंडलेश्वर ने उनका नाम बदलकर श्रीयामाई कुलकर्णी रखा है।

### झारखंड विस की...

उसे विधानसभा के पटल पर रखने के उपरांत सरकार भी इसकी अनुशंसाओं पर गंभीरता से विचार करती है। सदन के माध्यम से जो बातें प्रखर रूप से सामने आती हैं। सदन के अवसान होने के बाद समितियां उन पर पैनी नजर रखते हुए वैसे मुद्दों पर बैठक आयोजित कर निष्पादित करने का प्रयास करती है। समितियां राज्य के अंदर विभिन्न जिलों में जाकर संबंधित मुददे जो उनके समक्ष लाये जाते हैं। उसका निराकरण करें, ताकि जनकल्याण से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ निपटारा किया जा सके। वहीं स्पीकर ने बैठक में मौजूद मुख्यसचिव को निर्देश दिया कि हर विभागवार समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए संबंधित पदाधिकारी निश्चित रूप से उपस्थित रहें व समिति की बैठक के अनुदेशों को अपने-अपने विभाग में त्वरित निष्पादन के लिए तत्परता के साथ कार्य करें।

## विविध

# पैरा मेडिकल नियुक्ति के लिए झारखंड में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** सरकारी अस्पतालों में पैरा मेडिकल के तहत लैब तकनीशियन, परिचारिका, दंत तकनीशियन व ओटी तकनीशियन पदों पर नियुक्ति के लिए झारखंड में निबंधन अनिवार्य होगा। इन पदों पर नियुक्ति के लिए किसी व्यक्ति के पास अन्य आवश्यक योग्यता के साथ-साथ उसे झारखंड पैरा मेडिकल काउंसिल में निबंधन होना चाहिए।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित झारखंड पैरा मेडिकल जिला स्तरीय संवर्ग, नियुक्ति, प्रोन्नति एवं सेवाशर्त नियमावली, 2025 में इसका प्रविधान किया गया है। राज्य मंत्रिपरिषद ने इस नियमावली पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

**नियुक्ति की नियमावली** : इस नियमावली के अनुसार, लैब तकनीशियन, परिचारिका, दंत तकनीशियन व ओटी तकनीशियन सभी मूल पद होंगे। कुल पदों में 65 प्रतिशत मूल पद होंगे, जिनके विरुद्ध सीधी नियुक्ति होगी। 25 प्रतिशत पद क्रमशः वरीय लैब तकनीशियन, वरीय परिचारिका, वरीय दंत तकनीशियन व वरीय ओटी तकनीशियन के होंगे। ये सभी पद प्रोन्नति से भरे जाएंगे। इसी तरह, 10 प्रतिशत पद क्रमशः प्रधान लैब तकनीशियन,



परिचारिका, दंत तकनीशियन व ओटी तकनीशियन के होंगे, जो वरीय तकनीशियन तथा वरीय परिचारिका की प्रोन्नति से भरे जाएंगे। इस तरह, उक्त चारों पद तीन-तीन श्रेणी के होंगे।

**नियमावली गठन से नियुक्ति का हुआ रास्ता साफ** : झारखंड पैरा मेडिकल जिला स्तरीय संवर्ग, नियुक्ति, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त नियमावली, 2025 के गठन होने से अस्पतालों में लैब तकनीशियन, परिचारिका, दंत तकनीशियन व ओटी तकनीशियन के पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ हुआ है। लंबे समय बाद इन पदों पर नियुक्ति हो पााएगी। बताते चलें कि अस्पतालों में बड़ी संख्या में इनके पद रिक्त हैं।

#### इन मानदंडों को करना होगा पूरा


- लैब तकनीशियन तथा परिचारिका नियुक्ति के लिए संबंधित पाठ्यक्रम में सर्टिफिकेट के साथ मैट्रिक तथा दंत तकनीशियन एवं ओटी तकनीशियन नियुक्ति के लिए 12वीं के साथ संबंधित पाठ्यक्रम में डिप्लोमा उत्तीर्ण होना अनिवार्य किया गया है।
- साथ ही इन सभी पदों पर नियुक्ति के लिए कंप्यूटर की बेसिक जानकारी (डीसीए) को वांछनीय योग्यता के रूप में रखा गया है।
- पैरा मेडिकल के सभी पद जिला स्तरीय होंगे, लेकिन सभी मूल पदों पर नियुक्ति झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित की जानेवाली प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से होगी।
- लैब तकनीशियन तथा परिचारिका की नियुक्ति आयोग की मैट्रिक स्तरीय संचालन नियमावली तथा दंत तकनीशियन एवं ओटी तकनीशियन के पदों पर नियुक्ति डिप्लोमा स्तरीय संचालन नियमावली के आधार पर होगी।

# ट्रम्प के जन्मजात नागरिकता खत्म करने के आदेश पर रोक

- कोर्ट ने 14 दिन का स्टे लगाया, कहा- यह आदेश परेशान करने वाला

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की फेडरल कोर्ट ने गुरुवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के जन्मजात नागरिकता अधिकार समाप्त करने के फैसले पर 14 दिनों के लिए रोक लगा दी। फेडरल कोर्ट के जज जॉन कफनौर ने वॉशिंगटन, एरिजोना, इलिनोइस और ओरेगन राज्य की याचिका पर यह फैसला सुनाया। बहस के दौरान जस्टिस डिपार्टमेंट के वकील को टोकते हुए जज जॉन कफनौर ने पूछा कि इस आदेश को संवैधानिक कैसे मान सकते हैं। यह बहुत परेशान करने वाला है। यह साफतौर पर असंवैधानिक आदेश है।

जज कफनौर ने कहा कि वो 40 साल से भी ज्यादा समय से बेंच पर हैं, लेकिन उन्हें ऐसा कोई दूसरा



मामला याद नहीं है, जिसमें केस स्पष्ट रूप से इतना असंवैधानिक हो। मुझे यह समझने में परेशानी हो रही है कि कोई कोई वकील कैसे कह सकता है कि यह आदेश संवैधानिक है। मामले की अगली सुनवाई 5 फरवरी को होगी। बता दें कि ट्रम्प ने अपने शपथ ग्रहण वाले दिन यानी 20 जनवरी को एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन कर बर्थ राइट सिटीजनशिप पर रोक लगा दी थी। इससे हर साल 1.5 लाख नवजातों की नागरिकता पर संकट आ गया। इस आदेश को लागू करने के लिए 30 दिन यानी 19 फरवरी तक का समय दिया गया है।

### झारखंड के 4 पुलिस अफसरों को गृह मंत्री शाह करेंगे सम्मानित

**रांची।** झारखंड के बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ किये गये साहसिक संघर्ष के लिए चार पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया जायेगा। यह पुरस्कार गृह मंत्री अमित शाह के हाथों प्रदान किया जायेगा। इन अधिकारियों ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अपने उत्कृष्ट नेतृत्व, संघर्ष और नक्सलियों के खिलाफ चलाये गये अभियानों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने इन अधिकारियों के साहस और समर्पण की सराहना करते हुए उनकी कार्यशैली को देश भर के पुलिस बल के लिए एक प्रेरणा बताया।

सम्मानित होने वाले अधिकारी : अंजनी अंजन (तत्कालीन एसपी लातेहार), गौतम कुमार (अवर निरीक्षक), जमील अंसारी (अवर निरीक्षक) व मनोहर राम (पुलिस जवान)।

## देशभर में फिटजी कोचिंग सेंटर की ब्रांच बंद, अभिभावकों ने किया हंगामा, फीस वापसी की मांग की

नई दिल्ली। पिछले कुछ दिनों में दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत के कई जगहों पर कोचिंग सेंटर फिटजी की कई ब्रांच बंद हुई हैं। ब्रांच के अचानक बंद होने से सैकड़ों अभिभावकों में गुस्सा है, जिन्होंने फीस वापसी की मांग को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कोचिंग सेंटर की कई शाखा बंद हो गई हैं। उन्होंने कहा कि इसके पीछे का कारण ये है कि संस्थान वित्तीय संकट और लाइसेंसिंग और अग्नि सुरक्षा नियमों के उल्लंघन में फंसी है। उस पर प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। बता दें कि फिटजी के नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ और भोपाल जैसे शहरों में ब्रांच बंद हुए हैं, जहां के अभिभावकों ने कई पुलिस शिकायतें दर्ज कराई हैं। वहीं, आईआईटी-दिल्ली के पास कालू सराय में कोचिंग संस्थान के नामी दक्षिण दिल्ली शाखा को टीचर्स के पलायन के कारण कुछ कक्षाएं निलंबित करने पर मजबूर होना पड़ा है। इन टीचर्स को कथित तौर पर कई महीनों से वेतन नहीं मिला था। वहीं फिटजी के एक शिक्षक ने बताया कि अधिकांश संकाय सदस्य इसलिए छोड़ रहे हैं क्योंकि उन्हें कई महीनों से वेतन नहीं मिला है। गाजियाबाद के जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र शर्मा ने हाल ही में अपंजीकृत संस्थानों के खिलाफ उत्तर प्रदेश कोचिंग विनियमन अधिनियम 2002 के तहत शुरू किए नए अभियान का जिक्र किया था। जबकि सोशल मीडिया पर संस्थान की अब बंद हो चुकी शाखाओं और पुलिस थानों के बाहर अभिभावकों के विरोध प्रदर्शन के वीडियो की बाढ़ आ गई है। कंपनी के शीर्ष प्रबंधन और अवैतनिक संकाय सदस्यों द्वारा जारी किए गए कई वीडियो भी सामने आए हैं। ऐसा लगता है कि यह संकट 22, 23 और 24 जनवरी को जेईई मेंस के सत्र-1 में बैठने वाले छात्रों के लिए शैक्षणिक सत्र की समाप्ति के ठीक बाद शुरू हुआ है।

## ओडिशा : जनवरी में मार्च जैसी गर्मी का हो रहा एहसास, 52 साल के शीर्ष पर 33.2 डिग्री पारा

भुवनेश्वर। ओडिशा को जनवरी के महीने में ही भयानक गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। कोरापुट में तापमान 52 साल के शीर्ष 33.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। मौसम वैज्ञानिक इसकी वजह एंटी-साइक्लोनिक सिस्टम को मना रहे हैं। साथ ही आगे तापमान में और ज्यादा इजाफा होने की भविष्यवाणी की है। ओडिशा इस जनवरी में असामान्य रूप से उच्च तापमान से जूझ रहा है, जिसमें सबसे प्रमुख कोरापुट जिला है। जहां पारा 33.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम वैज्ञानिक उमाशंकर दास के अनुसार यह पिछले 52 वर्षों में दर्ज किया गया सबसे अधिक जनवरी का तापमान है। जानकारों के अनुसार ओडिशा में आमतौर पर मार्च से पहले ठंड का अनुभव होता है परंतु इस साल लोगों ने मार्च से बहुत पहले पंखों का उपयोग करना शुरू कर दिया है। ओडिशा और बंगाल की खाड़ी के तटीय क्षेत्र वर्तमान में एक एंटी-साइक्लोनिक सिस्टम से प्रभावित हैं, जो क्षेत्र में नम हवाएं ला रहा है। इसकारण तापमान बढ़ रहा है। आने वाली गर्म दक्षिण-पश्चिमी हवाओं के कारण ये जलवायु परिस्थितियां और बिगड़ जाती हैं, जो प्रचलित गर्मी में और योगदान देती हैं। मौसम विज्ञानियों का अनुमान है कि अगले तीन दिनों में तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की और वृद्धि होगी, जो ओडिशा के निवासियों के लिए और अधिक परेशानी का संकेत है।

## मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

इंफाल। मणिपुर के थौबल और इंफाल पश्चिम जिलों में अलग-अलग अभियानों के दौरान सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठनों के 3 सदस्यों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि थौबल के उनिंगखोंग से प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी) के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया। सक्रिय सदस्यों के पास से पिस्तौल, गोला-बारूद, नकदी और अन्य सामान बरामद किया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक अन्य अभियान में इंफाल पश्चिम के लांगोल टाइप-थ्री से प्रतिबंधित कांगलेई यावोल कन्ना लूप (केवाईकेएल) के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## मोदी और केजरीवाल भाई जैसे, दोनों एक सिक्के के दो पहलू : ओवैसी

नई दिल्ली। एआईएमआईएम अध्यक्ष और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि आम आदमी पार्टी प्रमुख और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच ज्यादा अंतर नहीं है और वे एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। ओखला निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी शिफा-उर-रहमान के लिए प्रचार करते हुए उन्होंने कहा, ''मोदी और केजरीवाल भाई जैसे हैं, एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों आरएसएस की विचारधारा से निकले हैं, एक संघ की शाखा से और दूसरा इसकी संस्थाओं से। ओवैसी ने शाहीन बाग में पैदल मार्च भी किया और जनता से पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी के चुनाव चिह्न पतंग का बटन दबाने का आग्रह किया।

## गणतंत्र दिवस के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा कड़ी

कुलगाम। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मद्देनजर जम्मू और कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है, जिसके चलते संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों को तैनात किया है। कुलगाम में सुरक्षा बलों द्वारा व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है, जिसके चलते वाहनों और लोगों की जांच की जा रही है और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। यह सुरक्षा इसलिए बढ़ाई गई है ताकि गणतंत्र दिवस के मौके पर कोई अप्रिय घटना न हो सके। इन उपायों का उद्देश्य इलाके में शांति बनाए रखना और गणतंत्र दिवस के दौरान सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना है। स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की जा रही है कि वे सुरक्षा बलों की तैयारियों में उनका साथ दें ताकि सभी सुरक्षित रहें।

# मिल्कीपुर से योगी ने दिया नया नारा : ना जातिवाद ना परिवारवाद, इस बार सिर्फ राष्ट्रवाद पर लगेगी मुहर



**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या के मिल्कीपुर सीट पर होने वाले उपचुनाव पर सभी की निगाहें टिकी हैं। बीजेपी और समाजवादी पार्टी ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। शुक्रवार को बीजेपी के प्रत्याशी चंद्रभान पासवान के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर में बड़ी जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री योगी ने समाजवादी पार्टी और उनके प्रत्याशी पर निशाना साधकर एक नया नारा दिया...ना जातिवाद, ना परिवारवाद, इस बार सिर्फ मोहर लगेगी राष्ट्रवाद।

वहीं, दूसरी ओर नाबालिग बच्ची से रेप के आरोपी सपा नेता मोईद खान के मुद्दे पर भी सीएम योगी ने सपा को जमकर घेराबंदी की। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार के समय जितना बड़ा माफिया होता था, उस उतना बड़ा ओहदा मिल जाता था। यही सपा सरकार की पहचान थी। सीएम की इस रैली के बाद बीजेपी के कार्यकर्ता से लेकर बड़े पदाधिकारी तक उत्साहित हैं। उन्होंने मिल्कीपुर उपचुनाव में जीत का दावा किया है।

बता दें कि सीएम योगी ने रैली से मिल्कीपुर में जातिगत समीकरण को जहां साधने की कोशिश की, वहीं दूसरी ओर पार्टी के स्थानीय नेताओं के विरोध को भी खत्म किया। मंच पर जहां एक तरफ मिल्कीपुर से पूर्व विधायक और इस बार टिकट के प्रबल दावेदार बाबा गोरखनाथ नजर आए। वहीं दूसरी ओर ब्राह्मण वोट बैंक का चेहरा कहे जाने वाले पूर्व विधायक खब्बू तिवारी भी दिखाई दिए। ब्राह्मणों की नाराजगी पर बीजेपी के पूर्व विधायक तिवारी ने कहा कि कोई नाराजगी नहीं है। बीजेपी सिर्फ विकास की राजनीति करती है। योगी जी की रैली के बाद मिल्कीपुर बीजेपी की जीत निश्चित है।

सीएम योगी ने कहा कि एक ओर महाकुंभ में करोड़ों लोग स्नान कर रहे हैं वहीं, दूसरी आई सपाई महाकुंभ के बारे में दुष्प्रचार कर जनता की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ये वहीं सपा है जिसने अपनी सरकार में सरयू के जल को रामभक्तों के खून से लाल कर दिया था। ये परिवारवादी लोग जातिवाद के नाम पर समाज को तोड़ने का काम करते हैं। बीजेपी में परिवारवाद नहीं विकासवाद और राष्ट्रवाद है। इस बीच यूपी सरकार के आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि शुकवार की यह रैली मिल्कीपुर की जीत को सुनिश्चित करती है। आज की उमड़ी इस जनसभा ने तय कर दिया इस कैसे इस बार जीत का बड़ा मार्जिन होने जा रहा है। जनता 2024 में जो भूल कर चुकी है वह दोहराने वाली नहीं है।

## उत्तरकाशी में 40 मिनट के भीतर तीन भूकंप के झटके, लोगों में दहशत

उत्तरकाशी। उत्तराखंड की देवभूमि उत्तरकाशी में शुक्रवार सुबह धरती तीन बार हिली, जिससे पहाड़ों में खौफ का माहौल बन गया। नेशनल सेंटर ऑफ सिस्मोलॉजी के अनुसार, 40 मिनट के भीतर तीन भूकंप के झटके महसूस किए गए। पहले झटके का समय सुबह 7 बजकर 42 मिनट था, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.7 मापी गई। इसके बाद सुबह 8 बजकर 19 मिनट पर दो और झटके आए, जिनकी तीव्रता 3.5 थी। भूकंप का केंद्र उत्तरकाशी के भटवाड़ी प्रखंड में बताया जा रहा है। यह झटके जमीन के 5 किलोमीटर अंदर थे, जिससे उत्तरकाशी और आसपास के इलाकों में तेज कंपन महसूस हुआ। हालाँकि, भूकंप के कारण किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। भूकंप के बाद लोग दहशत के कारण घरों से बाहर निकल आए और काफी देर तक खुले में बैठे रहे। वरुणावत पर्वत के भूस्खलन जोन से मलबा और पत्थर गिरने की भी खबर है। आपदा प्रबंधन विभाग और स्थानीय प्रशासन ने सभी तहसीलों से जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। उत्तरकाशी भूकंप के लिहाज से अतिसंवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। यह इलाका भूकंप जोन ढ्ढङ्क और ङ्क में आता है, जहां भूकंप की संभावना अधिक रहती है। आपदा कंट्रोल रूम को पूरी तरह अलर्ट मोड पर रखा गया है, और क्षेत्र में लगातार नजर रखी जा रही है। आपदा प्रबंधन विभाग ने क्षेत्र के लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। अधिकारियों ने बताया कि किसी अप्रिय स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें। विशेषज्ञों ने भी लोगों को भूकंप के बाद झटकों (आफ्टरशॉक्स) को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है।

## महाराष्ट्र को मिलेगा तीसरा उपमुख्यमंत्री, संजय राउत के बयान से सियासी हलचल



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की सियासत में हलचल मचाते हुए शिवसेना (उद्धव बाला साहब ठाकरे) के सांसद संजय राउत ने बड़ा दावा किया है कि राज्य में जल्द ही तीसरा उपमुख्यमंत्री नियुक्त किया जाएगा। उनके अनुसार, यह नया डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना का कोई नेता होगा। संजय राउत ने कहा, महाराष्ट्र में अब दो नहीं, बल्कि तीन उपमुख्यमंत्री होंगे। नया डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की शिवसेना से चुना जाएगा। इस बयान के बाद राज्य की राजनीति में अटकलों का दौर शुरू हो गया है।

संजय राउत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और एकनाथ शिंदे गुट पर निशाना साधते हुए कहा कि ईडी और सीबीआई के डर से नेता भाजपा के साथ खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा, यह सरकार दबाव और डर की राजनीति के जरिए चल रही है, लेकिन इसका सच जल्द सामने आएगा।

- तीसरे डिप्टी सीएम को लेकर अटकलें तेज

महाराष्ट्र में फिलहाल एकनाथ शिंदे और अजित पवार उपमुख्यमंत्री पद पर हैं। तीसरे उपमुख्यमंत्री की नियुक्ति के दावे ने राजनीति में नए समीकरण बनने की संभावनाओं को हवा दे दी है। शिवसेना के शिंदे गुट से किस नेता को यह पद मिलेगा, इसे लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। शिवसेना के उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे गुटों के बीच खींचतान जारी है। राउत के इस बयान को राजनीतिक दबाव और शिंदे गुट की स्थिति को लेकर भाजपा की रणनीति से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

संजय राउत के इस दावे ने महाराष्ट्र की राजनीतिक फिजा में हलचल मचा दी है। विपक्ष और सत्ताधारी गठबंधन के बीच बयानबाजी तेज होने की संभावना है। अब सबकी नजरें इस बात पर हैं कि राज्य सरकार और भाजपा इस दावे पर क्या प्रतिक्रिया देती हैं।


# लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किसी भी धर्म का हिस्सा नहीं, शोर स्वास्थ्य के लिए खतरा

### -बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा-नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ करें कार्रवाई

### -एनटीए और सरकार ने अब तक आरोपियों को पहचानने के लिए क्या कदम उठाए

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को लेकर कहा कि लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किसी भी धर्म का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। साथ ही, कानून प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे ध्वनि प्रदूषण के मानदंडों और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें। जस्टिस एएस गडकरी और जस्टिस एससी चांडक की पीठ ने कहा कि शोर-शराबा स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा है। कोई भी यह दावा नहीं कर सकता कि अगर उसे लाउडस्पीकर के इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी गई तो उसके अधिकार किसी भी तरह प्रभावित होंगे।

होईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को निर्देश दिया कि वह धार्मिक संस्थाओं को ध्वनि स्तर को नियंत्रित करने के लिए तंत्र अपनाने का निर्देश दें, जिसमें डेसिबल सीमा तय करने की ध्वनि प्रणालियां भी शामिल हों। होईकोर्ट ने यह फैसला कुर्ला उपनगर के 2 आवास संघों की ओर से दायर याचिका पर दिया। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि क्षेत्र की मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकर से होने वाले ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।



याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि धार्मिक उद्देश्यों के लिए लाउडस्पीकर का इस्तेमाला शांति को भंग करता है। ध्वनि प्रदूषण नियम 2000 के साथ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के प्रावधानों का उल्लंघन है। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि मुंबई एक महानगर है और जाहिर है कि शहर के हर हिस्से में कई धर्मों के लोग रहते हैं। होईकोर्ट ने कहा कि यह जनहित में है कि ऐसी इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। ऐसी अनुमति देने से इनकार करने पर अधिकारों का उल्लंघन नहीं होता है। लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किसी भी धर्म का अनिवार्य हिस्सा नहीं है।

होईकोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार और अन्य प्राधिकारियों का यह कर्तव्य है कि वह कानून के प्रावधानों के तहत निर्धारित सभी आवश्यक उपाय अपनाकर कानून को लागू करें। कोर्ट ने कहा कि एक लोकतांत्रिक राज्य में ऐसी स्थिति नहीं हो सकती कि कोई व्यक्ति/समूह/संगठन कहे कि वह देश के कानून का पालन नहीं करेगा और कानून लागू करने वाले अधिकारी मूकदर्शक बने रहेंगे। कोर्ट ने कहा कि पुलिस को ध्वनि प्रदूषण नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि ऐसे शिकायतकर्ताओं को निशाना बनाए जाने, दुर्भावना और घृणा से बचाया जा सके।

हाईकोर्ट ने मुंबई पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया कि वे सभी थानों को निर्देश जारी करें कि धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर के खिलाफ कोई भी शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई हो। पीठ ने कहा कि हम इस तथ्य का न्यायिक संज्ञान लेते हैं कि आम तौर पर लोग तब तक किसी चीज के बारे में शिकायत नहीं करते जब तक कि वह असहनीय और परेशानी का कारण न बन जाए। कोर्ट ने आवासीय क्षेत्रों में परिवेशी ध्वनि का स्तर दिन में 55 डेसिबल और रात में 45 डेसिबल से ज्यादा नहीं होना चाहिए।

## महाकुंभ में लगी आग की खालिस्तान समर्थक आतंकी संगठन केजेडएफ ने ली जिम्मेदारी, कहा-यह सिर्फ एक चेतावनी थी

प्रयागराज। यूपी के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में बीते 19 जनवरी को लगी आग की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन खालिस्तानी जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) ने ली है। जिसके बाद अब यूपी एटीएस और एनआईए अलर्ट हो गई है। अब ये एजेंसियां अग्निकांड में आतंकी कनेक्शन तलाश रही हैं। आतंकवादी संगठन केजेडएफ ने ईमेल के जरिए बताया कि यह हादसा पीलीभीत में हुए एनकाउंटर का बदला था। इसके साथ ही, ईमेल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी जिक्र किया गया है। विदित हो कि प्रयागराज महाकुंभ में 19 जनवरी शाम करीब 4 बजे सेक्टर 19 में आग लग गई थी। इस हादसे में 40 कुटिया और छह टेंट जल गए थे। महाकुंभ प्रशासन के मुताबिक गीता प्रेस की रसोई में छोटे सिलेंडर से चाय बनाने के दौरान गैस लीक होने के कारण आग लगी। खालिस्तानी जिंदाबाद फोर्स ने कनाडा और पंजाब के पत्रकारों को ई-मेल भेजा है। इसमें लिखा है, 卐 खालिस्तानी जिंदाबाद फोर्स कुंभ मेले के दौरान हुए दोहरे विस्फोट की जिम्मेदारी लेता है। इस कृत्य का मुख्य उद्देश्य किसी को चोट पहुंचाना नहीं था। यह सिर्फ सीएम योगी के लिए एक चेतावनी थी कि हम आपके बहुत करीब हैं। यह ब्लास्ट पीलीभीत फर्जी मुठभेड़ में मारे गए तीन भाइयों की हत्या का बदला लेने के लिए किया है। यह तो बस शुरुआत है।卐 यह मेल फतेह सिंह नाम के युवक ने भेजा है।

## अनंत सिंह और सोनू-मोनू गिरोह विवाद पर बिहार सरकार के मंत्री और विपक्ष आमने-सामने

**पटना (एजेंसी)।** मोकामा के पंचमहला थानांतर्गत नौरंगा जलालपुर गांव में पूर्व विधायक अनंत सिंह और सोनू-मोनू गिरोह के बीच 22 जनवरी को हुई फायरिंग मामले में अनंत सिंह ने सरेंडर किया है। पूर्व विधायक ने बाढ़ अनुमंडल न्यायालय में सरेंडर किया, जिसकी जानकारी लगते ही भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया। इसके पहले शुक्रवार सुबह मामले में सोनू-मोनू गैंग के सोनू और अनंत सिंह के एक समर्थक की गिरफ्तारी हुई थी। अनंत सिंह के सरेंडर के बाद अब मामले में डिप्टी सीएम विजय सिन्हा, सम्राट चौधरी सहित कई अन्य नेताओं की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। वहीं, बाढ़ कोर्ट में सरेंडर करने के बाद पूर्व विधायक सिंह ने कहा कि वे कानून का पालन कर रहे हैं।

इस मामले पर डिप्टी सीएम सिन्हा ने कहा कि छोटी-मोटी घटनाओं पर सरकार की निगाहें बनी हुई हैं। क्राइम करने वाला बचेगा नहीं। ईमानदारी के साथ प्रशासन भी लगा हुआ है। सरकार पूरी सजगता के साथ कानून का राज स्थापित कर रही है। वहीं डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन अपना काम कर रहा है।

वहीं इस मामले में विरोधी नेता पप्पू यादव, पूर्णिया सांसद ने कहा कि पटना के पास दानापुर में बालू माफिया 200 गोलियां चलाता है, दूसरी ओर मोकामा में 100 गोलियां चलती हैं। दोनों शूटर मजे से इंटरव्यू दे रहे हैं और कैमरे पर एक-दूसरे को मारने की धमकी दे रहे हैं। प्रदेश में सरकार नाम की चीज नहीं है। हम सरकार से जानना चाहते हैं कि वे दोनों गोली चलाने वाले में से किसका समर्थन कर रही है और इन शूटरों को इतनी आजादी कैसे है कि वे खुलेआम एक-दूसरे की हत्या कर रहे हैं?...बिहार में अपराधी माफिया के बिना न सत्ता और ही विपक्ष चुनाव जीत सकता है।

वहीं राजद के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने नीतिश सरकार पर हमला



करते हुए कहा कि बिहार में अचेत मुख्यमंत्री होने के कारण अपराध-आदत तथा भ्रष्टाचार-शिष्टाचार में तब्दील हो चुका है। अब रूह कंपकपाने वाली घटनाएं सामान्य हो गई है। कई राउंड गोलियां चलाने वाले दोनों पक्ष केंद्रीय मंत्री के साथ खुलेआम घूमते है। मुख्यमंत्री स्वयं जेल से छुड़ाने के बाद उनके घर जाकर उनका स्वागत और अभिनंदन करते है। लेकिन अब कोई जंगलराज नहीं बोलेगा क्योंकि घटना में सम्मिलित सभी पक्ष सर्वश्रेष्ठ है।

## कर्नाटक में मिला मंकीपॉक्स का मरीज हालत स्थिर, डॉक्टर रख रहे पैनी नजर

### -स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से की अपील, घबराएं नहीं अपना रखें ध्यान

**मंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के मंगलुरु में मंकीपॉक्स का पहला केस दर्ज किया है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा है कि उडुपी जिले के करकला तालुक में रहने वाले 40 वर्षीय मरीज की हालत स्थिर है उसे कोई गंभीर परेशानी नहीं है। उन्होंने कहा कि 17 जनवरी को दुबई से आए इस मरीज को जल्द ही छुट्टी दे दी जाएगी। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वह घबराएं नहीं।

एक बयान में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के प्रधान सचिव और एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के निदेशक अंसार अहमद ने लोगों को आश्वस्त किया कि यह बीमारी ज्यादातर मामलों में हल्की और सीमित है। उन्होंने कहा कि लोगों को घबराना नहीं




चाहिए, क्योंकि यह बीमारी मुख्य रूप से निकट या घनिष्ठ संपर्क से फैलती है और यह कोविड-19 जितनी संक्रामक भी नहीं है। इसके लक्षणों में आमतौर पर त्वचा पर चकत्ते, बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और ठंड लगना शामिल हैं।

अधिकारियों ने उच्च जोखिम वाले देशों की यात्रा करने वाले लोगों या पुष्टि वालों मामलों के निकट संपर्क में रहने वाले लोगों को इनमें से किसी भी तरह का लक्षण पाए जाने पर चिकित्सा सलाह लेने की सलाह दी है। मंकीपॉक्स का उपचार बुखार और शरीर के दर्द जैसे लक्षणों को कम करने पर केंद्रित है, साथ ही संक्रमित घावों से होने वाले द्वितीयक संक्रमणों के लिए एंटीबायोटिक्स का इस्तेमाल किया जाता है। पर्याप्त हाइड्रेशन, पोषण और विश्राम सुनिश्चित करना भी अहम है।

वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए केंद्र सरकार की ओर से अनिवार्य परीक्षण आवश्यकताएं या सलाह नहीं दी गई है। स्वास्थ्य अधिकारी स्थिति पर नजर रख रहे हैं और लोगों को आश्वस्त कर रहे हैं कि मामले को प्रबंधित करने के लिए जरुरी उपाय करें।

# साल 2069 में होने वाले महाकुंभ का दृश्य सोशल मीडिया पर वायरल



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की मदद से भविष्य के महाकुंभ की एक दिलचस्प झलक सामने आई है। साल 2069 में होने वाले महाकुंभ का दृश्य सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसे देखकर हर किसी के रोंगटे खड़े हो गए हैं। महाकुंभ के आयोजन को लेकर सरकार ने हर संभव प्रयास किए हैं, जिसमें टेंट, टॉयलेट्स, पीने का पानी और अन्य सुविधाओं का इंतजाम किया गया है। बावजूद इसके, श्रद्धालु कुछ समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इन समस्याओं के बीच, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने एक अनोखी झलक पेश की, जिसमें दिखाया गया है कि 2069 के महाकुंभ में लोग किस प्रकार की तकनीकी परिवर्तनों का सामना करेंगे। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और चित्रों में इस भविष्य के महाकुंभ की कल्पना की गई है, जहां पारंपरिक साधू-बाबाओं की जगह रोबोटिक साधू नजर आएंगे। ये साधू अपनी हथेली से आरती की लौ जला सकेंगे। वहीं, आसमान में ग्रह-नक्षत्रों के संगम का दृश्य भी श्रद्धालुओं के लिए अलौकिक होगा। यह वीडियो न सिर्फ तकनीकी दृष्टिकोण से, बल्कि धार्मिक दृष्टिकोण से भी अनोखा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से यह वीडियो दिखाता है कि महाकुंभ का आयोजन भविष्य में कैसे पूरी तरह से टेक्नोलॉजी से सुसज्जित होगा।

लोग इस दृश्य को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए हैं और इसे लाखों बार देखा जा चुका है। इसमें दिखाया गया है कि अगले 144 वर्षों में तकनीक कितनी विकसित हो जाएगी, जिससे महाकुंभ का अनुभव एक नई और अद्भुत दिशा में परिवर्तित हो जाएगा। इस महाकुंभ का हिस्सा बनने के लिए लोग अपनी अगली पीढ़ी को खुशकिस्मत मान रहे हैं, क्योंकि यह तकनीकी परिवर्तन न सिर्फ धार्मिक अनुभव को प्रभावित करेगा, बल्कि इसे एक नए आयाम पर भी ले जाएगा। वर्तमान में जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शुरुआत हो चुकी है, भविष्य में यह तकनीक बेहद एडवांस हो जाएगी।



साल 2024 की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में तीन भारतीय

# रोहित, विराट व अश्विन को जगह नहीं

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने शुक्रवार को साल 2024 के लिए पुरुषों की सर्वश्रेष्ठ वनडे टीम के एलान के बाद सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम का भी एलान कर दिया है। इस टीम में भारत के तीन खिलाड़ियों को जगह मिली है, लेकिन इनमें न तो रोहित शर्मा हैं और न ही विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन। टीम की कमान ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को सौंपी गई है। सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में इंग्लैंड के सबसे ज्यादा चार खिलाड़ी हैं। वहीं, भारत के तीन और न्यूजीलैंड के दो खिलाड़ियों को जगह मिली है। ऑस्ट्रेलिया का सिर्फ एक खिलाड़ी इस टीम में है, जबकि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम का कोई खिलाड़ी इस टीम में नहीं है।

**फैब-4 में से सिर्फ दो को मिली जगह-** टीम में मौजूदा दौर के चार सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से दो ही को जगह मिली है। इनमें न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन और जो रूट शामिल हैं। स्टीव स्मिथ और विराट कोहली जगह नहीं बना पाए। भारत के जिन तीन खिलाड़ियों को इसमें जगह दी गई है, उनमें ओपनर यशस्वी जायसवाल, ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह शामिल हैं। बुमराह मौजूदा समय में आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष गेंदबाज हैं, जबकि जडेजा टेस्ट में शीर्ष रैंकिंग वाले ऑलराउंडर हैं।

### रूट और यशस्वी का रहा है जलवा

रूट पिछले साल टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। वहीं, यशस्वी इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर थे। विलियम्सन ने भी चोट से वापसी करने के बाद शानदार फॉर्म दिखाया था। हालांकि, तीनों की टीमें आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की रेस से बाहर हो चुकी हैं। फाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना जून में ऐतिहासिक लॉर्ड्स के मैदान पर दक्षिण अफ्रीका से होगा।

### टीम में और कौन-कौन

आईसीसी की टीम में ओपनिंग में यशस्वी का साथ इंग्लैंड का बेन डकेट निभा रहे हैं। जबकि तीसरे स्थान पर विलियम्सन और चौथे स्थान पर रूट हैं। पांचवें स्थान पर इंग्लैंड के ही हैरी ब्रूक और छठे स्थान पर श्रीलंका के ऑलराउंडर कामिंदु मेंडिस हैं। विकेटकीपर की जिम्मेदारी इंग्लैंड के जेमी स्मिथ को सौंपी गई है। तेज गेंदबाजी का जिम्मा कमिंस के अलावा न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और बुमराह के हाथों में होगा।

### आईसीसी की वर्ष 2024 की पुरुष वनडे टीम

चैरिथ असलांका (कप्तान) (श्रीलंका), सईम अयूब (पाकिस्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (अफगानिस्तान), पथुम निसांका (श्रीलंका), कुसल मेंडिस (विकेटकीपर) (श्रीलंका), शेरफेन रदरफोर्ड (वेस्टइंडीज), अजमतुल्लाह उमरजई (अफगानिस्तान)), वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका), शाहीन शाह अफरीदी (पाकिस्तान), हारिस रऊफ (पाकिस्तान), एएम गजनफर (अफगानिस्तान)।

# हैरी ब्रूक ने पहले टी20 में हार के बाद वापसी की ट्रिक बताई

**चेन्नई (एजेंसी)।** शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने शुक्रवार को कहा कि अगर इंग्लैंड कोलकाता में सात विकेट से मिली करारी हार से उबरकर श्रृंखला बराबर करना चाहता है तो मेहमान टीम को भारत पर लगातार दबाव बनाना होगा। ईडन गार्डन्स में जीत के बाद भारत पांच मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रहा है।

ब्रूक ने दूसरे टी20 मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'हम बिलकुल भी दबाव में नहीं हैं। भारत एक बहुत अच्छी टीम है इसलिए हम जानते थे कि वे हमें कड़ी टक्कर देंगे और हां, उन्होंने शानदार खेल दिखाया। हमें बस दबाव बनाए रखने की जरूरत है, वही संदेश जो बैज (ब्रेंडन मैकुलम) हर समय देते रहे हैं। हमें उनके गेंदबाजों पर दबाव बनाने और उनकी पारी



के दौरान विकेट लेने की कोशिश करनी होगी। आपको हमेशा थोड़ा और बेहतर करने की जरूरत होती है।

ब्रूक ने ईडन गार्डन्स में कप्तान जोस बटलर के शानदार अर्धशतक से कुछ सीख लेने की उम्मीद जताई जिन्होंने 44 गेंद में 68 रन की पारी खेली। उन्होंने कहा, 'हां, उन्हें निश्चित रूप से भारत में खेलने का काफी अनुभव है। उन्होंने आईपीएल में और जब भी वह इंग्लैंड के लिए यहां खेले हैं तो शानदार प्रदर्शन किया है। इसलिए उन्हें मैदान पर उतरते और रन बनाते देखकर काफी अच्छा लगता है। उन्हें दूसरे छोर से थोड़ी देर तक देखना सुखद था। ब्रूक ने उम्मीद जताई कि वह शनिवार को चेपक में इंग्लैंड की संभावित जीत में और अधिक महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे। उन्होंने कहा, 'यह एक आदर्श शुरुआत नहीं थी लेकिन यह सिर्फ एक मैच था। मेरा लक्ष्य जीत में योगदान देना होगा। मैं सिर्फ केवल एक ही चीज के बारे में सोचता हूं, वह है मैच विजेता बनने की कोशिश करना और अगर मैं यहां इस श्रृंखला में से एक या दो मैच भी जिताता हूं, तो मुझे इससे बहुत खुशी होगी।

# 'मैं सिर्फ कप्तान नहीं बनना चाहता'

### सूर्यकुमार ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 से पहले साझा किए विचार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव सिर्फ कप्तान नहीं बल्कि ग्रुप के लीडर बनना चाहते हैं। उन्होंने चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच से पहले अपने विचारों पर विचार किया। सूर्यकुमार की अगुआई में भारत ने बुधवार को ईडन गार्डन्स में सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड को सात विकेट से हराया। मेजबान टीम ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है।

सूर्यकुमार ने कहा, मुझे लगता है कि मैं सिर्फ कप्तान नहीं बनना चाहता; मैं लीडर बनना चाहता हूं। अगर हम एक ग्रुप के तौर पर कुछ हासिल करना चाहते हैं, तो सभी को एक ही पन्ने पर होना चाहिए। ये छोटी-छोटी बातें हैं जो मैं उन्हें बताता रहता हूं - बुनियादी बातें, मैदान पर और मैदान के बाहर पालन करने की अच्छी आदतें। जब आप मैदान पर उतरें, तो बस अपने शरीर को छोड़ दें और जो हो रहा है उसका आनंद लें।

रोहित शर्मा के टी20आई प्रारूप से संन्यास के बाद सूर्यकुमार को नियुक्त किया गया था। रोहित, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा ने बारबाडोस में टी20 विश्व कप का खिताब जीतने के बाद अपने टी20 करियर को अलविदा कह दिया। भारत के टी20 कप्तान बनने पर अपने विचारों को दर्शाते हुए सूर्यकुमार ने इसे एक भावनात्मक क्षण बताया, जिसे उन्होंने अपने परिवार के साथ मनाया। उन्होंने कहा, यह एक भावनात्मक क्षण था। मैंने अपने परिवार को फोन किया और हमारी अच्छी बातचीत हुई। फिर मैंने एक गहरी सांस ली, उस पल को महसूस किया और जश्न मनाया। हम घर पर बैठे, मेरी पत्नी की मदद से कुछ खाना बनाया और शाम का आनंद लिया। यह मजेदार और बहुत ही खास एहसास था।

# रोहित रणजी ट्रॉफी में वापसी के दूसरे प्रयास में भी फेल, मुश्किल से बना पाए 28 रन

**मुंबई (एजेंसी)।** रोहित शर्मा की रणजी ट्रॉफी में वापसी कुछ खास नहीं रही और दूसरी पारी में भी वह कमाल नहीं दिखा पाए। भारतीय कप्तान ने उमर नजीर की गेंद पर छक्का लगाया और फिर औकीब नबी तथा युद्धवीर सिंह की गेंदों पर आसानी से दो और शॉट लगाकर अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी की झलक दिखाई। लेकिन आखिरकार 28 रन पर उनकी पारी का अंत हुआ। इस दौरान उन्होंने 35 गेंदें खेली जिसमें 2 चौके और 3 छक्के शामिल थे।

एक दशक में मुंबई के लिए घरेलू रेड-बॉल क्रिकेट में अपना पहला मैच खेल रहे रोहित का पहला दिन बहुत खराब रहा, जब 37 वर्षीय यह खिलाड़ी जम्मू कश्मीर के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मुकाबले के शुरुआती घंटे में 19 गेंदों पर 3 रन बनाकर आउट हो गए। शुक्रवार को रोहित ने खुद को बेहतर साबित करते हुए 28 रन की शानदार पारी खेली जो पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट की दूसरी पारी में 52 रन बनाने के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका



सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। रोहित ने न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार मैचों में 0, 8, 18, 11, 3, 6, 3 और 9 रन बनाए हैं।

अक्टूबर के मध्य में भारत विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर था और राष्ट्रीय टीम के लिए घर पूरी तरह से व्यवस्थित था। लेकिन न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद यह सब बिखर गया जिसने भारतीय सुपरस्टार्स को घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए मजबूर कर दिया। शुक्रवार को, वह एक बड़ी पारी की तलाश में थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

रोहित की 28 रनों की पारी में शुरुआती दौर में हिट और मिस दोनों शामिल थे जो चौथे ओवर में नजीर द्वारा छोड़े गए एक मुश्किल मौके से शुरू हुआ, जब वह अपने फॉलो थ्रू पर रिटर्न कैच नहीं पकड़ सके। रोहित ने तुरंत स्क्वायर लेग पर छक्का लगाने के लिए पुल शॉट के साथ जवाब दिया। एक मोटा बाहरी किनारा फिर गली और दूसरी स्लिप में फील्डर के बीच से उड़ गया और अंतिम गेंद पर रोहित ने जोरदार और वाइड शॉट लगाया और गेंद को ऑफ-साइड पर एक और चौका लगा दिया।

रोहित ने एक समय 11 गेंदों पर 21 रन बना लिए थे लेकिन वे ज्यादातर समय सतर्क रहे, हालांकि कुछ मौकों पर वे रन बनाने में विफल रहे। बीकेसी में दूसरे दिन विकेट पर तुलनात्मक रूप से नमी नहीं होने के कारण जम्मू-कश्मीर के गेंदबाजों को भी इसे कड़ा रखने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी, लेकिन वे रोहित को तीन छक्के और दो चौके लगाने से नहीं रोक सके। आखिरकार जम्मू-कश्मीर के आबिद मुश्ताक ने नजीर की गेंद पर मिडविकेट पर एक हाथ से कैच लपका, जिन्होंने रोहित को मैच में दूसरी बार आउट किया जिससे भारतीय कप्तान क्रीज पर नहीं टिक पाए।

# दूसरा टी-20 आज: शमी की फिटनेस व विजय अभियान जारी रखने पर भारत की निगाहें

### भारत-इंग्लैंड टी-20

चेन्नई (एजेंसी)। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फिटनेस को चल रही चिताओं के बीच भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पहले मैच का प्रदर्शन दोहरा कर विजय अभियान जारी रखने के उद्देश्य के साथ मैदान पर उतरेगी। भारत ने बुधवार को कोलकाता में पहला मैच सात क्रिकेट से जीत कर पांच मैच की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की थी।

भारतीय टीम निश्चित तौर पर शमी को मैदान पर उतारना चाहेगी लेकिन यह सब कुछ उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। भारत को हालांकि पहले मैच में इस 34 वर्षीय तेज गेंदबाज की कमी नहीं खली। इस मैच में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने शानदार प्रदर्शन करके भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। ईडन गार्डंस की पिच से तेज और स्पिन गेंदबाजों को पर्याप्त मदद मिल रही थी लेकिन यहां चेपक स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को और अधिक मदद मिलने की संभावना है। ऐसी परिस्थितियों में वरुण, उप कप्तान अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई का अंतिम एकादश में बने रहना तय है।

इंग्लैंड की तरफ से अनुभवी स्पिनर आदिल रशीद और लियम लिविंगस्टोन भारतीय बल्लेबाजों के सामने





चुनौती पेश करेंगे। जहां तक उसके तेज गेंदबाजों का सवाल है तो पहले मैच में अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन के सामने जोफ्रा आर्चर को छोड़कर उसका कोई भी गेंदबाज नहीं चल पाया था। अभिषेक और सैमसन ने पहले मैच में भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी तथा यह दोनों एक बार फिर से उसे दोहराना चाहेंगे। पिछले छह मैच में तीन शतक बनाने वाले सैमसन लंबी पारी नहीं खेल पाए थे लेकिन अभिषेक ने 34 गेंद पर 79 रन की तूफानी पारी खेली थी।

सैमसन यहां पहले मैच की भरपाई करना चाहेंगे। अभिषेक और सैमसन की सलामी जोड़ी को अगर अगले साल भारत में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपना दावा मजबूत रखना है तो उन्हें अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। इंग्लैंड भी अपने सलामी बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगा। पहले मैच में फिल साल्ट और बेन डकेट दोनों ने मिलकर कुल सात गेंद का सामना करके चार रन बनाए थे। भारत को कप्तान सूर्यकुमार यादव से भी बड़ी पारी की उम्मीद होगी जो पिछले मैच में जल्दी आउट हो गए थे।

असल में सूर्यकुमार पिछले साल टी20 विश्व कप के बाद 11 पारियों में केवल दो अर्धशतक लगा पाए हैं। भारत की अपनी अंतिम एकादश में खास बदलाव करने की संभावना नहीं है। अगर शमी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए फिट हो जाते हैं तो उन्हें नीतीश कुमार रेड्डी की जगह टीम में लिया जाएगा। जहां तक इंग्लैंड का सवाल है तो यहां की परिस्थितियों को देखकर वह युवा स्पिनर रेहान अहमद को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है।

### संभावित प्लेइंग 11

इंग्लैंड - अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेट कीपर), तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती

भारत -फिल साल्ट (विकेट कीपर), बेन डकेट, जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, मार्क वुड

**समय - मैच शाम 7 बजे शुरू होगा।**

# चोट से उबरने के बाद श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में शामिल होंगे मैथ्यू कुहनेमैन

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन को अंगूठे की चोट की सर्जरी के बाद ठीक होने के बाद दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए हरी झंडी दे दी गई है। बिग बैश लीग (बीबीएल) दौरान पिछले सप्ताह कुहनेमैन का दाहिना अंगूठा टूट गया था, लेकिन फिलहाल गुरुवार को अभ्यास सत्र के दौरान वह नेट्स में अच्छी गेंदबाजी करने में सफल रहे हैं। वह श्रीलंका पहुंचेंगे। गुरुवार को एलन बॉर्डर फील्ड में कुहनेमैन को हीट और क्वींसलैंड के गेंदबाजी कोच एंडी बिचेल ने आठ ओवर गेंदबाजी और बल्लेबाजी करते हुए आउट किया। हीट के फिजियो एडम स्मिथ की देखरेख में उन्होंने फील्डिंग करते हुए कुछ कैच पकड़े। गुरुवार को ब्रिस्बेन में सफल अभ्यास सत्र के बाद कुहनेमैन श्रीलंका में होने वाली



आगामी दो मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में शामिल होने की मंजूरी मिलने को लेकर आशावादी हैं। 28 वर्षीय बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिनर को होबार्ट हरिकेंस से हारने के बाद ब्रिसबेन हीट के लिए खेलते समय चोट लगी थी। खेल के दौरान अंगूठे पर चोट लगने के बाद कुहनेमैन को टीम के साथी डेनियल ड्रू द्वारा अस्पताल ले जाया गया, जहां अव्यवस्था को ठीक किया गया। अगली सुबह सर्जरी में फ्रैक्चर में एक पिन डाली गई। चोट की गंभीरता के बावजूद कुहनेमैन की रिकवरी तेजी से हुई। खेलों के दौरान अपने अंगूठे की सुरक्षा के लिए एक कस्टम-मेड प्लास्टिक स्प्लिंट तैयार किया गया है, जिसे कुहनेमैन अपने प्रदर्शन में बाधा डाले बिना पहन सकते हैं। 2023 में भारत में तीन टेस्ट खेलने वाले कुहनेमैन चोट से उबरने के बाद गॉल में पहले टेस्ट के लिए ड्रद्ध में जगह बनाने के दावेदार होंगे।

### श्रीलंका बनाम ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज

- 29 जनवरी से 2 फरवरी – गॉल
- 6 फरवरी से 10 फरवरी – गॉल

- **ऑस्ट्रेलिया टीम-** स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कूपर कोनोली, ट्रैविस हेड (उप-कप्तान), जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मैट कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, नाथन मैकस्वीनी, टॉड मर्फी, मिशेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

# नोवाक जोकोविच चोटिल, पहला सेट हारने के बाद सेमीफाइनल से हटे

**मेलबर्न (एजेंसी)।** नोवाक जोकोविच चोटिल होने के कारण शुक्रवार को यहां अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल का पहला सेट हारने के बाद मैच से हट गए।

जोकोविच ने पहला सेट टाईब्रेकर में 7-6 (5) से गंवा दिया था। इसके बाद उन्होंने नेट के चारों ओर चक्कर लगाया और मैच से हटने का



फैसला किया। इस तरह से ज्वेरेव फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। कार्लोस अल्कराज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान जोकोविच की पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। उन्होंने प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया और उसके बाद कोर्ट से बाहर चले गए।

जोकोविच ने बाद में संवाददाता सम्मेलन में अपने पैर में दर्द का जिक्र करते हुए कहा, 'यह और भी बदतर होता जा रहा था। मैं अगर पहलाा सेट जीत भी लेता तब भी मेरे लिए आगे खेलना मुश्किल होता। जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन में 11वां और कुल 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में थे। उनके और ज्वेरेव के बीच एकमात्र सेट एक घंटे 20 मिनट तक चला।

# पीएलआई स्कीम का असर : भारत स्मार्टफोन निर्यात में दूसरे स्थान पर

**- चार साल पहले 14वें स्थान पर था**



**नई दिल्ली ।**

प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के अद्भुत प्रभाव के बाद भारत ने स्मार्टफोन निर्यात में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। केंद्रीय रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि अब स्मार्टफोन देश के निर्यात के मामले में दूसरे स्थान पर है। यह चार साल पहले 14वें स्थान पर था, जो स्कीम के फलस्वरूप हुआ है। वैष्णव ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से इसकी सराहना की और कहा कि पीएलआई स्कीम ने भारत की प्रतिस्पर्धा क्षमता में इजाफा किया है। इसके साथ ही, इस स्कीम से सम्बंधित इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। देश में इकोसिस्टम की तेजी से विकास की ओर कदम बढ़ रहा है और यह सेक्टर विश्वस्तरीय उत्पादों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार है। स्मार्टफोन के साथ-साथ भारत के टॉप-5 निर्यातों में मोटर वाहन डीजल ईंधन, विमानन ईंधन, हीरे और मोटर गैसोलीन शामिल हैं। सरकार ने पीएलआई स्कीम के तहत कंपनियों को वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में 1,600 करोड़ रुपये का इंसेंटिव प्रदान किया है, जिसमें से बड़े स्तर पर इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग कर रही कंपनियों को 964 करोड़ रुपये मिले हैं। देश के इलेक्ट्रॉनिक निर्यात में वृद्धि के बाद आशा है कि सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट्स के शुरू होने से और भी उत्साह भरी गति से इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में तेजी आएगी।

# सीसीपीए ने ओली और उबर को जारी किया नोटिस


**एक ही जगह के लिए एंड्रायड और आईओएस पर अलग-अलग किराया दिखाने का मामला**




**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने ओला और उबर जैसी कैब एग्रीगेटर कंपनियों के लिए एंड्रायड और आईओएस प्लेटफ़ार्म पर अलग-अलग किराया दिखाने पर केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने नोटिस जारी किया। ग्राहकों के मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम के आधार पर मूल्य निर्धारण करने को लेकर स्पष्टीकरण की मांग की गई है। प्राधिकरण ने इस प्रैक्टिस को स्पष्ट रूप से अलग-अलग मूल्य निर्धारण के रूप में वर्णित किया है और उद्यमों से संभावित भेदभाव को हटाने की गुहार दी है। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने इस निर्देश के माध्यम से सभी स्थितियों में उपयुक्त और सरल समाधान की दिशा में कदम उठाने की आशा व्यक्त की है। केंद्र सरकार ने कैब एग्रिग्रेटर ओला और उबर से एंड्रायड और आईओएस पर एक ही जगह के लिए अलग-अलग किराया दिखाए जाने को लेकर नोटिस जारी किया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने सवारी बुक करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मोबाइल डिवाइस के आधार पर कथित रूप से अलग-अलग मूल्य निर्धारण की रिपोर्ट पर स्पष्टीकरण मांगा है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) की ओर से यह कार्रवाई उन रिपोर्टों के बाद की गई है, जिनमें कहा गया था कि ओला और उबर एक ही जगह के लिए अलग-अलग किराया वसूलते हैं। यह इस बात पर निर्भर करता है कि यूजर आईफोन से बुक कर रहा है या एंड्रॉइड डिवाइस से बुकिंग कर रहा है। सीसीपीए ने दोनों कंपनियों से अपने मूल्य निर्धारण के तरीकों को स्पष्ट करने और संभावित भेदभाव की चिंताओं को दूर करने के लिए कहा है।

# ट्राई के आदेश का असर, जिओ ने वॉयस और एसएमएस वाले प्रीपेड प्लान को उतारा




**नई दिल्ली ।**

एयरटेल की ओर से हाल ही में सस्ते प्लान लाए गए थे। अब इसी क्रम में जियो ने कदम आगे बढ़ाया है। जिओ ने वॉयस और एसएमएस वाले प्रीपेड प्लान को मार्केट में उतारा है। ट्राई की तरफ से टेलीकॉम कंपनियों को इसतरह प्लान लाने के लिए कहा गया था। ट्राई ने कहा था कि यूजर्स को स्पेशल टेरिफ वाउचर लाने चाहिए। इसतरह के प्लान में यूजर्स को वॉयस और एसएमएस बेनिफिट्स मिलने चाहिए।

जिओ ने 458 का प्लान लाया है। ये एंट्री लेवल प्लान है, इसमें यूजर्स को अनलिमिटेड वॉयस कॉल्स और 1 हजार एसएमएस की सुविधा दी जा रही है। इस प्लान की वैलिडिटी 84 दिनों की मिलती है। साथ में यूजर्स को सब्सक्रिप्शन बेनिफिट्स भी मिलते हैं। यानी यूजर्स अगर ये प्लान खरीदते हैं, तब साथ में उन्हें जियो टीवी, जियो सिनेमा और जियो क्लाउड मिलने वाला है। पहले ये प्लान 479 का आता था और इसमें वॉयस और एसएमएस के साथ 6जीबी डेटा दिया जाता था। अब प्लान को अपडेट करने के बाद 21 रुपए सस्ता कर दिया गया है, लेकिन इसमें डेटा बेनिफिट्स को भी हटाया गया है।

जिओ की तरफ से 1958 का प्लान भी लाया गया है। इसकी वैलिडिटी 365 दिनों की मिलती है। यूजर्स को प्लान में अनलिमिटेड वॉयस कॉल्स और 3,600 एसएमएस भी दिए जाते हैं। इसके साथ आपकों जियो एप का सब्सक्रिप्शन भी दिया जाएगा। इसमें जियो टीवी, जियो सिनेमा और जियो क्लाउड को भी शामिल किया गया है। वैल्यू ऑफरिंग के तहत ये प्लान जियो ने वेबसाइट पर लिस्ट किया है। इससे पहले जियो की तरफ से ये प्लान 1899 की कीमत में था। इसकी वैलिडिटी 336 दिनों की मिलती है। प्लान में अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग, 3600 एसएमएस, 6जीबी डेटा दिया जाता है। प्लान अपडेट करने के बाद जियो ने कीमत को 59 रुपए महंगा कर दिया है, लेकिन इसमें डेटा को हटाकर वैलिडिटी को 29 दिनों के लिए बढ़ा दिया है।

# पेट्रोल-डीजल बिहार सहित कई राज्यों में हुआ सस्ता

**नई दिल्ली ।**

सरकारी तेल कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें जारी कर दी हैं। शुक्रवार को कई राज्यों में तेल के दाम नीचे दिख रहे। इसकी वजह ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट है। ब्रेंट क्रूड का भाव एक बार फिर 80 डॉलर से नीचे जाता दिख रहा है, जिसका असर घरेलू बाजार में खुदरा कीमतों पर भी दिखा. हालांकि, दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं दिख रहा है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार, हरियाणा की राजधानी गुरुग्राम में आज पेट्रोल 18 पैसे सस्ता होकर 94.99 रुपये लीटर बिक रहा है। डीजल भी 18 पैसे गिरा और 87.84 रुपये लीटर पहुंच गया है। बिहार की राजधानी पटना में भी पेट्रोल 35 पैसे सस्ता होकर 105.23 रुपये लीटर तो डीजल 33 पैसे गिरकर 02.09 रुपये लीटर बिक रहा है। राजस्थान की राजधानी जयपुर में पेट्रोल 19 पैसे चढ़कर 104.91 रुपये लीटर पहुंच गया, जबकि डीजल 17 पैसे महंगा होकर 90.21 रुपये लीटर बिक रहा है। कच्चे तेल की बात करें तो बीते 24 घंटे में इसकी कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 78.29 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई भी उछाल के साथ 74.27 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है। इन शहरों में बदल गए रेट- गुरुग्राम में पेट्रोल 94.99 रुपये और डीजल 87.84 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 105.23 रुपये और डीजल 92.09 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

जयपुर में पेट्रोल 104.91 रुपये और डीजल 90.21 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# होम सिक्योरिटी सॉल्यूशन में 53 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने उन्नत तकनीक को प्राथमिकता दी

**- वर्ष 2027 तक तीसरा सबसे बड़ा डोमेस्टिक ट्रैवल मार्केट बनने की संभावना**

**नईदिल्ली ।**

जब राष्ट्रीय पर्यटन दिवस नजदीक आ रहा है, तो गोदरेज एंटरप्राइज ग्रुप के सुरक्षा समाधान व्यवसाय ने एक हैप्पीनेस सर्वे आयोजित किया जिसमें प्राप्त हुए नतीजे दिखा रहे हैं कि 53 फीसदी ग्राहक आधुनिक होम सिक्योरिटी सॉल्यूशन में उन्नत तकनीक को प्राथमिकता दे रही हैं। यह सर्वे दर्शाता है कि सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट और अभिनव उपायों की मांग तेजी से बढ़ रही है। पर्यटन के अमूल्य योगदान की बात करते हुए, राष्ट्रीय पर्यटन दिवस ने भी दर्शाया है कि भारत का पर्यटन उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है और वर्ष 2027 तक तीसरा सबसे बड़ा डोमेस्टिक ट्रैवल मार्केट बनने की संभावना है। केवल 2024 में ही इस क्षेत्र ने विदेशी मुद्रा में 25,010 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व उत्पन्न किया है। इस उन्नति के साथ, यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं भी बढ़ रही हैं। एक अलग सर्वे में पाया गया है कि 50 फीसदी गृहस्वामी उपयोग में आसानी को प्राथमिकता देते हैं, जबकि 44 फीसदी घर के मालिक मानते हैं कि विश्वसनीयता ही सबसे महत्वपूर्ण है। इससे स्पष्ट है कि लोग सुरक्षा में उन्नति की मांग कर रहे हैं और समाधानों की खोज में हैं जो उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करने में मदद करें। इस परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए गोदरेज एंटरप्राइज ग्रुप के सुरक्षा समाधान व्यवसाय के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि सुरक्षा समाधानों की उच्च मांग ने उन्हें ग्राहकों के लिए उत्कृष्ट समाधान उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने गोदरेज की प्रतिबद्धता और योजना की महत्वपूर्णता को भी जाहिर किया कि लोगों को सुरक्षित रखने में मदद करना हमारी प्राथमिकता है।

## 2025 की शुरुआत में मिड और स्मॉलकैप स्टॉक्स का बुरा हाल

**नई दिल्ली ।**

2025 की पहली तिमाही ने मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स के लिए कमर कस ली है। इन इंडेक्स ने अब तक बेंचमार्क निफ्टी 50 से कमजोर प्रदर्शन किया है। मिडकैप 150 इंडेक्स ने 2025 में करीब 7 फीसदी की गिरावट दर्ज की है, जबकि स्मॉलकैप 250 इंडेक्स करीब 9 फीसदी गिर चुका है। निफ्टी 50 इंडेक्स भी इसी अवधि में लगभग 2 फीसदी कमजोर हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि बाजार में दो अहम ट्रेंड्स नजर आ रहे हैं। पहला ट्रेंड है संस्थागत गतिविधियां, जहां फरेन इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर्स बिकवाली कर रहे हैं और डोमेस्टिक इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर्स खरीदारी कर रहे हैं। दूसरा ट्रेंड है क्वालिटी की ओर रुझान, जहां लार्जकैप स्टॉक्स मजबूत हैं जबकि ब्रॉडर मार्केट कमजोर हो रहा है। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हालिया गिरावट ने लंबे समय की तेजी को ठहराया है। एक्सपर्ट्स कह रहे हैं कि इनके वैल्यूएशन महंगे हो चुके हैं और आगे भी सुधार की संभावना कम है। इसके बजाय, लार्जकैप शेयरों पर ध्यान देने की सलाह दी जा रही है।



## क्रिप्टोकरेंसी घोटाले में फंसी पेटीएम, ईडी की जांच के घेरे में आई

**मुंबई ।** डिजिटल भुगतान की दिग्गज कंपनी पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस` क्रिप्टाकरेंसी घोटाला मामले में ईडी की जांच के घेरे में आ गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच के दायरे में आने की खबर के बाद पेटीएम का स्टॉक भारी गिरावट के साथ ट्रेड कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार पेटीएम उन आठ पेमेंट गेटवे कंपनियों में शामिल है, जिनके खिलाफ ईडी ने जांच शुरू की है। इन कंपनियों के वर्चुअल अकाउंट्स में करीब 500 करोड़ रुपए की राशि को ईडी ने फ्रीज कर दिया है। यह कार्रवाई चीनी नागरिकों द्वारा चलाए जा रहे कथित क्रिप्टोकरेंसी घोटाले में इन कंपनियों की संभावित संलिप्तता के चलते की गई है। आरोप है कि चीन के इन नागरिकों ने एचपीजेड टोकन ऐप के जरिए 20 राज्यों में हजारों लोगों को झांसे में लेकर 2200 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि जुटाई। ईडी ने इस घोटाले में पेटीएम समेत अन्य कंपनियों की भूमिका की जांच शुरू की है। इस खबर के बाद पेटीएम का स्टॉक शुक्रवार को 849.95 रुपए पर खुलने के बाद लगभग 9 फीसदी गिरकर 773.05 रुपए के निचले स्तर पर पहुंच गया।

## कल्पतरु प्रोजेक्ट्स को मिले 2,038 करोड़ के ठेके

**नई दिल्ली ।** कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड (केपीआईएल) ने अपनी अंतरराष्ट्रीय अनुषंगी कंपनियों के साथ मिलकर 2,038 करोड़ रुपये के नए ठेके हासिल करने की शुक्रवार को जानकारी दी। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार नए ठेके भारत और विदेशी बाजारों में पारेषण एवं वितरण कारोबार के साथ-साथ भारत में निर्माण परियोजनाओं में हैं। केपीआईएल के एक अे धिकारी ने कहा कि इन नए ठेकों के साथ हमारे ठेके वार्षिक आधार पर 19,361 करोड़ रुपये तक पहुंच गए है, जो व्यापार दृश्यता में उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। केपीआईएल सबसे बड़ी विशेषीकृत ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद व निर्माण) कंपनियों में से एक है। यह वर्तमान में 30 से अधिक देशों में परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रहा है। वैश्विक स्तर पर 75 देशों में इसकी उपस्थिति है।

## जीएसटी टैक्सः छोटे आय वाले मिस्त्री को 1.96 करोड़ का टैक्स नोटिस

**- सुनील के नाम पर 11 कंपनियां हो रही हैं संचालित**

**अहमदाबाद ।**




गुजरात के पाटन जिले से जीएसटी से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। अहमदाबाद में मिस्त्री का काम करने वाले सुनील सथवारा को बेंगलुरु जीएसटी विभाग से 1.96 करोड़ रुपये का टैक्स नोटिस मिला। महज 16-17 हजार रुपये की मासिक आय से परिवार चलाने वाले सुनील के लिए यह नोटिस किसी बड़े सदमे से कम नहीं था। जांच में यह खुलासा हुआ कि सुनील के नाम पर 11 कंपनियां संचालित हो रही हैं, जो देश के अलग-अलग राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और अंडमान निकोबार में पंजीकृत हैं। यह भी पाया गया कि इन कंपनियों के पंजीकरण के लिए सुनील के नकली आधार और पैन कार्ड का उपयोग किया गया था। टैक्स नोटिस मिलने के बाद सुनील ने वकील से संपर्क किया और दस्तावेजों की जांच कराई। फर्जी दस्तावेजों के उपयोग का पता चलने पर उन्होंने गृह विभाग और क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई। सुनील का कहना है कि उनके दस्तावेजों का दुरुपयोग कर यह रैकेट संचालित किया गया है। मामले की जांच गांधीनगर सीआईडी क्राइम के हवाले की गई है। जांच के बाद यह स्पष्ट होगा कि यह रैकेट किसने चलाया, असली आरोपी कौन है और उसका मकसद क्या था। यह घटना आधार और पैन कार्ड से जुड़ी सुरक्षा खामियों और फर्जीवाड़े को उजागर करती है। संबंधित विभागों से अपील की जा रही है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कठोर कदम उठाए जाएं।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद




**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आयी है। इसके साथ ही देसी कंपनियों के दिसंबर तिमाही परिणामों को लेकर चिंता की वजह से भी दोनों प्रमुख इंडेक्स लगातार नीचे आये हैं। इसके साथ ही एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसे दिग्गज कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली ने भी बाजार टूटा है।

दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स सेंसेक्स 329.92 अंक करीब 0.43 फीसदी की गिरावट के साथ ही 76,190.46 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी आज उतार-चढ़ाव के बाद अंत में 113.15 अंक तकरीबन 0.49 फीसदी नीचे आकर 23,092 पर बंद हुआ।

जानकारों के अनुसार आज बाजार में गिरावट का कारण विदेशी निवेशकों की बिकवाली का सिलसिला जारी रहने से आया है। इसके अलावा। विदेशी निवेशकों ने घरेलू बाजारों से 5,462 करोड़ रुपये की इक्विटी बेचीं। जिससे भी बाजार नीचे आया है।

इसके साथ ही देसी कंपनियों के दिसंबर तिमाही के परिणामों के उम्मीद से कम रहने की वजह से बाजार सेंटीमेंट प्रभावित हुआ है। इसकी वजह से दोनों प्रमुख इंडेक्स लगातार तीसरी बार गिरावट पर बंद हुए। एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसे हैवीवेट शेयरों में मुनाफावसूली से भी बाजार फिसला है।

वहीं गत दिवस बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह बाजार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ खुले। एशिया बाजार शुक्रवार सुबह तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं, जो वॉल स्ट्रीट की मजबूती का असर है। कामकाज शुरू होने पर बीएसई का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 33.14 अंक उछलकर 76,553.52 अंक पर खुला। वहीं निफ्टी ने भी 7.80 अंक बढ़कर 23,213.15 अंक पर अपने कारोबार की शुरुआत की। वहीं एशिया बाजार में शुक्रवार को तेजी देखने को मिल रही है। अमेरिकी बाजारों में एसएंडपी 500 ने 0.53 फीसदी की बढ़त के साथ 6,118.71 पर बंद होकर लगातार दूसरे सत्र में ऑल-टाइम हाई बनाया। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 0.92 फीसदी बढ़कर 44,565.07 पर पहुंच गया, जबकि नैस्डैक कंपोजिट 0.22 फीसदी बढ़कर 20,053.68 पर बंद हुआ।

## अरविंद स्मार्टस्पेसेज ने टाउनशिप बनाने के लिए किया संयुक्त विकास समझौता

**- 92 एकड़ की टाउनशिप विकसित करेगा, 1,500 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य**

ARVIND SMARTSPACES

**नई दिल्ली ।** भूमि विकास के क्षेत्र में अपनी अद्वितीय पहचान बनाने वाली अरविंद स्मार्टस्पेसेज लिमिटेड ने शुक्रवार को 92 एकड़ में टाउनशिप बनाने के लिए संयुक्त विकास समझौता किया है। इस गृहप्रशासन निर्माण परियोजना से उन्हें 1,500 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल होने की उम्मीद है। अरविंद स्मार्टस्पेसेज के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने इस महत्वपूर्ण समझौते पर विचार किया है। उन्होंने कहा कि हमें मुंबई रियल एस्टेट बाजार में प्रवेश की इस अद्भुत संभावना के लिए बहुत खुशी है। यह हमारी विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अहम समझौते के तहत टाउनशिप के निर्माण के लिए सच डेवलपर्स के साथ साझेदारी की जा रही है। इस ताजी भूमि विकास योजना का कुल अनुमानित क्षेत्रफल 92 एकड़ है और इससे कुल 1,500 करोड़ रुपये की आय होने की उम्मीद है। यह सहायक संयुक्त विकास मॉडल के तहत योजनाबद्ध है, जो 70.5 प्रतिशत राजस्व हिस्सेदारी को शामिल करता है। अरविंद स्मार्टस्पेसेज 2008 में स्थापित हुई अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर कंपनी में से एक है, जिसने भारतीय निवेशदाताओं के लिए नए अवसरों का संवाहन किया है।

# अमेजन वेब सर्विसेज भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ाने में निवेश करेगा महाराष्ट्र




**मुंबई ।**

अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) ने भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ाने के लिए महाराष्ट्र में 8.3 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की योजना की घोषणा की। अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) ने भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ाने के लिए महाराष्ट्र में एडब्ल्यूएस एशिया-प्रशांत (मुंबई) क्षेत्र में क्लाउड बुनियादी ढांचे में 8.3 अरब अमेरिकी डॉलर याने करीब 72 हजार करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना की घोषणा की है। यह निवेश एडब्ल्यूएस के 2030 तक भारत के लिए 12.7 अरब अमेरिकी डॉलर याने 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपये के बड़े नियोजित निवेश का हिस्सा है, जिसकी घोषणा मई 2023 में की गई थी। अमेजन की क्लाउड कंप्यूटिंग इकाई ने कहा कि एडब्ल्यूएस ने भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग क्षमता का और विस्तार करने के लिए महाराष्ट्र में एडब्ल्यूएस एशिया-प्रशांत (मुंबई) क्षेत्र में क्लाउड के बुनियादी ढांचे में 8.3 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की अपनी योजना की घोषणा की। अनुमान है कि इस निवेश से भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 15.3 अरब अमेरिकी डॉलर का योगदान होगा। स्थानीय डेटा सेंटर आपूर्ति श्रृंखला में 2030 तक सालाना 81,300 से अधिक पूर्णकालिक नौकरियां सृजित होंगी। एडब्ल्यूएस ने 2016 से 2019 के बीच महाराष्ट्र में क्लाउड के बुनियादी ढांचे में 3.7 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश किया है। महाराष्ट्र सरकार और एडब्ल्यूएस ने निवेश योजना को औपचारिक रूप देने के लिए दावोस में विश्व आर्थिक मंच पर एक समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा, 'जैसा कि हम डेटा सेंटर के लिए वैश्विक राजधानी बनने के अपने दृष्टिकोण की ओर बढ़ रहे हैं। यह सहयोग न केवल हमारे राज्य के प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा, बल्कि नवाचार, आर्थिक वृद्धि और रोजगार सृजन के नए अवसर भी उत्पन्न करेगा।

## पतंजलि की लाल मिर्च फिर शक के दायरे में

**- फूड अथॉरिटी ने पूरा बैच वापस मंगाया**




**नई दिल्ली ।** पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने कहा कि खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने कंपनी को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने को लेकर एक विशेष बैच की पैक की गई लाल मिर्च पाउडर को वापस मंगाने का निर्देश दिया है। कंपनी ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने इस संबंध में 13 जनवरी को एक आदेश जारी किया था। कंपनी ने कहा, खाद्य सुरक्षा नियामक ने पतंजलि फूड्स को निर्देश दिया है कि वह पूरे बैच (बैच नंबर - एजेडी2400012) की पैक की गई लाल मिर्च पाउडर को वापस मंगाए, क्योंकि यह खाद्य सुरक्षा और मानक विनियम, 2011 का पालन नहीं करता है। 1986 में स्थापित बाबा रामदेव के नेतृत्व वाली पतंजलि आयुर्वेद समूह की कंपनी, पतंजलि फूड्स (पूर्व में रुचि सोया) भारत की शीर्ष एफएमसीजी कंपनियों में से एक है। कंपनी खाद्य तेल, खाद्य और एफएमसीजी और पवन ऊर्जा उत्पादन क्षेत्रों में सक्रिय है। यह पतंजलि, रुचि गोल्ड, न्यूट्रेला आदि ब्रांडों के तहत उत्पाद बेचती है।



# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 'युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली-संजय' के देखालयं हरियर झंडी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 24 जनवरी, 2025 के साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली से 'संजय - युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली (बीएसएस)' के हरियर झंडी देखालयं। संजय एगो स्वचालित परनाली आहे, जे सउब जमीनी आउर हवाई जुद्धछेतर सेंसर से जानकारी के एकीकृत करेला। उनकर सत्यता कर पुष्टि करेक ले उनके संसाधित करेला। दोहराव के रोकेला। उनके सुरछित सेना डेटा नेटवर्क आउर सैटेलाइट संचार नेटवर्क में जुद्धछेतर कर निगरानी परिदृस बनाएक ले संबद्ध करेला। यह युद्धक्षेत्र कर पारदरसिता के बढ़ाई आउर एगो केंद्रीकृत वेब एप्लिकेसन कर माध्यम से भविस कर जुद्धछेतर में बदलाव करी जे कमांड आउर सेना मुख्यालय आउर भारतीय सेना निरनय परनाली के जानकारी परदान करी।

बीएसएस अत्याधुनिक सेंसर आउर अत्याधुनिक एनालिटिक्स से लैस आहे। ई लंबी भूमि सीमा कर निगरानी करी, घुसपैठ के रोकी, अद्वितीय सटीकता कर संगे इस्थिति कर आकलन करी आउर खुफिया, निगरानी आउर टोही में अहम भूमिका निभावी। ई कमांडरमन के नेटवर्क केंद्रित बातावरन में पारंपरिक आउर उप-पारंपरिक दुईयों किसिम कर ऑपरेसन में काम करेक में सछम बनावी। इकर समावेश भारतीय सेना में डेटा आउर नेटवर्क केंद्रितता कर दिसा में एगो बड़ छलांग होवी।

संजय के भारतीय सेना आउर भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) कर द्वारा स्वदेसी रूप से आउर संजुक्त रूप से बिकसित करल जाय हे। ई भारतीय सेना कर 'प्रौद्योगिकी समावेश वर्ष' कर अनुसरण में 'आत्मनिर्भरता' प्राप्त करेक कर दिसा में एगो अनुकूल पारिस्थितिकी परनाली बनात हे। मार्च से अक्टूबर 2025 तक तीन चरन में ई परनालीमन के भारतीय सेना कर सउब परिचालन ब्रिगेड, डिवीजन आउर कोर में सामिल करल जाई, जेके रक्षा मंत्रालय में 'सुधारों का वर्ष' घोसित करल जाय हे। 2,402 करोड़ रुपया कर लागत से ई परनाली के किनल (भारतीय) श्रेनी कर तहत बिकसित करल जाय हे।

ई अवसर में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यछ जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, सचिव (रक्षा उत्पादन) संजीव कुमार, बीईएल कर अध्यछ आउर प्रबंध निदेसक मनोज जैन आउर रक्षा मंत्रालय आउर बीईएल कर आउरों बरिसठ अधिकारी उपस्थित रहयं।



## रास्ट्रीय मतदाता दिवस उपरे डीसी सउब करमीमन के देवालयं सपथ



**लोहरदगा।** रास्ट्रीय मतदाता दिवस के लेइ के कार्जकरम कर आयोजन समाहरणालय परिसर में सुकरवार के करल गेलक। कार्जकरम कर उद्घाटन उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण कर जरिये दीप प्रज्जवलित कइर के करल गेलक। इकर बाद उपायुक्त कर जरिये सउब पदाधिकारीमन, करमीमन आउर मतदाताम के मतदाता कर रूप में सउब निर्वाचन में मताधिकार कर प्रजोग करेक कर प्रतिज्ञा दिलालयं।

कार्जकरम में 18 बछर कर उमर पूरा करेक कर बाद मतदाता सूची में नाच जुड़ेक से नवा मतदातामन, अंदिता भट्टाचार्य, आलिया नाज, लक्ष्मी कुमारी, अनामिका भुईंया, प्राची कुमारी, रामकिशोर कुजूर के मतदाता पहचान पत्र उपायुक्त कर जरिये परदान करल गेलक। 85 बछर से बेसी उमर कर मतदाता कृष्णा खलखो आउर शांति देवी के सम्मानित करल गेलक। कार्जकरम में नौ सहायक निर्वाची पदाधिकारी, नौ बीएलओ, सात बीएलओ सुपरवाइजर, उप निर्वाचन पदाधिकारी कार्जालय कर 11 गो करमीमन आउर 3 गो हेल्प डेस्क मैनेजर के प्रससि्त-पत्र देइ के सम्मानित करल गेलक।

कार्जकरम में आइटीडीए परिजोजना निदेसक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर संगे सउब संबंधित पदाधिकारी आउर बड़ संख्या में मतदाता उपस्थित रहयं।

## स्पंदन मनालक नेताजी सुभाष जयंती कल्चरल प्रोग्राम भी होलक आयोजित

**धनबाद।** समाजसेवी संस्था आउर कल्चरल ग्रुप स्पंदन धनबाद न्यू कॉलोनी, सरायढेला दुर्गा मंदिर कर हॉल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस कर जयंती मनालक। संस्था कर सदस्यमन एक-एक कइर के नेताजी सुभाष बोस कर चित्र में माल्यार्पन करलयं। फिर कल्चरल प्रोग्राम सुरू होलक। इकर में कविता पाठ, गीत, वाद्य यंत्र आउर नृत्य प्रस्तुत करल गेलक। पूरा कार्जकरम में देसभक्ति कर झलक देखेक ले मिललक। कार्जकरम में सउब बर्ग कर पुरुस, महिला आउर छउवामन भाइग लेलयं।




कार्जकरम में स्पंदन कर अध्यछ मनोज मजूमदार, सचिन बरनाली सेनगुप्ता, अरबिंदो बनर्जी, नीलकमल खवास, लीलामय गोस्वामी, बबलू गांगुली, लीसा चौधरी, स्वाति गुप्ता, सीमा भट्टाचार्य, शुभाशीष गुप्ता, प्रणब हालदार, रिशान सेनगुप्ता, कुशन सेनगुप्ता, देवराज चौधरी, अरबी आउर माला राय रंगारंग कार्जकरम प्रस्तुत करलयं।

## बालिका दिवस में 'पहिले पढ़ाई फिर बिदाई' कर लेवल गेलक संकल्प



**भागलपुर।** जिला कर जगदीशपुर इस्थित कस्तूरबा गांधी बालिका बिद्यालय में रास्ट्रीय बालिका दिवस में सुकरवार के पहिले पढ़ाई फिर बिदाई कर संकल्प कर संगे कार्जकरम आयोजित करल गेलक। ई अवसर में छात्रामन कर द्वारा प्रस्तुत करल गेल चित्रांकन, निबंध, भासन आउर सांस्कृतिक कार्जकरम देइख के आवल अभिभावक परसंसा करते बिद्यालय बेबस्था उपरे संतोस ब्यक्त करलयं।

बिद्यालय कर संचालक आशुतोष चन्द्र मिश्र आवल अभिभावक के छात्रामन के मिलेक वाला सुबिधा से अवगत करालयं आउर आग्रह करलयं कि छात्रामन के सत् प्रतिसत उपस्थिति सुनिश्चित करेक में आपने सउब सहजोग करते रहु। ई कार्जकरम में वार्डेन सपना कुमारी, सिछिका शारिका निगार, फूल कुमारी, कर्मी राजकिशोर, रिंकु, वृंदा, सुशीला छात्रा अंजलि, प्रियम, राधा, सृष्टि, फूल, करिश्मा , रोशनी, राजनंदिनी संगे सउब छात्रामन आउर दर्जनों अभिभावक उपस्थित रहयं।

## सीएमपीडीआई कर निदेसक छात्रमन के प्रमान-पत्र परदान करलयं

**रांची।** सीएमपीडीआई निगमित सामाजिक दायित्व कर अंतर्गत बित्त बछर 2023-25 कर दौरान नव-भारत जागृति केन्द्र (एनबीजेके) कर अधीन संचालित लोक नायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) पारा मेडिकल इंस्टीच्यूट, चैपारण, हजारीबाग कर 20 गो छात्र-छात्रामन के ऑफ्थाल्मिक असिस्टेंट प्रोग्राम कर तहत 2 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स करेक कर सहजोग प्रदान करल गेलक। कोर्स पूरा करेक कर बाद 24 जनवरी के सीएमपीडीआई कर निदेसक (तकनीकी/पीएंडडी/ईएस) अजय कुमार छात्र-छात्रामन के पाठ्यक्रम समापन प्रमान-पत्र परदान करलयं। ई अवसर में सीएमपीडीआई कर महाप्रबंधक (एचआरडी/सीएसआर) आरके महापात्रा आउर एनबीजेके कर सचिव सतीश गिरिजा उपस्थित रहयं।

ई अवसर में श्री कुमार कहलयं कि ई 'पहल' ग्रामीन जुवामन ले उच्च सिछा कर अवसर कर समर्थन करेक, उनके सार्थक कैरियर बनाएक आउर समाज में जोगदान करेक में कुसल आउर सछम बनाएक कर सीएमपीडीआई कर प्रतिबद्धता के दरसायला।




इकर अतिरिक्त, बित्त बछर 2024-26 कर दरम्यान सीएमपीडीआई कर सीएसआर परिजोजना कर तहत 20 से बेसी छात्र-छात्रामन के लोक नायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) पारा मेडिकल इंस्टीच्यूट में ऑफ्थाल्मिक असिस्टेंट में डिप्लोमा कोर्स करेक कर सहजोग परदान करल जात हे। ई पहल महिलामन संगे आर्थिक रूप से वंचित जुवामन उपरे सकारात्मक परभाव डाइल हे, जे अब रोजगार इया आत्मनिर्भरता कर माध्यम से झारखंड राइज में नेत्र देखभाल पेसेवरमन कर कमी के पूरा करत हयं।

## सेटेलाइट कॉलोनी में मनलक सेल स्थापना दिवस, ढेइरे कार्जकरम कर आयोजन

**रांची।** सेल रांची इकाइ सेल सेटेलाइट कॉलोनी में सेल स्थापना दिवस बड़ उत्साह आउर भब्यता कर संगे मनालक। ई अवसर में ईडी (सीईटी) एसके वर्मा, ईडी (एसडीटीडी) वेदप्रकाश, ईडी (आरडीसीआईएस) संदीप कुमार कर, कार्यवाहक ईडी (एमटीआई) संजय धर आउर अन्य सीजीएम, करमचारी, उनकर परिवार आउर मित्र उपस्थित रहयं।

सउबसे पहिले रन फॉर सेल में सउब करमचारीमन के आपन आउर कंपनी कर स्वास्थ्य फिट आउर ठीक राखेक कर सपथ देवाल गेलक। इकर बाद सेल करमचारीमन कर छउवामन के छात्रवृत्ति पुरस्कार बितरित करल गेलक। ई पुरस्कारमन के प्राप्त करेक वाला छउवामन में रौनक जैन, नव्याकृति, सक्षम कुमार, कुशाग्र, एम वर्मा, श्यामंतक मिश्रा आउर वैष्णवी कुमारी सामिल रहयं।






श्यामली कॉलोनी में 5 किलोमीटर कर दौड़ 10 गो बिभिन्न श्रेनी ले रहे जे. मोयलन आउर ए.के. जेना, पूर्ब करमचारी त्रिवेंद्रम से आलयं। उनके पूर्ब करमचारी श्रेनी में दूसर अस्थान मिललक। बिभिन्न 10 गो श्रेनी में सिर्स धावक लक्ष्मण कुमार, सीमा यादव, बेन्सी बी.के., प्रभा देवी, तान्या श्रीहर्ष, श्रेयश रॉय, शांभवी सौम्या, सुखधाम टोप्पो, अबधेश प्रसाद आउर गर्वित यादव रहयं।

ई बिजेतामन के कार्जकारी निदेसक कर द्वारा सम्मानित करल गेलक। पुरुस प्रतिभागीमन में सर्वश्रेसठ समय श्रेयश रॉय द्वारा 30 मिनट आउर महिला प्रतिभागीमन में तान्या श्रीहर्ष कर द्वारा 44 मिनट रहे।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेश प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com